

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

■ रायपुर,गुरुवार 25 अप्रैल 2024 ■ बैसाख कृष्ण पक्ष-2 ■ वर्ष- 40 ■ अंक-027 ■ पृष्ठ-8 ■ डाक संस्करण 26 अप्रैल 2024 ■ मूल्य 1.00 रु.

E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in
Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
Twitter - Tchhattisgarh36
Instagram -tarunchhattisgarh.raipur
phone: 0771-2543112







## संक्षेप

### एक्सीडेंटल फायर में डीआरजी जवान की मौत

**दंतेवाड़ा 25 अप्रैल।** दंतेवाड़ा-नारायणपुर के सीमावर्ती इलाके में नक्सल गश्त सर्चिंग के दौरान दुर्घटनावश गोली चलने से डीआरजी दंतेवाड़ा के 1 जवान की मौत हो गयी, जबकि 1 जवान घायल हो गया। जानकारी के मुताबिक दंतेवाड़ा जिले के, थाना बारसूर क्षेत्रान्तर्गत हांदावाडा, हितावड़ा क्षेत्र में सशस्त्र माओवादियों की उपस्थिति की सूचना पर दंतेवाड़ा एवं नारायणपुर के सीमावर्ती क्षेत्र में डीआरजी एवं बस्तर फाइटर्स दंतेवाड़ा की संयुक्त टीम नक्सल गश्त सर्चिंग अभियान में निकली थी। इसी दौरान नक्सल गश्त सर्चिंग के दौरान रात लगभग 1100 बजें दुर्घटनावश गोली चलने से डीआरजी दंतेवाड़ा के आरक्षक जोगराज कर्मा व आरक्षक परसूराम अलामी घायल हो गए । रेस्क्यू के दौरान एक घायल आरक्षक जोगराज कर्मा की अत्याधिक रक्त स्त्राव हो जाने से मृत्यु हो गई एवं घायल आरक्षक परसूराम अलामी का प्राथमिक उपचार कर बेहतर ईलाज हेतु एयरलिफ्ट कर रायपुर रवाना किया गया।

### खूंटाघाट डेम में डूबी नाव, युवक लापता

**बिलासपुर,25 अप्रैल.** जिले के रतनपुर स्थित खूंटाघाट डेम में बुधवार शाम मछली पकड़ने गए 2 मछुवारों की नाव देर शाम आई आंधी की चपेट में आ गई और नाव अनियंत्रित होकर पलट गई, इस दौरान नाव में सवार दोनों मछवारो की जान पर बन आई, जिसमें से एक युवक तो तैरकर डेम से बाहर आ गया लेकर दूसरे युवक का पता नही चल पाया है। घटना की सूचना पर रतनपुर पुलिस एसडीआरएफ की टीम की साथ देर रात तक रेस्क्यू ऑपरेशन में जुटी थी लेकिन घटना के 12 घण्टे बाद सुबह तक युवक का पता नही चल पाया था। गौरतलब है कि बुधवार की शाम मछली पकड़ने राहुल कैवर्त और पंकज कैवर्त एक नाव में डेम के अंदर गए थे, तभी मौसम बिगड़ने की वजह से तेज आंधी तूफान शुरू हो गई और उनकी नाव उसकी चपेट में आ गई, जिससे अनियंत्रित नाव पलट गई। इससे दोनों युवकों की जान पर बन आई दोनों नाव से गिरते ही जान बचाने पानी से बाहर निकलने कोशिश करने लगे, किसी तरह राहुल कैवर्त तो बाहर निकल आया लेकिन पंकज लापता है, जिसकी तलाश की जा रही है।

### ट्रक के पिछले हिस्से में घुसी बाइक,एक की मौत

**दल्लीराजहरा,25 अप्रैल.** में नेशनल हाईवे 930 में कुसुमकसा से डौंडी के बीच एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ. इस हादसे में ट्रक के पिछले हिस्से में बाईक का चक्का घुस गया और आधी बाईक फंस गई. इस मार्ग में दो सड़क हादसे हुए जिसमें घटना स्थल पर एक की मौत हो गई. पुलिस के मुताबिक इस हादसे में बीएसपी में ठेका श्रमिक के रूप में सुरक्षा गार्ड की ड्यूटी करने वाले अरमूरकसा निवासी सुमन लाल (48 वर्ष) की मौत हो गई. वह ड्यूटी के बाद अपने मोटरसाइकिल से अपने घर अरमूरकसा जा रहा था. रास्ते में तिवारी अस्पताल के पास मशीन लेकर जा रही 14 चक्का ट्रेलर के पीछे चक्का से टकरा गया, जिसके कारण घटनास्थल पर ही उनकी मौत हो गई. दूसरी घटना एरोड्रम के पास हुई. दो चार पहिया वाहन का अत्यधिक स्पीड में होने के कारण आमने-सामने से टक्कर हो गया. इसमें दोनों गाड़ी के परखच्चे उड़ गए तथा गाड़ी में सवार व्यक्तियों को भी गंभीर चोट आई है, जिसे डौंडी अस्पताल द्वारा बेहतर इलाज के लिए हायर सेंटर भेज दिया गया है.

**आचार संहिता उल्लंघन को लेकर चुनाव आयोग सख्त**

# पीएम मोदी और राहुल गांधी को नोटिस, मांगा जवाब

**नई दिल्ली,25 अप्रैल.**चुनाव आयोग ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और कांग्रेस नेता राहुल गांधी द्वारा कथित एमसीसी उल्लंघनों का संज्ञान लिया है। बीजेपी और कांग्रेस दोनों ने धर्म, जाति, समुदाय या भाषा के आधार पर नफरत और विभाजन पैदा करने का आरोप लगाया था। ईसीआई ने 29 अप्रैल को सुबह 11 बजे तक जवाब मांगा है। ईसीआई ने जन प्रतिनिधित्व अधिनियम की धारा 77 को लागू किया और स्टार प्रचारकों पर शासन करने के लिए पहले कदम के रूप में पार्टी अध्यक्षों को जिम्मेदार ठहराया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, राहुल गांधी के खिलाफ एमसीसी के आरोपों का पहले कदम के रूप में भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के साथ आदान-प्रदान किया



गया। ईसीआई ने 29 अप्रैल को सुबह 11 बजे तक जवाब मांगा है। ईसीआई का कहना है कि राजनीतिक दलों को अपने उम्मीदवारों, विशेषकर स्टार प्रचारकों के आचरण की प्राथमिक और बढ़ती जिम्मेदारी लेनी होगी। उच्च पदों पर बैठे लोगों के प्रचार भाषणों के अधिक गंभीर परिणाम होते हैं। बता दें कि पीएम नरेंद्र मोदी के एक भाषण को कांग्रेस ने सांप्रदायिक और आपत्तिजनक बताया था। कांग्रेस का कहना था कि पीएम का बयान धार्मिक, जातिगत, सामुदायिक और भाषा के अधार पर नफरत फैलाने वाला है। इसके अलावा भाजपा ने भी राहुल गांधी के एक भाषण के खिलाफ चुनाव आयोग का रुख किया था। गौरतलब है कि अब तक कई मामलों में चुनाव आयोग संज्ञान ले चुका है और नेताओं से अपील करता रहा है कि वे चुनावी भाषणों में संयम बनाकर रखें।

## कांग्रेस ने मां भारती की भुजाओं को काट दिया : मोदी

**नई दिल्ली,25 अप्रैल.** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मध्यप्रदेश के मुरैना में विजय संकल्प रैली को संबोधित कर रहे है। कांग्रेस पार्टी पर इस रैली के दौरान उन्होंने जमकर निशाना साधा है। इस दौरान उन्होंने कहा कि बीजेपी के लिए सिर्फऔर सिर्फ देश सबसे बड़ा है जबकि कांग्रेस पार्टी के लिए अपना परिवार सर्वोपरि है। उन्होंने कहा कि मुरैना ने हमेशा उनका साथ दिया है, जिनके लिए देश सबसे पहले है। आपका उत्साह देखकर मैं कह सकता हूं कि मुरैना आज अपने संकल्प से डिगा नहीं है। आगे भी कभी अपने संकल्प से मुरैना नहीं डिगेगा। उन्होंने कहा कि आजादी के समय कांग्रेस ने धर्म के नाम पर ही देश का बंटवारा स्वीकारा था। मां भारती के हाथों की जंजीरों को काटने की जगह उन्होंने मां भारती की भुजाओं को काट दिया। देश के टुकड़े कर दिए। कांग्रेस आज भी सुधरने के लिए तैयार नहीं है। कांग्रेस को अपने लाभ के लिए ये आसान रास्ता लगता है। कुर्सी और सत्ता हासिल करने के लिए कांग्रेस छटपटा रही है। कुर्सी पाने के लिए कांग्रेस लगातार खेल खेलने में जुटी हुई है। कांग्रेस ने लंबे वर्षों तक जवानों को उनका हक नहीं दिया। वन रैंक वन पेंशन की मांग को पूरा नहीं होने दिया जो हमने सत्ता में आते ही लागू किया।



# ओवरलोड गाड़ी पलटी, 5 घायल

**दुर्ग,25 अप्रैल ■ तरुण छत्तीसगढ़**

जिले के पाटन के अलमेश्वर में ओवर लोडिंग गाड़ी अनियंत्रित होकर पलटी, इसमें कुल 28 लोग सवार थे। ये सभी लोग ग्राम तर्रा में आयोजित मतदाता जागरूकता अभियान में शामिल होने जा रहे थे। थाना प्रभारी अम्लेश्वर ने बताया की एक छोटा लोडिंग वाहन में बड़ी संख्या में महिलाएं व पुरुष सवार थे। वही थाना प्रभारी ने आगे बताया की यह हादसा सुबह जमगांव और तर्रा के बीच मोड़ पर हुआ है ये सभी मतदाता जागरूकता अभियान में शमिल होने जा रहे थे तर्रा। इस हादसे में 5 लोगो को गंभीर चोट आई है। हादसे के बाद अम्लेश्वर पुलिस ने सभी को प्राथमिक स्वास्थ केंद्र भेजा जहां घायलों का प्रारंभिक इलाज किया गया फिलहाल यह घटना कैसे हुई इसकी जानकारी में अम्लेश्वर पुलिस जुट गई है।

### कांग्रेस लोगों की संपत्ति हड़प कर मुसलमानों को चाहती है देना : अरुण साव

**रायपुर,25 अप्रैल.** देश में लोकसभा चुनाव के बीच कांग्रेस के विरासत टैक्स को लेकर सियासत गरमा गई है. इस पर उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने बड़ा बयान दिया है. उन्होंने कहा कि घोषणापत्र के जरिए कांग्रेस का हिडन एजेंडा सामने आया है. कांग्रेस लोगों की संपत्ति हड़प कर मुसलमानों को देना चाहती है. अब देश की जनता कांग्रेस के बहकावे में नहीं आने वाली है. इसके साथ ही अरुण साव ने अन्य मुद्दों पर बयान दिया है.छत्तीसगढ़ में इंडिया गठबंधन के दल कांग्रेस के लिए वोट मांगने वाले मामले में डिप्टी सीएम अरुण साव ने कहा कि कांग्रेस इस चुनाव में बुरी तरह हारने जा रही है. इसलिए इंडिया गठबंधन के दल एकजुट हो रहे हैं. इसका लाभ कांग्रेस को नहीं मिलने वाला है. जनता कांग्रेस पर भरोसा नहीं कर रही है. लोकसभा चुनाव में कांग्रेस की हार होगी. नरेंद्र मोदी तीसरी बार प्रधानमंत्री बनेंगे.

# गांव में पहुंचा भालू का सफेद बच्चा

**गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही,25 अप्रैल.** मरवाही वनमंडल के मरवाही वन रेंज के महौरा बीट में सफेद भालू मिला. भालू शावक को देख ग्रामीण उसके पास पहुंचे. इस दौरान शावक भालू काफी सुस्त नजर आया और उसे पानी पिलाया. उसके बाद भी वह बार-बार बेहोश जैसे हो रहा था. जिसके बाद इसकी सूचना वन विभाग को दी गई. मौके पर वन विभाग की टीम पहुंची और स्वास्थ्य परीक्षण कर रही है. शावक की उम्र लगभग 2 साल के आसपास बताई जा रही है. सफेद भालू के बच्चे का इस तरह से गांव में पहुंचना एक कौतूहल का विषय बन गया है. इस संबंध में मरवाही वन मंडल डीएफओ रौनक गोयल ने बताया कि अपने परिवार से शावक भालू बिछड़ गया है. गांव वालों से इस संबंध में जानकारी सुबह मिली है. सूचना मिलते ही वन विभाग ने शावक भालू को अपने कब्जे में लेकर उसका पशु चिकित्सकों से स्वास्थ्य परीक्षण कर रहा है. डीएफओ ने बताया कि प्रारंभिक परीक्षण के बाद बच्चा एक दम स्वस्थ है और उसके परिवार से मिलाने के लिए योजना बनाई जा रही है. डीएफओ ने बताया कि इस इलाके में भालू के साथ 2 नन्हे शावक पहले भी देखे जा चुके है, संभावना है कि ये उसी काले मादा भालू का बच्चा है. इसलिए बच्चे को वन विभाग के अमले से निगरानी करवाई जा रही है, आसपास ही उसके परिवार के होने का अंदेशा है. जिससे मां के पास वापस बच्चा सुरक्षित जा सके. फिलहाल बच्चा एकदम स्वस्थ है. बिलासपुर से भी डॉक्टरों की टीम बुलाई जा रही है जो भालू का स्वास्थ्य संबंधित चेकअप भी करेंगे. बता दें कि मरवाही के जंगलों में भालुओं की संख्या सर्वाधिक है. इस क्षेत्र को भालू लैंड के नाम से जाना जाता है. पहले भी इस इलाके में सफेद भालू की मौजूदगी की फोटो और वीडियो वायरल होते रहे हैं. ये सफेद भालू दरअसल अल्बिनो है जो कि जीन्स में परिवर्तन के कारण सफेद रंग में परिवर्तित हो जाते है जो कि बेहद दुर्लभ है.



## राहुल और प्रियंका पहले करेंगे रामलला के दर्शन फिर होगा उम्मीदवारी का ऐलान

**लखनऊ,25 अप्रैल.** राहुल गांधी और प्रियंका गांधी वाद्रा क्रमशः उत्तर प्रदेश की अमेठी और रायबरेली लोकसभा सीटों से नामांकन दाखिल कर सकते हैं। नामांकन दाखिल करने से पहले दोनों कांग्रेस नेता अयोध्या भी जा सकते हैं और भव्य



राम मंदिर में रामलला का आशीर्वाद भी ले सकते हैं। सूत्रों ने इस बात की जानकारी दी है। राहुल गांधी पहले से ही केरल की वायनाड सीट से लोकसभा चुनाव लड़ रहे हैं. इस सीट पर दूसरे चरण में शुक्रवार 26 अप्रैल को मतदान होना है। अब अटकलें लगाई जा रही हैं कि राहुल गांधी एक और सीट से नामांकन दाखिल कर सकते हैं और वह सीट अमेठी। राहुल का तीसरी बार भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) की स्मृति ईरानी से भी मुकाबला होगा। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा अगर आगे बढ़ती हैं और रायबरेली से नामांकन दाखिल करती हैं तो यह उनका पहला लोकसभा चुनाव होगा। सोनिया गांधी रायबरेली से मौजूदा सांसद हैं, हालांकि, वह पहले ही राज्यसभा में जा चुकी हैं। अमेठी और रायबरेली दोनों हाल तक कांग्रेस का गढ़ बने रहे जब लोकसभा चुनाव 2019 में स्मृति ईरानी ने अमेठी में राहुल गांधी को हराया। स्मृति ईरानी ने 2019 में राहुल गांधी को अमेठी में 55,120 वोटों के अंतर से हराया था। हालांकि, 2014 में कांग्रेस नेता ने इस सीट पर स्मृति ईरानी के खिलाफ1,07,903 वोटों के अंतर से जीत का दावा किया था। रायबरेली में आगामी चुनाव की बात करें तो राजनीतिक विश्लेषकों की राय है कि रायबरेली में भी किसी भी कांग्रेस उम्मीदवार के लिए यह उतना ही चुनौतीपूर्ण मुकाबला होने वाला है। रायबरेली में सोनिया गांधी ने बीजेपी के दिनेश प्रताप सिंह को 1,67,178 वोटों से हराया। इन अटकलों के बीच 26 अप्रैल को वायनाड में वोटिंग खत्म होने के बाद 27 और 28 अप्रैल को अमेठी के कुछ नेताओं को दिल्ली बुलाया गया है। राहुल गांधी और उनकी टीम कांग्रेस की अमेठी इकाई के साथ बैठेगी जहां उनके अमेठी से और प्रियंका गांधी वाड्रा के रायबरेली से चुनाव लड़ने पर फैसला लिया जा सकता है। कांग्रेस नेता राहुल और प्रियंका के अयोध्या दौरे पर भी चर्चा करेंगे, हालांकि इस संबंध में कोई आधिकारिक जानकारी सामने नहीं आई है।

## शराब दुकान के सुपरवाइजर को बंदूक दिखाकर 3 लाख की लूट

**कोरबा,25 अप्रैल.** जिले के एक देशी शराब दुकान में नकाबपोश बदमाशों ने धावा बोल दिया. सुपरवाइजर की कनपटी पर बंदूक अड़ाकर बदमाश 2 लाख 93 हजार नगदी लूटकर फरार हो गए. पुलिस नाकेबंदी कर आरोपियों की तलाश कर रही है, लेकिन अब तक उनका सुराग नहीं मिला है. घटना बुधवार रात करीब 9-45 बजे की है. मामला पाली थाना क्षेत्र का है.

बताया जा रहा है कि पाली में एक ही स्थान पर देशी और विदेशी शराब दुकान संचालित है. प्रतिदिन की तरह बुधवार की रात भी दोनों ही दुकान के कर्मचारी बिक्री रकम का मिलान कर रहे थे. वे दुकान बंद करने की तैयारी में थे. इसी दौरान बाइक में सवार होकर तीन युवक देशी शराब दुकान के सामने पहुंचे. तीनों युवक का चेहरा गमछे से ढंका हुआ था. वे दनदनाते हुए सीधे शराब दुकान के भीतर जा घुसे. इनमें से एक दुकान के दरवाजे में खड़ा था, जबकि एक बदमाश ने सुपरवाइजर की कनपटी पर बंदूक अड़ा दिया. वहीं तीसरा नोट को समेटने में लगा रहा. कुछ ही मिनट के भीतर नकाबपोश बदमाश पूरे दिन की बिक्री रकम 2 लाख 93 हजार रुपये को समेट कर फरार हो गए. उनके जाते ही कर्मचारियों ने अंग्रेजी शराब दुकान पहुंचकर घटना की जानकारी दी. इस वारदात की सूचना मिलते ही पुलिस भी हरकत में आ गई. आला अधिकारियों के निर्देश पर पूरे जिले में नाकेबंदी कर दी गई है. इसके साथ ही पूरी रात संदिग्धों की तलाश की जाती रही, लेकिन किसी का सुराग नहीं मिल सका. इधर घटना की सूचना मिलने पर आबकारी विभाग के अफसर भी पूरी रात दुकान में ही डटे रहे. बहरहाल पुलिस आरोपियों की



सरगर्मी से तलाश कर रही है. वहीं दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में बदमाशों की तस्वीर कैद हुई है, जिसमें तीनों बदमाश के चेहरे ढके नजर आ रहे हैं. उनके हाथ में हथियार भी नजर आ रहा है. खास बात तो यह है कि कुछ समय पहले ही गोपालपुर के शराब दुकान में लूट हुई थी. दोनों ही वारदात का तरीका मिलता जुलता है, जिससे लूट में एक ही गिरोह के सदस्यों का हाथ होने की आशंका जताई जा रही है.

### नक्सलियों के बंद के आह्वान का मामूली असर

**भानुप्रतापपुर,25 अप्रैल.** लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण का मतदान कल यानी 26 अप्रैल को होना है.

जिसमें छत्तीसगढ़ की तीन लोकसभा सीटों कांकेर, महासमुंद और राजनांदगांव में मतदान होगा. वहीं मतदान के एक दिन पहले नक्सलियों ने पूरे बस्तर संभाग में बंद का आह्वान किया है. बता दें कि कांकेर जिले के हापाटोला के कलपर जंगल में 16 अप्रैल को हुई पुलिस-नक्सली मुठभेड़ में जवानों ने 29 नक्सलियों को मार गिराया था. इस मुठभेड़ के बाद नक्सली बौखलाए हुए हैं, इसके विरोध में आज बंद का आह्वान किया है.

## दोहरी हत्या के आरोपी की सूचना देने पर 25 हजार इनाम की घोषणा

**दुर्ग,25 अप्रैल ■ तरुण छत्तीसगढ़**

ग्राम गनियारी के कोलकीपारा में 6-7 मार्च की दरमियानी रात को हुई श्रीमती राजवती साहू एवं उसकी पोती सविता साहू की हत्या के मामले में पुलिस के हाथ अब तक खाली है. इस मामले में पुलिस महानिरीक्षक दुर्ग राम गोपाल गर्ग ने इस अंधे कत्ल के बारे में महत्वपूर्ण सूचना देकर आरोपी को पकड़वाने वाले व्यक्ति को 25000 रुपए नगद पुरस्कार देने की घोषणा की है. सूचना देने वाले व्यक्ति का नाम गोपनीय रखा जावेगा. उल्लेखनीय है कि 7 मार्च को प्रार्थी केशव राम साहू पिता अर्जुन साहू ने पुलगांव थाना में उपस्थित होकर शिकायत दर्ज कराई थी कि वह ग्राम गनियारी में परिवार सहित रहता है. प्रार्थी की मां श्रीमती राजबती साहू एवं भतीजी कुमारी माया उर्फ सविता साहू व्यारा के मकान में रहते थे. 6 मार्च की रात को प्रार्थी अपने घर से अपनी मां के घर में आकर गाय बैल को कोठा में बांध दिया था. इसके बाद वह घर जाकर सो गया था. 7 मार्च की सुबह 5.00 बजे रोजाना की तरह गाय बैल को बाहर निकालने आया तब बरामदे में उसने लाइट जलाया. जब उजाला हुआ तो उसने देखा पानी की टंकी के पास काफी मात्रा में खून पड़ा हुआ है. उसने तुरंत घर जाकर अपने बड़े भाई निर्मल साहू एवं परिवार के अन्य सदस्यों को इसकी जानकारी दी. जब परिवार वाले घर पहुंचे तो देखा कि श्रीमती राजबती साहू एवं सविता साहू का रक्त रंजित शव पड़ा हुआ था. श्रीमती राजबती साहू 65 वर्ष तथा कुमारी माया और सविता साहू 17 वर्ष की किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा धारदार वस्तु से वार कर हत्या कर दी गई थी. पुलिस महानिदेशक रामगोपाल गर्ग ने अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर अभिषेक झा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एसीसीयू दुर्ग ऋचा मिश्रा, नगर पुलिस अधीक्षक दुर्ग चिराग जैन, उप पुलिस अधीक्षक अपराध हेम प्रकाश नायक, थाना प्रभारी पुलगांव पुष्पेंद्र भट्ट का नंबर जारी करते हुए जानकारी देने वाले व्यक्ति को इनाम की घोषणा की गई है.

## शराब घोटाला जांच : कोर्ट ने ईओडब्लू को जारी किया नोटिस

**बिलासपुर,25 अप्रैल.** शराब घोटाला मामले में एसीबी-ईओडब्लू में दर्ज एफआईआर और गिरफ्तारी के खिलाफ कारोबारी अनवर ढेबर ने हाईकोर्ट में याचिका लगाई है. इस याचिका पर चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा की बेंच ने प्रारंभिक सुनवाई के बाद आर्थिक अपराध अन्वेषण ब्यूरो (ईओडब्लू ) को नोटिस जारी कर दो हफ्ते में जवाब मांगा है. प्रदेश में कथित शराब घोटाले को लेकर पूर्व में ईडी की तरफ से प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग की धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया था. इस मामले में ईडी ने कारोबारी अनवर ढेबर, छत्तीसगढ़ स्टेट मार्केटिंग कार्पोरेशन लिमिटेड के एमडी रहे अरुणपति त्रिपाठी, नितेश पुरोहित और त्रिलोक सिंह ढिल्लन को आरोपी बताते हुए गिरफ्तार किया था. ढेबर को पूर्व में हाईकोर्ट से मेडिकल ग्राउंड पर जमानत मिल गई थी. बाद में एंटी करप्शन ब्यूरो (एसीबी) ने इसी मामले में ईओडब्ल्यू में मामला दर्ज करवाया है. इस मामले में ढेबर को महाराष्ट्र जाने के दौरान गिरफ्तार किया गया था. उनकी तरफ से हाईकोर्ट में लगाई याचिका में कहा गया है कि पूर्व में इस मामले में दर्ज ईसीआईआर को सुप्रीम कोर्ट ने रद्द कर दिया था, इसलिए एफआईआर और गिरफ्तारी अवैध है.

# संविधान जिंदाबाद था, जिंदाबाद रहेगा: चंदन यादव

**रायपुर,25 अप्रैल ■ तरुण छत्तीसगढ़**

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सचिव एवं प्रदेश प्रभारी डॉ. चंदन यादव ने पत्रकारों से चर्चा करते हुये कहा कि भारतीय जनता पार्टी और आरएसएस को चेतावनी दे रहा हूं कि संविधान जिंदाबाद था, संविधान जिंदाबाद है, और संविधान जिंदाबाद रहेगा। 2024 का लोकसभा चुनाव सिर्फ सत्ता का परिवर्तन का चुनाव नहीं है, दो विचारधारा का चुनाव है। संविधान बचाने का चुनाव है और देश को बनाने और बचाने का चुनाव है। जिस तरह से भारतीय जनता पार्टी जिस नीयत और नीति से 400 पार का नारा दिया था, अब वो जनता के बीच आ गया है कि उसका मतलब क्या है? कही जमीन पर कोई हकीकत नहीं था 400 से नीचे जा रहे है। जैसे-जैसे चुनाव चढ़ता जा रहा है भारतीय जनता पार्टी उसी तेज रफ्तार से नीचे जा रही है। 400 पार का क्या मतलब होता है कई बड़े नेताओं ने स्पष्ट रूप से कहा वो संविधान बदलना चाहते है। जब जनता को बात समझ आ गया तब भारतीय जनता पार्टी के नेता सफाई दे रहे है। लेकिन वो सफाई सच्चाई से परे है। भाजपा ने पहली बार ऐसा नहीं किया है, जब पहली बार एनडीए की सरकार बनी थी तब बाजपेयी की सरकार ने कॉन्स्टिट्यूशन रिव्यू कमेटी बनाया था। जिसके अध्यक्ष जस्टिस वेंकटेश चिलैय्या थे। जब-जब भाजपा की सरकार बनी है तब-तब वो संविधान में छेड़छाड़ बदलने का प्रयास करते रहे है। मैं इस देश की जनता को नमन करता हूं। देश और देश की जनता संविधान का जिंदाबाद का नारा इस देश के कण-कण में बसा हुआ है। भारतीय जनता पार्टी और आरएसएस की जो मूल विचारधारा है और देश का संविधान है वे परस्पर विपरीत है। आरएसएस का विचारधारा है और हमारा संविधान कहता है आजादी के संघर्षो दौरान जो उत्पन्न हुई वो इस देश का संविधान है। देश की जनता के संघर्षो से उत्पन्न बहुत सारे हमारे परंपरा, इतिहास, स्टेटजी, सबसे बड़ा अहिंसा, तमाम ऐसे मूल्य है और तमाम हमारे बड़े-बड़े नेताओं का बहुत बड़ा संघर्ष रहा है। डॉ. बाबा साहब अंबेडकर राष्ट्रीय कमेटी के चेयरमेन रहे, तमाम ऐसे नेता थे सभी ने मिलकर ये एक बहुत ही मजबूत संविधान बनाया है। जो भारतीयता को दर्शाता है। भारत बोले तो अनेकता में एकता है।

# बस व ट्रक में टक्कर, कई यात्री हुए घायल

**अंबिकापुर,25 अप्रैल.** अंबिकापुर-रामानुजंगज राष्ट्रीय राजमार्ग पर बलरामपुर के खतरनाक अंवराझरिया मोड़ पर बुधवार की रात बस व ट्रक में टक्कर हो गई। दुर्घटना में एक दर्जन यात्री व ट्रक चालक घायल हो गए। राष्ट्रीय राजमार्ग पर आवागमन बाधित हो गया। घायलों का उपचार जिला अस्पताल बलरामपुर में किया गया। ट्रक चालक को गंभीर चोट है। उसे अंबिकापुर रिफर किया गया है। दुर्घटना में ट्रक चालक ट्रक के क्षतिग्रस्त हिस्से में फंस गया था। उसे कड़ी मशक्कत के बाद बाहर निकाला जा सका। जानकारी के अनुसार गढ़वा से यात्रियों को लेकर बस रायपुर के लिए रवाना हुई थी। बलरामपुर व रामानुजंगज के बीच अंवराझरिया मोड़ पर अंबिकापुर की ओर से क्लींकर लेकर जा रही ट्रक से बस की टक्कर हो गई। हादसे में बस के केबिन के पीछे का हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। वहीं ट्रक का सामने का हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। टक्कर सीधी नहीं हुई। ट्रक के सामने का हिस्सा बस के बीच में लगा। इस कारण यात्रियों को चोटें आई। ट्रक का केबिन क्षतिग्रस्त हो जाने से ट्रक का चालक स्टेयरिंग में फंस गया। सूचना पर बलरामपुर पुलिस मौके पर पहुंची। घायल यात्रियों को जिला अस्पताल भेजा गया। वहीं ट्रक में फंसे चालक को निकालने के लिए मेहनत करनी पड़ी। किसी तरह केबिन में फंसे चालक को बाहर निकाला गया। चालक को बलरामपुर जिला अस्पताल से अंबिकापुर रिफर कर दिया गया है। बस यात्रियों को प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई है। अंवराझरिया में दुर्घटना के बाद आवागमन बाधित हो गया। अंतरराज्यीय बसें भी जाम में फंसी रहीं। देर रात पुलिस ने एकांगी मार्ग खोला। यात्री बसें एवं चारपहिया वाहन ही पार किए गए। भारी वहनों की दोनों ओर सुबह से ही लाइन लगी है।

## एक नजर

### एक ही रात दो घरों में चोरी

**भिलाई, 25 अप्रैल।** भिलाई वैशाली नगर थाना क्षेत्र शांति नगर के एक ही स्ट्रीट में रहने वाले चाचा व भतीजे के मकानों के ताले टूटे। घटना के समय दोनों ही घरों में ताले लगे थे। एक मकान से दो लाख रुपये कैश व सोने चांदी के जेवरात व दूसरे मकान से 10 हजार नगदी व सोने चांदी के जेवर चोरी हो गए हैं घटना की सूचना के बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है मकान नंबर 1104 सड़क 22 शांति नगर निवासी संजय शर्मा (60) के हवाले से पुलिस ने बताया कि 19 अप्रैल को वह पारिवारिक काम से दिल्ली गए हुए थे 23 अप्रैल को घर वापस पहुंचा तो देखा कि घर के दरवाजे का ताला टूटा हुआ है अंदर जाकर देखने पर तीनों आलमारियां खुली हुई मिली। आलमारी से दो लाख रुपये नगद एवं सोने चांदी के जेवरात सिक्के आदि गायब थे संजय शर्मा ने इसकी शिकायत वैशाली नगर थाने में की इसी प्रकार दूसरी घटना संजय शर्मा के भतीजे पावस कुमार शर्मा (39) के घर पर हुई पावस का घर संजय शर्मा के घर से लगा हुआ है पावस कुमार शर्मा ने बताया कि उनके चाचा संजय शर्मा के साथ उनका परिवार भी दिल्ली गया हुआ था पावस कुमार गुंडरडेही से रोज आना जाना करता है 22 अप्रैल को पड़ोसियों ने उसे बताया कि उसके घर का ताला टूटा हुआ है। इसके बाद वह घर पहुंचा तो देखा कि उसके चाचा संजय शर्मा के घर का ताला भी टूटा हुआ है ।

### आपसी रंजिश के चलते हमला



**भिलाई, 25 अप्रैल।** भिलाई कुम्हारी थाना क्षेत्र पुरानी रंजिश के चलते प्राणघातक हमला करने वाले पांच युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने धारा 147 148 294 506बी, 323, 307 के तहत जुर्म दर्ज किया है कुम्हारी टीआई जनकराम कुर्रे ने बताया कि राम नगर निवासी आदेश गोड का बेटा विक्की गोड,रिश्तेदार अब्बू नेताम बाजार चौक कुम्हारी मार्केट में सुलभ शौचालय नहाने फ्रेश होने गये थे जहां आरोपीगण पवन बेलदार, विट्टी बेलदार, अमन बेलदार, समीर बेलदार, राजू बेलदार लोहे की पाईप, डण्डा से लैस होकर पहुंचे पुरानी रंजिश के चलते पीड़ित के बेटे, रिश्तेदार से गाली गलौज कर, जान से मारने की धमकी देकर दौड़ाकर विक्की गोड को राम नगर कुम्हारी के पीछे रोड पर गर्दन में पर हमला किया जिसका उपचार अस्पताल में जारी है शिकायत के बाद पुलिस ने घटना को गंभीरता से लेते हुए पांचो आरोपियों में बेलदार पारा बजरंग चौक रानगर कुम्हारी निवासी अमन बेलदार, राजू बेलदार, जरंग नाक विट्ट बेलदार, समीर बेलदार को गिरफ्तार किया है।

### 90 पौवा सहित युवक पकड़ाया



**भिलाई, 25 अप्रैल।** भिलाई कुम्हारी थाना क्षेत्र से शराब का कारोबार करने वाले एक युवक को गिरफ्तार कर उसके पास से पुलिस ने 90 पौवा शराब जब्त किया है कुम्हारी टीआई जनकराम कुर्रे ने बताया कि वार्ड ( 16 ) ग्राम परसदा कुम्हारी निवासी का मोहन ठाकुर के द्वार अवैध शराब बेचने ग्राहक की तलाश कर रहा था पुलिस ने घेराबंदी कर आरोपी मोहन ठाकुर को गिरफ्तार किया। उसके पास से पुलिस ने सफेद प्लास्टिक बोरी में 90 पौवा शराब जब्त किया जिसकी कीमत 10 हजार 800 रूपये और चाकू बरामद किया आरोपी को गिरफ्तार कर आबकारी एक्ट व आर्म्स एक्ट की कार्रवाई की गई ।

### भिलाई इस्पात संयंत्र ने किया चिकित्सा शिविरों का आयोजन



**भिलाई, 25 अप्रैल।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के तत्वाधान में 23 अप्रैल को ग्राम चंगोरी में तथा 24 अप्रैल को ग्राम अंडा में चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। आदर्श इस्पात ग्राम चंगोरी में आयोजित चिकित्सा शिविर में कुल 42 लोगों की जांच करके उनको दवाई वितरण किया गया। प्रातः 10 बजे से प्रारंभ हुए शिविर में सामान्य जांच, शुगर, बीपी जांच के अतिरिक्त निःशुल्क दवाएं भी प्रदान की गई। आदर्श इस्पात ग्राम अंडा में आयोजित चिकित्सा शिविर में कुल 52 लोगों की जांच करके दवा वितरण किया गया। इस शिविर में सीएसआर मेडिकल टीम से चिकित्सक डॉ एम सरस्वती, फार्मासिस्ट सुसान जैकब, शुगर एवं बीपी परीक्षण के लिए फिरोजा जोसफ, पंजीयन कर्ता मंजूर आली तथा विभाग की ओर से बुधेलाल उपस्थित थे। इसी क्रम में 27 अप्रैल को कचादुर तथा 30 अप्रैल को ढाबा में चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जाएगा।

### गंभीर पेट दर्द से पीड़ित व्यक्ति की सफलतापूर्वक की गई सर्जरी

**दुर्ग 25 अप्रैल ।** जिला चिकित्सालय दुर्ग में मरीज श्री शंकर लाल देवांगन उम्र 53 वर्ष निवासी मरोदा भिलाई दुर्ग विगत पांच दिनों से गंभीर पेट दर्द की तकलीफ से जुझ रहा था।

मरीज आस-पास के क्लीनिक में ईलाज करवा रहा था फिर भी तकलीफ बढ़ती जा रही थी। अंत में जिला अस्पताल दुर्ग में गंभीर अवस्था में 21 अप्रैल 2024 को लाया गया।

# बिगड़ी व्यवस्था को सुधारने आयुक्त एक्शन में हैं इन दिनों

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**रिसाली।** एस एल आर एम सेंटर की बिगड़ी व्यवस्था को सुधारने आयुक्त मोनिका वर्मा एक्शन में है। बुधवार को उन्होंने निगम के 70 से भी अधिक अधिकारी कर्मचारियों को अल सुबह बुलाकर सीधे फील्ड ड्यूटी करने के निर्देश दिए। अधिकारी कर्मचारी वार्ड में डोर टू डोर व्यवस्था पर नजर रखेंगे। आयुक्त ने निर्देश दिए है कि फील्ड ड्यूटी करने वाले निगम के अधिकारी कर्मचारी कचरा कलेक्शन गाड़ी के साथ साथ भ्रमण करेंगे। गीला व सूखा कचरा अलग अलग नहीं देने पर नागरिकों को समझाएंगे। इसके बाद ही कचरा लेकर उसे एस एल आर एम सेंटर पहुंचाया जाएगा।फिल्ड में कार्य करने वाले कर्मचारी इस बात का भी ध्यान रखेंगे कि कचरा कलेक्शन करने वाले वाहन चालक किसी तरह की लापरवाही तो नहीं कर रहे है। उल्लेखनीय है कि आयुक्त पिछले 15 दिनों से वार्ड विजिट पर थी। शहर की चरमराई सफाई व्यवस्था को देखने के बाद उन्होंने नए सिरे से प्लान तैयार की है। आयुक्त ने सफाई व्यवस्था की निगरानी करने सब को देर शाम सूचना दी। उन्होंने सभी को सुबह 6 बजे दशहरा मैदान रिसाली में उपस्थित होने कहा। कई अधिकारी कर्मचारी सुबह हड़बड़ाहट में पहुंचे, और सीधे अलग अलग वार्ड में रवाना हुए। आयुक्त ने पहले 28 वार्ड को 13 सेक्टर में बाटा और 64 कर्मचारियों पर नजर रखने 13 अधिकारियों को जिम्मेदारी दी। आयुक्त ने बताया कि वर्तमान में डोर टू डोर व्यवस्था ठप है। कचरा कलेक्शन वाले मिक्स कचरा को सीधे एस एल आर एम ले जाते है। वहा से ठेकेदार कचरा को अघोषित ट्रेंचिंग ग्राउंड में डंप कर रहे थे। कचरा कलेक्शन सही होने पर एस एल आर एम सेंटर व्यवस्थित होगा। वही कचरा निष्पादन में सुविधा होगी। आयुक्त ने निर्देश दिए है कि कोई भी कर्मचारी बिना कारण अवकाश नहीं लेगा। इसकी निगरानी वे खुद करेंगी। बिना बताए छुट्टी मारने पर वेतन कटौती की जाएगी। अधिकारी कर्मचारी हर रोज सुबह 6.30 से 9.30 तक अपने अपने प्रभार वाले वार्ड में रहेंगे। आयुक्त ने शहर को साफ सुथरा रखने सभी पर सख्ती बरत रही है। समझाइश के बाद भी कलेक्शन करने वाले वाहन चालक अगर मिक्स कचरा लेकर पहुंचे तो, उस गाड़ी का कचरा नहीं लिया जाएगा। पहले

## कमिश्नर राजपूत ने किया अधिकारियों को तलब चुनाव संबंधी तैयारियों की जानकारी ली



**भिलाई, 25 अप्रैल।** नगर निगम, भिलाई-चरौदा कार्यालय में बुधवार को एक अति महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। इस दौरान कमिश्नर श्री राजपूत ने आगामी लोकसभा चुनाव 2024 के संबंध में दायित्व प्राप्त अधिकारियों और कर्मचारियों से जानकारी प्राप्त की है। यहाँ बता दें कि जिला निर्वाचन विभाग द्वारा आगामी दिनांक- 07/05/2024 को होने वाले मतदान के विषय में आवश्यक मापदण्ड तय किये गये हैं। इन सभी कार्यों को तय समय-सीमा में पूर्ण किया जाना है। मतदान केन्द्रों में बिजली, पानी तथा साफ-सफाई जैसी मूलभूत सुविधाओं की व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश उपस्थित समस्त अधिकारी कर्मचारियों को प्रदान किये गये। जिससे लोकतंत्र के सबसे बड़े पर्व मतदान दिवस पर मतदाताओं को किसी भी प्रकार की असुविधा ना हो। बैठक के दौरान कार्यपालन अभियंता सुनिल जैन, सहायक अभियंता देवेन्द्र पाण्डेय, सहायक अभियंता हेमंत साहू, सहायक स्वास्थ्य अधिकारी अश्वनी चन्द्राकर, उप अभियंता मुकेश रात्रे, मुकेश चंद्राकर, विक्टर वर्मा, सहायक लेखाधिकारी लिंगेश्वर राव समेत अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।



## हनुमान जयंती पर अनेक आयोजनों में शामिल हुए विधायक रिकेश सेन

भिलाई, 25 अप्रैल। पवनसुत हनुमान की जयंती पर शहर भर में विभिन्न समितियों और मंदिर सहित अनेक आयोजनों में वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन शामिल हुए। सर्वप्रथम सेक्टर-9 स्थित हनुमान मंदिर में सेन पहुंचे और पूजन आरती पश्चात शांति नगर मैदान में जेंटलमैन ग्रुप द्वारा आयोजित हनुमान जयंती महाभंडारा में पहुंचे। यहां श्रद्धालुओं को भोग वितरण कर कैम्प-2 रविदास नगर हनुमान जयंती, मछली मार्केट पावर हाउस से मरोदा स्थित मंदिर में आयोजित हनुमान जन्मोत्सव में शामिल हुए। शाम को शांति नगर हनुमान मंदिर ध्वज यात्रा में शिरकत करने के बाद विधायक रिकेश सेन जुनवानी चौक स्थित हनुमान मंदिर पहुंचे और यहां आरती पश्चात शोभायात्रा में शामिल हुए। माडल टाउन बाम्बे आवास में आयोजित हनुमान जयंती कार्यक्रम पश्चात नेहरू नगर कालीबाड़ी में पूजा अर्चना कर विधायक ने भोग वितरण किया। यहां से संग्राम चौक केम्प-1 हनुमान जन्मोत्सव शोभा यात्रा में शामिल होने के बाद श्री सेन पुराना शिव मंदिर दुर्गा मंच वैशाली नगर में आयोजित कार्यक्रम में पहुंचे और भोग ग्रहण किया। सेक्टर 9 हनुमान मंदिर में विधायक रिकेश सेन के निर्देश पर विधायक प्रतिनिधि दिनेश सेन द्वारा एक हजार वाहन दुर्घटना नाशक यंत्र का निःशुल्क वितरण किया गया।

## बीएसपी ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर के लिए पंजीयन 10 मई से

**भिलाई, 25 अप्रैल।** प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी भिलाई इस्पात संयंत्र द्वारा 10 मई से 09 जून तक स्कूली बच्चों हेतु ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर आयोजित की जा रही है। ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर के लिये सभी संबंधित ग्राउंड्स/स्टेडियम में खिलाड़ियों का पंजीयन 10 से 15 मई के मध्य किया जायेगा। ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर में शामिल 25 खेलों का विभिन्न खेल परिसरों, शालाओं के हॉल एवं क्रीड़ागणों में प्रशिक्षण प्रदान किया जायेगा। 25 खेलों की सूची निम्न है- एथलेटिक्स, बैडमिन्टन, बॉल बैडमिन्टन, बास्केटबॉल, बॉक्सिंग, शतरंज, क्रिकेट, फुटबॉल, हैण्डबॉल, हॉकी, कराटे, जूडो, पावर लिफ्टिंग, कबड्डी, टेनिस, टेबल टेनिस, वालीबॉल, योगा, सायकल पोलो, कराटे, फेंसिंग, जिम्नास्टिक, खो-खो, नेटबॉल, भारोत्तोल तथा कुश्ती। इस प्रशिक्षण शिविर में विभिन्न खेलों में खिलाड़ियों को अनुभवी प्रशिक्षकों (कोच) द्वारा प्रशिक्षित किया जाता है। ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर-2024 के 25 खेलों एवं शिविर हेतु विभिन्न खेल परिसरों की सूची निम्नलिखित है। एथलेटिक्स प्रशिक्षण शिविर का आयोजन जयंती स्टेडियम एवं आईटीआई-खुर्सीपार में, बैडमिन्टन प्रशिक्षण शिविर का आयोजन इन्डोर स्टेडियम, इंदिरा प्लेस में, बॉल बैडमिन्टन प्रशिक्षण शिविर का आयोजन बॉल बैडमिन्टन ग्राउंड, सेक्टर-4 में, बास्केटबॉल प्रशिक्षण शिविर का आयोजन बास्केटबॉल कोर्ट, पंत स्टेडियम, सेक्टर-1 में तथा बॉक्सिंग प्रशिक्षण शिविर का आयोजन सेक्टर-2 इस्पात क्लब, सेक्टर-8 इस्पात क्लब, इन्डोर स्टेडियम, सेक्टर-1 इस्पात क्लब। इसी प्रकार शतरंज प्रशिक्षण शिविर का आयोजन सीनियर सेकेंडरी स्कूल सेक्टर-5 के हॉल में, क्रिकेट प्रशिक्षण शिविर का आयोजन सेक्टर-1 इस्पात क्लब एवं बीएसपी क्रिकेट ग्राउंड, इंदिरा प्लेस में, फुटबॉल प्रशिक्षण शिविर का आयोजन पंत स्टेडियम एवं हॉस्पिटल सेक्टर में, हैंडबॉल प्रशिक्षण शिविर का आयोजन ईएमएमएस, सेक्टर-10 एवं हैंडबॉल ग्राउंड, सेक्टर-4 में, हॉकी प्रशिक्षण शिविर का आयोजन जयंती स्टेडियम में, जूडो प्रशिक्षण शिविर सेक्टर-4 जूडो हॉल में, पावर लिफ्टिंग प्रशिक्षण शिविर सेक्टर-6 पावर जिम में, कबड्डी प्रशिक्षण शिविर पंत स्टेडियम एवं खुर्सीपार में, टेनिस प्रशिक्षण शिविर पंत स्टेडियम तथा बीएसपी टेनिस कॉम्प्लेक्स, सिविक सेंटर में, टेबल टेनिस प्रशिक्षण शिविर का आयोजन इंडोर स्टेडियम, इंदिरा प्लेस, इस्पात क्लब-खुर्सीपार में किया जाएगा।



## बजरंगबली की पूजा से होता है समस्या का समाधान: बिचपुरिया

**भिलाई, 25 अप्रैल।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य एवं पूर्व जिला अध्यक्ष ब्रजेश बिचपुरिया ने हनुमान जन्मोत्सव के शुभ अवसर पर सपरिवार स्मृति नगर हनुमान मंदिर, जुनवानी चौक हनुमान मंदिर,कोहका हाउसिंग बोर्ड हनुमान मंदिर और कुरूद कोहका हनुमान मंदिर पहुंचकर बजरंगबली की पूजा अर्चना की और उनसे प्रार्थना की सभी के जीवन में सुख शांति और समृद्धि आए और आपके आशीर्वाद से सभी की मनोकामना पूर्ण हो द्य जिसमें प्रमुख रूप से मंदिर प्रबंधन एवं आयोजन समिति से रोहित दुबे, संजय सिंह, धर्मेंद्र राजपूत, सतीश सिंह, दीपक यादव, हरिश्चंद्र गुप्ता, शत्रुघन पंडित, प्रदीप सिंह एवं बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित रहे।

## बीएलओ के माध्यम से मतदाताओं को घर-घर जाकर मतदाता पर्ची का वितरण



दुर्ग 25 अप्रैल । भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली और मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय रायपुर के दिशा निर्देश के तहत कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी के मागदर्शन में लोकसभा निर्वाचन-2024 अंतर्गत विधानसभा क्षेत्र 66 वैशाली नगर अंतर्गत आज 24 अप्रैल 2024 को मतदाताओं को मतदाता सूचना पर्ची तहसीलदार एवं सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी श्री पंचराम सलामे द्वारा बीएलओ और सेक्टर अधिकारी के साथ मतदाता के घर-घर जाकर मतदाता सूचना पर्ची का वितरण किया गया। निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी एवं सहायक रिटर्निंग अधिकारी श्री हरवंश मिरी ने बताया है कि वैशाली नगर विधानसभा क्षेत्र में सभी बीएलओ द्वारा मतदाता सूचना पर्ची वितरण किया जा रहा है। अब तक लगभग 70 घरों में मतदाता पर्ची का वितरण किया जा चुका है। वितरण की जाँच एवं निरीक्षण सेक्टर अधिकारियों द्वारा की जा रही है। सेक्टर अधिकारियों से प्रतिदिन इसकी रिपोर्ट प्राप्त कर निर्वाचन कार्यालय को भेजी जा रही है। निर्धारित तिथि तक सभी को मतदाता सूचना पर्ची वितरण कर लीं जाएगी।

## चाकू मारने के आरोप में 6 गिरफ्तार



**भिलाई, 25 अप्रैल।** भिलाई नेवई थाना क्षेत्र बीए छात्र पर जानलेवा हमला करने आरोपियों को पुलिस ने जुलूस निकाला गया आरोपियों को पुलिस ने सड़क पर कान पकड़वाकर घुमाया। इस दौरान पुलिस ने लोगों को संदेश देने का प्रयास किया कि कानून अपने हाथ में लेने वालों को पुलिस बख्शेगी नहीं भिलाई नगर सीएसपी सत्यप्रकाश तिवारी ने बताया कि शिवनगर नेवई भाठा निवासी विशाल साहू बी.ए अंतिम का छात्र है। पीड़ित का जवाहर साहू, उसके भाई हर्ष साहू के साथ पुरानी रंजिश है। उमरपोटी में पूर्व विवाद हुआ था। घटना में दोनों भाई और उसके दोस्त वैभव ने मिलकर विशाल को जान से मारने की धमकी दिए थे। 22 अप्रैल की रात विशाल बाइक से टंकी मरोदा होते हुए अपने घर जा रहा था। इस दौरान जलाराम चौक नेवई भाठा में आरोपी हर्ष साहू, जवाहर साहू, प्रियांशु, करण, अज्जु, राज साहू खड़े हुए थे आरोपी हर्ष साहू, जवाहर दोस्तो के साथ गाली गलौज कर हमला के लिए दौड़ा रहा था, जिसे देख विशाल बाइक खड़ी कर घर में घुस गया। मौके मिलते ही आरोपियों ने विशाल पर तलवारनुमा धारदार हथियार, डंडा से प्राणघातक हमला कर दिया। हमला करता देख पीड़ित का दोस्त मनीष ठाकुर आरोपियों को रोकता रहा लेकिन आरोपियों ने उससे भी गाली गलौज कर मारपीट की। आरोपी हर्ष साहू, जवाहर साहू समेत उसके दोस्त युवक की हत्या करने की नीयत से हथियार से सिर, पीठ में मारने लगे और प्रियांशु, करण डंडा, अज्जु, राज साहू अन्य दो तीन युवकों द्वारा विशाल पर ताबड़तोड़ हमला किया नेवई टीआई

आनंद शुक्ला ने बताया कि इस मामले को गंभीरता से देखते हुए आरोपियों की तलाशी करने पर मुख्य आरोपी हर्ष उर्फ हुक्कू साहू भागने की फिराक में रेलवे स्टेशन में छिपा था उसे घेराबंदी कर पकड़ा गया। प्रकरण के अन्य आरोपी कनक उर्फ कनकू चतुर्वेदी (20 वर्ष ) निवासी स्टेशन मरोदा, प्रियांशु उर्फ द्रविन्द्र (20 वर्ष ) निवासी बजरंग पारा स्टेशन मरोदा, राज कुमार उर्फ राज साहू (20 वर्ष ) निवासी सूर्य नगर नेवई, ऐश्वर्य उर्फ अज्जू कुमार देवांगन (24 वर्ष ) निवासी शंकरपारा नेवई व टीकम ठाकुर उर्फ कारलोस (23 वर्ष ) निवासी स्टेशन को गिरफ्तार किया इसके बाद आरोपियों का घटनास्थल का रिक्रिएशन कराया गया

## 30 महिलाओं को दिया कशीदाकारी का प्रशिक्षण




भिलाई, 25 अप्रैल। सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के सीएसआर विभाग के तत्वाधान में, नारी सशक्तिकरण के उद्देश्य के अंतर्गत, महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने हेतु सीएसआर सेक्टर-5 में, कशीदाकारी प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया था। इस कशीदाकारी प्रशिक्षण शिविर में कुल 30 महिलाएं शामिल थी। यह प्रशिक्षण 3 महीने तक प्रदान किया गया। शिविर का शुभारंभ 11 दिसम्बर 2023 को तथा समापन 23 मार्च 2024 को हुआ। जिसका समापन समारोह 24 अप्रैल को आयोजित किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में महाप्रबंधक श्रीमती शीजा मैथ्यू उपस्थित थी। कार्यक्रम में महाप्रबंधक शिवराजन नायर, वरिष्ठ प्रबंधक सुशील कामड़े सहित उप प्रबंधक के के वर्मा मौजूद रहे। श्रीमती शीजा मैथ्यू ने सीएसआर के इस पहल और सभी महिलाओं के कशीदाकारी कार्य की सराहना की। उन्होंने अन्य जरूरतमंद महिलाओं को भी प्रशिक्षित करने और अपने कार्य से देश की अर्थव्यवस्था में भागीदार बनने के लिए उन्हें प्रोत्साहित किया। शिविर में महिलाओं को प्रशिक्षण देने हेतु प्रशिक्षक श्रीमती निशा गोयल का विशेष योगदान रहा। शिविर में विभिन्न कढ़ाई जैसे ज़रदोजी, गोटापट्टी, मिरर, फुलकारी, चिकनकारी, कांथा, कसूती आदि का प्रशिक्षण दिया गया। इस प्रशिक्षण के दौरान महिलाओं ने कुशन कवर, बेड शीट, टेबल क्लॉथ, फ्रेम वर्क, दुपट्टा, हुप आर्ट, कुर्ती तथा सूती की साडियों में कढ़ाई करना सिखा। साथ ही विभिन्न राज्यों के स्टिच जैसे कर्नाटका, लखनवी, काथावर्क, चैन, उल्टी बखिया, एप्लिक वर्क आदि सिखाया गया। इस प्रशिक्षण के माध्यम से महिलाओं के कौशल का विकास तो होगा ही, साथ ही इनके लिए रोजगार के अवसर भी प्राप्त होंगे। गृहणी महिलाओं की सुविधा को देखते हुए यह प्रशिक्षण, सुबह और शाम दो शिफ्ट में दिया जाता था। इस प्रशिक्षण के समापन पर कुछ महिलाओं ने बताया, कि वे इस कौशल विकास से कैसे लाभान्वित हुई हैं। उन्होंने बताया की 30 महिलाओं में से कुछ लोगों को इस कौशल विकास के प्रशिक्षण के दौरान ही रोजगार के अवसर प्राप्त हुए हैं। महिलाओं ने कहा कि यह प्रशिक्षण निश्चित रूप से भविष्य में भी उनकी आर्थिक स्थिति को मजबूत बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। संचालन विकास सहायक श्रीमती रजनी रजक द्वारा किया गया। धन्यवाद ज्ञापन सुशील कामड़े द्वारा दिया गया।

### करदाताओं के लिए सुनहरा मौका संपत्तिकर अदायगी पर अप्रैल से जून तक 6 प्रतिशत की छूट

**दुर्ग,25 अप्रैल।** एम.आई.सी. की स्वीकृति की प्रत्याशा में एवं आयुक्त लोकेश चन्द्राकर के निर्देशानुसार नगर पालिक निगम, दुर्ग क्षेत्रान्तर्गत निवासरत वार्ड क्रमांक 01 से 60 वार्ड के संपत्तिकर करदाताओं द्वारा अपने भवनों / भूमियों का सनहाल वित्तीय वर्ष 2024-25 का टैक्स राशि जमा करने वाले करदाताओं को वर्ष 2024-25 के सम्पत्तिकर पर पूर्व वर्षों की भाँति इस वर्ष भी छूट का लाभ दिया जावेगा।करदाताओं के लिए सुनहरा मौका।बता दे कि करदाताओं के लिए इस सुनहरा अवसर लाभ ले सकते है ( अप्रैल से जून तक 6त्न छूट ) जुलाई से सितम्बर 4त्न छूट अक्टूबर से दिसम्बर तक 2त्न छूट प्राप्त कर सकते है।

## सभी तरह के वाहनों की करें सघन जांच कलेक्टर ने दिए अधिकारियों को निर्देश

**0 दुर्ग, 25 अप्रैल ।** लोकसभा निर्वाचन 2024 दुर्ग जिला अंतर्गत गठित उड़नदस्ता दल(एफएसटी), स्थैतिक निगरानी दल (एसएसटी) के दल प्रभारियों की बैठक आज कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी की अध्यक्षता में कला मंदिर सिविक सेंटर भिलाई में आयोजित की गई।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी ने निगरानी दल में तैनात सभी अधिकारी को पूरे समय चौकन्ना रहकर मुस्तैदी के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करने को कहा। उन्होंने मार्ग से गुजरने वाली प्रत्येक वाहनों का अनिवार्य रूप से जांच करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि निर्वाचन कार्य में तैनात टीम को भारत निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देशों की भलीभांति जानकारी होनी चाहिए, जिससे कार्य करने एवं निर्णय लेने में आसानी होगी। इसमें लापरवाही पाये जाने पर संबंधित के विरूद्ध कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि वाहनों की जांच के दौरान जाम की स्थिति नहीं बननी चाहिए यह सुनिश्चित करें। उन्होंने जरूरत के मुताबिक ऐसे जगहों पर स्थैतिक निगरानी दलों की संख्या बढ़ाने के निर्देश दिए। पुलिस प्रेक्षक श्री अनुपम शर्मा ने कहा कि लोकसभा निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान निर्वाचन क्षेत्रों में असामाजिक तत्वों आदि के आवाजाही पर नजर रखने के लिए गठित दल पूरी पारदर्शिता के साथ कार्य करें। एफएसटी और एसएसटी की टीम निर्वाचन से संबंधित कोई गतिविधि संदिग्ध पाये जाने पर उसकी जांच जरूर करें। उन्होंने निर्वाचन कार्य को प्रभावित करने वाले प्रत्येक गतिविधियों की वीडियोग्राफी करते हुए गाड़ी का नंबर, वाहन चालक का नाम, मोबाईल नंबर इत्यादि रजिस्टर में एंट्री करने को कहा। व्यय प्रेक्षक श्री प्रसन्ना वी. पत्तनसेठ्ठी ने कहा कि वाहनों के चेकिंग के दौरान वीडियोग्राफी कराते समय वाहन चालक का नाम, गाड़ी का नंबर, रजिस्टर में आवश्यक जानकारी की दिनांकवार एंट्री जरूर करें। सभी निगरानी दल अलर्ट होकर चेकपोस्टों से होकर गुजरने वाली प्रत्येक वाहनों की जांच अनिवार्य रूप से करें। निगरानी दल चुनाव लड़ने वाले अभ्यर्थियों द्वारा किए जाने वाले व्यय जैसे सभा, जुलूस, रैली, रोड शो, आदि पर किए जाने वाले व्यय तथा शिकायतों के संबंध में आवश्यक कार्यवाही किया जाना सुनिश्चित करें। उन्होंने दलों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि पिछले विधानसभा निर्वाचन में आप लोगों को कार्य करने का अनुभव है। इस बार भी तनावमुक्त होकर संवेदनशीलता के साथ कार्य करने को कहा।

बैठक में ए.डी.एम. श्री अरविंद एक्का, अपर कलेक्टर श्रीमती योगिता देवांगन, संयुक्त कलेक्टर श्री हरवंश मिरी, डिप्टी कलेक्टर श्री महेश राजपूत, श्री लवकेश ध्रुव, श्री मुकेश रावटे, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री अभिषेक झा, राज्य प्रशासनिक सेवा के अधिकारी सहित एफएसटी व एसएसटी के अधिकारी मौजूद थे।

### निधन

**सत्यवती द्विवेदी**



**भिलाई, 25 अप्रैल।** हुडको निवासी गायत्री परिवार की वरिष्ठ कार्यकर्ता श्रीमती सत्यवती द्विवेदी का 17 अप्रैल को निधन हो गया । अंतिम संस्कार रामनगर मुक्तिधाम में संपन्न हुआ। वे पवन कुमार द्विवेदी की पत्नी, संजय द्विवेदी एवं सविता तिवारी की माता थीं।

**यशवंत ए. साठवाने**



**भिलाई, 25 अप्रैल।** हर्षिल रॉयल कॉलोनी, कातुलबोड, दुर्ग निवासी सेवानिवृत्त एचएससीएल अधिकारी यशवंत ए. साठवाने उम्र 84 साल का 22 अप्रैल को निधन हो गया है । अंतिम संस्कार रामनगर मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

# निष्पक्ष लोकसभा मतदान के लिए निकाला फ्लैग मार्च, कलेक्टर,एस.पी. हुए शामिल

## पुलिस अधीक्षक कार्यालय से प्रारंभ हुआ फ्लैग मार्च



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 25 अप्रैल।** कलेक्टर जिला राजनांदगांव श्री संजय अग्रवाल एवं पुलिस अधीक्षक श्री मोहित गर्ग, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (ऑप्स) श्री मुकेश ठाकुर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री राहुल देव शर्मा, नगर पुलिस अधीक्षक श्री पुष्पेन्द्र नायक के द्वारा स्वयं पुलिस अधीक्षक कार्यालय से फ्लैग मार्च प्रारंभ हुआ जिसमें शहर के थाना/चौकी का बल, रक्षित केन्द्र का बल एवं अर्धसैनिक बल शामिल हुए फ्लैग मार्च महावीर चौक से मानव मंदिर चौक, हलवाई लाईन होते हुए भारतमाता चौक, सदर बाजार होते हुए नंदई चौक, लखोली, गौरीनगर, चिखली, शंकरपुर, ढाबा, मोतीपुर, ममतानगर, नवांगांव, सुकुल दैहान, इंदामरा, पेण्ड्री, अम्बेडकर चौक, कमला कॉलेज चौक, बसंतपुर व शहर के विभिन्न चौक चौराहों से होते हुए गुजरी जो लोगों से निर्भीक होकर मतदान का प्रयोग करने हेतु की गयी अपील । थाना के बल के साथ डी.आर.जी./एम.पी.एस.ए.एफ./अर्धसैनिक बल वाहनों एवं पैदल फ्लैग मार्च में हुए शामिल। निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण लोकसभा निर्वाचन हेतु थाना कोतवाली, बसंतपुर, लालबाग, सोमनी, घुमका, डोंगरगढ़, डोंगरगांव, गैंदाटोला, ओ.पी. चिखली, सुरगी, तुमड़ीबोड़ एवं सुकुलदैहान द्वारा अपने-अपने क्षेत्र में भी पृथक-पृथक निकाला गया फ्लैग मार्च। मतदान के समय किसी प्रकार की अशांति फैलाने या असंवैधानिक कृत्य करने वालों के खिलाफ की जायेगी सख्त कार्यवाही। पुलिस अधीक्षक श्री मोहित गर्ग के निर्देशन पर आगामी लोकसभा चुनाव सुरक्षित एवं शांतिपूर्ण संपन्न कराने हेतु जिला के समस्त थाना/चौकी में पृथक-पृथक फ्लैग मार्च निकालने के दिये निर्देश। जिसके तहत् सभी थाना/चौकी में भी निकाला गया फैग मार्च। लोकसभा चुनाव भयमुक्त, निष्पक्ष, शांतिपूर्ण मतदान कराना पुलिस प्रशासन का अहम उद्देश्य।

### कांग्रेसजनों ने किया जनसंपर्क

**डोंगरगढ़ 25 अप्रैल।** कांग्रेस जनों द्वारा प्रचार के अंतिम दिन वार्ड नं 16, 17, 12 के साथ साथ गोलबाजार एवं जैन मंदिर से बुधवारी पुल तक प्रचार प्रसार कर राजनांदगांव लोकसभा क्षेत्र के कांग्रेस प्रत्याशी पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के पक्ष में मतदान हेतु अपील किया गया। इस दौरान पीसीसी महामंत्री डॉ थानेश्वर पाटिला पीसीसी संयुक्त महामंत्री प्रदीप शर्मा पूर्व नपाध्यक्ष धीरज मेश्राम महिला कांग्रेस प्रदेश उपाध्यक्ष संध्या देशपांडे पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष द्वय संजय श्रीवास्तव व संजीव गोमास्ता कृष्ण कुमार बघेल रामजी तराने महिला कांग्रेस प्रदेश सचिव किरण मेश्राम सेवादल ग्रामीण जिलाध्यक्ष जितेन्द्र भाटिया पूर्व पार्षद हरिश भंडारी एडविन हैदर शिशुपाल भारती रूपचंद खोबरागड़े धन्ना गणवीर राजकुमार गरेवाल गणेश मुदलियार नरेश करसे संजीव बक्सरे संजय फुले मनोज रजक दुलीचंद बडोले भाऊदास बंजारे सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस जन उपस्थित रहे।



## एक नजर

### भाजपा ने बढ़ाया महिलाओं का मान और काँग्रेस ने किया सिर्फ ठगने का काम: नीरेंद्र साहू

**डोंगरगांव 25 अप्रैल।** डोंगरगांव भाजपा मंडल के कद्दावर नेता और कार्यकर्ता डॉ निरेन्द्र साहू ने भाजपा सरकार द्वारा किये गए कार्यो की सराहना करते हुए लोगो से अपील की है कि अपना अमूल्य वोट देश हित और विकास के लिए भाजपा को ही दे! डॉ साहू ने कहा कि भाजपा सरकार ने महिलाओं के खाते में एक हजार रु पंहुचा कर महिलाओं का मान बढ़ाया है। साथ ही लाखो गरीब परिवारों को रहने के लिए आवास उपलब्ध करवाया है जो किसी वरदान से कम नही हैं। जून 2015 में, मोदी ने ÷2022 तक सभी के लिए आवास÷ परियोजना शुरू की, जिसका उद्देश्य भारत के शहरी गरीबों के लिए लगभग 20 मिलियन किफायती घर बनाकर भारत में मलिन बस्तियों को खत्म करना था ।मोदी सरकार ने किसानों को बोनस देने के साथ साथ उनका खयाल रखा है। कुल मिलाकर कहा जा सकता है भाजपा किसान हितैसी सरकार है। डॉ साहू ने कांग्रेस और भूपेश पर आरोप लगाते हुए कहा कि कांग्रेस किसानों और लोगो को सिर्फ ठगने का काम किया है भूपेश ने सिर्फ लोगो को ठगने और उनके भरोसे के साथ खिलवाड़ किया है।



### लोकतंत्र की मजबूती के लिए वोट जरुर डालें: हारुन मानिकपुरी

**छुरिया 25 अप्रैल।** छत्तीसगढ़ दैनिक वेतन भोगी वन कर्मचारी संघ दुर्ग के संभाग उपाध्यक्ष हारुन मानिकपुरी ने कहा कि मतदान का अर्थ है शासन व्यवस्था के सुचारू रूप से संचालन के लिए नेतृत्वकर्ता का चयन करना , अपने विचार का उपयोग कर सही और ग़लत का निर्णय कर अपने देश के लिए प्रतिनिधि चयन करना अपना राय देना , योग्य और अयोग्य में पहचान कर जनमत की शक्ति का प्रयोग। सार्वजनिक हित के लिए जो कार्य कर सके उन्हें अपने मत का दान करें। एक सफल नेतृत्व के सानिध्य में शासन व्यवस्था को व्यवस्थित चला सके। हमें एक उत्साह होना चाहिए कि हमें अपने देश के लिए प्रतिनिधि चुनने का सौभाग्य मिल रहा है। खुश होकर अधिक लोगों को लोकतंत्र के इस महापर्व में हिस्सा लेने के लिए प्रेरित भी करना चाहिए। एक प्रबुद्ध ,जागरूक , जिम्मेदार नागरिक होने के नाते हमें मतदान का अधिकार मिला है जो हमारी नैतिक जिम्मेदारी भी है। शासन के व्यवस्थित संचालन के लिए योग्य प्रतिनिधि का चयन अतिआवश्यक है। किसे अपने देश की बागडोर सौंपना है। जो अपने हर नागरिक की सर्वांगीण विकास के लिए संकल्पित हो इस पर चिंतन आवश्यक है। पहले तय करें देश की प्रगति के लिए सबसे जरूरी क्या है। रोटी, कपड़ा, मकान, शिक्षा, रोजगार, लघु उद्योग, बिजली, पानी, सड़क , स्वास्थ्य,राशन, साथ ही देश की आंतरिक सुरक्षा मजबूत हो और देश प्रगति की दौड़ में आगे आने के लिए तकनीकी ज्ञान, नैतिक मूल्यों, शांति सुरक्षा सहित विभिन्न समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिए एक सफल नेतृत्व जो जमीन से जुड़ी हो। जिसमें कुशलता , सूझबूझ , मानवीय गुण हों।



### व्यापारियों ने की लोगों से शत-प्रतिशत मतदान करने की अपील

**राजनांदगांव 25 अप्रैल।** लोकतंत्र के उत्सव में जिले में शत-प्रतिशत मतदान के लक्ष्य को पूरा करने एवं मजबूत, सशक्त, सुदृढ़ लोकतंत्र के लिए तथा मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित करने राजनांदगांव शहर के व्यापारियों द्वारा अनूठी पहल की गई है। मतदान दिवस 26 अप्रैल 2024 को अधिक से अधिक मतदाताओं को मतदान के लिए जागरूक करने के उद्देश्य से प्रतिष्ठानों द्वारा मतदाता ग्राहकों को 10 प्रतिशत की विशेष छूट दी जाएगी। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री संजय अग्रवाल के मार्गदर्शन में लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत जिले में स्वीप अंतर्गत शत प्रतिशत मतदान के लक्ष्य को पूरा करने के लिए विभिन्न संस्थाओं के सहयोग से मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में मतदान दिवस 26 अप्रैल 2024 को अधिक से अधिक मतदाताओं को मतदान के लिए जागरूक करने के उद्देश्य से मेसर्स बरडिया ज्वेलर्स सदर बाजार में ज्वेलरी मेकिंग चार्ज पर 10 प्रतिशत की विशेष छूट दी जाएगी। इसी तरह मेसर्स डीके रेडीमेड गुड़ाखु लाईन, मेसर्स जलाराम स्वीट्स जीई रोड, मेसर्स मिठाई वाला लखोली चौक, मेसर्स जोधपुर स्वीट्स अनुपम नगर, मेसर्स शर्मा बेकर्स के सभी स्टोर्स एवं मेसर्स शिवम मार्ट कमला कॉलेज रोड में प्रत्येक मतदाता ग्राहक को प्रत्येक खरीदी पर 10 प्रतिशत की विशेष छूट दी जाएगी। प्रत्येक खरीदी पर 10 प्रतिशत की विशेष छूट का लाभ लेने के लिए प्रत्येक मतदाता ग्राहक को मतदान केन्द्र के सामने ऊंगली पर स्याही के निशान के साथ सेल्फी फोटो दिखाना अनिवार्य होगा तथा विशेष छूट का लाभ मतदान दिवस 26 अप्रैल के लिए होगा। व्यापारियों द्वारा जिले के सभी मतदाताओं से लोकतंत्र के इस उत्सव को मनाने तथा राष्ट्र की उन्नति में सहभागी बनने के लिए मतदान दिवस शुक्रवार 26 अप्रैल 2024 को मतदान केन्द्र पहुंचकर अपना बहुमूल्य मतदान का प्रयोग करने की अपील की गई है।

### एयरटेल ने पेश किया दुनिया घूमने वाले ग्राहकों के लिए किफ़ायती इंटरनेशनल रोमिंग पैक

**रायपुर 25 अप्रैल।** भारत के प्रमुख टेलीकॉम सर्विस प्रोवाइडर्स में से एक, भारती एयरटेल (एयरटेल) ने आज विदेश यात्रा करने वाले ग्राहकों के लिए किफ़ायती अंतरराष्ट्रीय रोमिंग पैक पेश किए हैं। नए पैक में 184 देशों तक पहुंच शामिल है और इनका टैरिफ रु 133 प्रतिदिन से शुरू होता है, जो इन्हें विदेशों में मिलने वाले लोकल सिम की तुलना में भी काफी किफ़ायती विकल्प प्रदान करते हैं। इसके अतिरिक्त इन पैक्स के साथ बेहतर डेटा बेनिफिट्स, उड़ान के दौरान इन-फ्लाइट कनेक्टिविटी और 24×7 कॉन्टैक्ट सेंटर सपोर्ट उपलब्ध होता है। इन सुविधाओं को यथासंभव सुविधाजनक बनाने के लिए, एयरटेल ने यह भी सुनिश्चित किया है कि इन 184 देशों की यात्रा करने वाले ग्राहकों को अब विभिन्न देशों के लिए अलग-अलग पैक लेने की आवश्यकता नहीं है।

### अवैध शराब बेचने व आम जगह पर शराब पीने वाला चढ़ा पुलिस के हत्थे

**राजनांदगांव 25 अप्रैल।** पुलिस अधीक्षक महोदय श्री मोहित गर्ग, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री राहुल देव शर्मा राजनांदगांव एवं नगर पुलिस अधीक्षक श्री पुष्पेन्द्र नायक के मार्गदर्शन में आगामी लोकसभा चुनाव को दृष्टिगत रखते हुए एवं जिले मे चलाये जा रहे अभियान मे अवैध शराब बिक्री करने वालो व आम जगह पर शराब पीने वालो विरुद्ध कार्यवाही हेतु लगातार पेट्रोलिंग व कार्यवाही किया जा रहा है अभियान के तहत आज दिनांक 24.04.2024 को चौकी चिखली स्टाफ के टीम बना कर अभियान के दौरान मुखबीर की सूचना पर आरोपी रमेष कुमार पारधी पिता स्व0 चुनु लाल पारधी साकिन बोईरडीह पुलिस चौकी चिखली जिला राजनांदगांव को शराब बिक्री करने हेतु रखे एक प्लास्टिक सफेद थैला मे 32 पौवा देषी प्लेन शराब कुल 57.60 बल्क लीटर कुल कीमती 2880 रूपये को जप्त किया गया है आरोपी के विरूद्ध धारा 34(2)आबकारी अधिनियम कार्यवाही कर माननीय न्यायालय समक्ष पेश कर आदेशानुसार जेल दाखिल किया गया,आरोपी के विरूद्ध पूर्व मे भी आबकारी अधिनियम के प्रकरण पंजीबद्ध है। इसी प्रकार अभियान के तहत् आम जगह पर शराब पीने वाले आरोपी अनिल पारधी पिता झग्गर पारधी उम्र 21 साल साकिन बोईरडीह पुलिस चौकी चिखली के विरूद्ध धारा 36(च) आबकारी अधिनियम के तहत कार्यवाही किया गया ।

## हत्या के प्रकरण में पुलिस को मिली सफलता

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 25 अप्रैल।** मामले का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है कि दिनांक 23-04-2024 के प्रातः थाना घुमका पुलिस को सूचना मिली कि थाना क्षेत्रांतर्गत ग्राम बिजेतला निवासी श्रीमति कांति बाई साहू उम्र 65 वर्ष की संदेहास्पद मृत्यु हुई है जिसके शव को मृतिका के घर में स्थित कुंए में से निकाला गया है । उक्त सूचना पर घुमका थाने से पुलिस स्टाफ मौके पर मृतिका घटना स्थल पहुंचकर मौके पर मर्ग कायम कर जांच कार्यवाही प्रारंभ की गई । घटना स्थल व शव निरीक्षण दौरान प्रथम दृष्टया मृतिका कांति बाई साहू को किसी अज्ञात व्यक्ति के द्वारा भारी वस्तु से उसके सिर, माथे, चेहरे व गर्दन में गंभीर चोंट पहुंचाकर हत्या करना तथा शव को छिपाने के उद्देश्य से मृतिका के घर के कुंए में फेकना पाये जाने पर मौके पर अज्ञात व्यक्ति के विरूद्ध धारा ङ्क 302, 201 भादवि0 कायम कर विवेचना में लिया गया था । विवेचना के दौरान यह तथ्य सामने आया कि घटना के बाद से मृतिका का छोटा पुत्र टुमन परिजनों के जानकारी के बिना कहीं फरार है एवं मृतिका का पहना हुआ चांदी का करधन भी गायब है। उक्त घटना क्रम की सूचना वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों को दी गई जिस पर प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय श्री मोहित गर्ग, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महोदय राहुल देव शर्मा, अनुविभागीग पुलिस अधिकारी डोंगरगांव श्री दिलीप सिसोदिया के निर्देशन में थाना प्रभारी घुमका निरीक्षक विनय कुमार पम्मार के नेतृत्व में तत्काल घुमका पुलिस के द्वारा आरोपी की पतासाजी प्रारंभ की गई । पतासाजी के दौरान आरोपी टुमन साहू का लोकेशन दुर्ग जिले के उतई क्षेत्र में मिलने से थाना स्तर से टीम गठित कर अविलंब आरोपी के लोकेशन दुर्ग जिले के उतई क्षेत्र में पहुंचे जहां आरोपी टुमन साहू मोटर सायकल से बालोद की तरफ भागने का प्रयास कर रहा था । जिसे पुछताछ हेतु दिनांक 23-04-2024 को हिरासत में लेकर थाना लाये । पुलिस पुछताछ में आरोपी टुमन द्वारा बताया गया कि उसे बैगा गुनिया के ईलाज हेतु 36,000 रूपये की आवश्यकता थी आरोपी द्वारा दिनांक घटना 23-04-2024 के करीब 07 बजे जब आरोपी की माता व आरोपी दोनों घर पर ही थे उस समय आरोपी पुत्र ने अपनी मां से पैसों की मांग किया ।




## भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे.पी.नड्डा के नेतृत्व में नरेंद्र सोनी भाजपा में शामिल

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**खैरागढ़ 25 अप्रैल।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में देशहित और राष्ट्रीय सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा व प्रदेश अध्यक्ष किरण सिह देव के नेतृत्व में भिलाई में आयोजित विशाल जनसभा को संबोधित करने पहुंचे भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के नेतृत्व में नरेंद्र सोनी भाजपा में शामिल हुए भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने स्वयं नरेंद्र सोनी को पार्टी गमछा कंधे में डालकर भाजपा परिवार में शामिल किया बता दे की नरेंद्र सोनी छत्तीसगढ़ राज्य निर्माण के पश्चात छत्तीसगढ़ में कांग्रेस के सत्ता के रहते हुए अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद कार्यकर्ता रहते हुए शासकीय रानी रश्मि देवी महाविद्यालय के प्रथम निर्वाचित अध्यक्ष बने और कई वर्षो तक साधारण कार्यकर्ता बन रहे वही पूर्व सांसद खैरागढ़ विधानसभा के विधायक रहे राजा देवव्रत सिंह के निधन के पश्चात खैरागढ़ विधानसभा उपचुनाव में जनता कांग्रेस के विधायक प्रत्याशी रहे हैं राजनांदगांव के पूर्व सांसद देवव्रत सिंह के बहन दामाद है और राजनांदगांव लोकसभा क्षेत्र में सबसे ज्यादा समय तक सांसद रहने का रिकॉर्ड राज परिवार का ही है श्री सोनी ने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष श्री किरण सिंह देव प्रदेश महामंत्री संजय श्रीवास्तव सहित उन सभी का आभार प्रदर्शन किया और साथ ही सभी वर्गो से आवाह्न किया कि छत्तीसगढ़ में भाजपा को विजयी बनावे ताकि यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हमारा देश पूरे विश्व में तीसरी आर्थिक महाशक्ति बनने की ओर अग्रसर हो सके और विकसित भारत का सपना साकार हो सके उक्त आयोजित विशाल जनसभा मंच में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा सहित दुर्ग भाजपा सांसद प्रत्याशी विजय बघेल जिला अध्यक्ष महेश वर्मा निशु पांडे युवा मोर्चा अध्यक्ष अमित साहू पूर्व सांसद चंदूलाल साहू पूर्व महिला विकास मंत्री रमशिला साहू लाभ चंद बाफना रोहन साहू जितेंद्र साहू भाजपा के वरिष्ठ पदाधिकारी सहित युवा मोर्चा के पदाधिकारी प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

### कलेक्टर ने मतदान करने की अपील की

**राजनांदगांव 25 अप्रैल ।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री संजय अग्रवाल ने जिले के सभी मतदाताओं को लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत मतदान तिथि शुक्रवार 26 अप्रैल 2024 को मतदान केन्द्र पहुंचकर मताधिकार का उपयोग करने की अपील की है। कलेक्टर ने कहा कि जिले के सभी मतदाता मतदान कर लोकतंत्र को मजबूत करने में अपना सहयोग दें। मतदान करना अधिकार ही नहीं बल्कि कर्तव्य भी है, आप अपने इस कर्तव्य का निर्वहन कर लोकतंत्र को मजबूत बनाने में अपना योगदान करें।



### सोशल मीडिया में आपत्तिजनक पोस्ट का आरोप, पूर्व विधायक छन्नी साहू पहुंचे थाना

## कांग्रेस पार्षद सुनील लारोकर के घर पुलिस की दबिश

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**छुरिया 25 अप्रैल।** नगर के वार्ड क्रमांक 1 के पार्षद और नवाज खान के खास माने जाने वाले सुनील लारोकर को पुलिस रात्रि 10:00 बजे उठा कर थाने ले गए वार्ड वासीगण कारण बताओ बोलकर विरोध करते रहे।

मिली जानकारी के अनुसार रात्रि 9ः00 बजे से स्थानीय पुलिस टीम ने सुनील लारोकर पार्षद वार्ड नंबर 1 के घर में दबिस दिया और 1 घंटे बाद थाना ले जाने के लिए उठाया उस वक्त कांग्रेस के कुछ कार्यकर्ता और वार्ड क्रमांक एक के वार्ड वासियों ने सुनील को ले जाने के विरोध प्रदर्शन किया और पुलिस को किस अपराध के जुर्म में हमारे पार्षद को ले जा रहे हो बोलकर नारे बाजी किया गया। नारेबाजी में पुलिस प्रशासन हाय हाय ,पुलिस तेरी गुंडागर्दी नहीं चलेगी, संतोष पांडे मुर्दाबाद, बीजेपी मुर्दाबाद ,बीजेपी तेरी दादागिरी नहीं चलेगी नहीं चलेगी इस तरह से नारेबाजी के बीच पुलिस वाले सुनील लारोकर को गाड़ी में बैठाने की कोशिश किया गया किंतु सुनील लारोकर गाड़ी में बैठने से मना कर दिया और पैदल थाने जाने के लिए जिद मे अड़ गया जिसके कारण पुलिस पैदल सीताबर्डी गली से होते हुए थाने ले जाया गया ,साथ में वार्ड वासी और कांग्रेसी नेता नारे बाजी करते हुए थाना गए लेकिन थाना के बाहर ही फिर से पुलिस को सुनील को अंदर ले जाने के लिए मना किया और घेर लिया पुलिस प्रशासन ने जैसे तैसे करके सुनील लारोकर को थाना के अंदर ले जाया गया । वही वार्ड वासियों एवम कांग्रेस कार्यकर्ता थाना के बहार बैठ गए।पूर्व विधायक छन्नी चंदू साहू , पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष राजकुमारी सिन्हा,मनोज सिन्हा ,सलमान खान फैज मोहम्मद ,सुदामा साहू ,शंकर साहू ,अनिल लारोकर, गौतर ढीमर, गोकुल ढीमर ,राजू ढीमर ,कांतिबाई, पुनिया बाई ,मीना बाई यादव ,संत्री बाई यादव ,थान सिंह, गोल्डी कुरैशी, सोहेल खान ,दयाराम जगने सहित दर्जनों वार्डवासिगण सुनील के बचाव मे नारे बाजी करते हुए थाने गए।देर रात तक सुनील लारोकर को थाने में बैठाये रखे और सुबह सुबह छोड़े जाने की सूचना है। बताया जाता है कि सुनील लारोकर द्वारा आपत्तिजनक सोशल मीडिया में पोस्ट किए जाने के कारण ही पुलिस की टीम उठाया है ।मीडिया कर्मियों को थाने के अंदर नहीं जाने देने से मीडिया कर्मी नाराज है, पुलिस प्रशासन के ऊपर सवालिया निशान है।

## समाचार संक्षेप

### जिले में निष्पक्ष चुनाव कराने चलाया गया चेकिंग अभियान

**राजनांदगांव 25 अप्रैल।** पुलिस अधीक्षक श्री मोहित गर्ग के निर्देशन पर अतिरिक्त पुलिस पुलिस अधीक्षक श्री मुकेश ठाकुर एवं अतिरिक्त पुलिस अधिक्षक श्री राहुल देव शर्मा के मार्ग दर्शन में लोकसभा चुनाव को लेकर सभी थानों में चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। चेकिंग के लिय विशेष तौर पर शहर के आउटर में 05 स्थितिक पॉइन्ट लगे है और 01 स्थितिक पॉइन्ट डोंगरगढ़ में लगा है जो अन्यत्र जिला व शहर के अंदर आने वाले वाहनों की गहनता से चंकिग कर रहें हैं। दूसरे जिलों/राज्य से आकर मतदान में गड़बड़ी, उपद्रव करने वालों पर नजर रखने के लिए होटल और ढाबों का चेकिंग अभियान चलाया गया। आदर्श आचार संहिता के तहत लोकसभा क्षेत्र के बाहर का व्यक्ति लोकसभा निर्वाचन के 48 घण्टा पूर्व किसी वैध कारण के बिना जिले में नहीं रहेंगे और चुनाव से संबंधित प्रचार प्रसार नहीं करेंगें इस हेतु राजनांदगांव शहर क्षेत्र के कई होटलों की चेकिंग की गई। चेकिंग के दौरान होटल/लॉज के रजिस्टर को चेक किया गया, बाहर से आकर लोकसभा चुनाव के प्रचार प्रसार में भाग लेने वाले सभी बाहरी लोगों को दिनांक 24.04.2024 के संध्यात 06:00 बजे के पहले वापस जाने को कहा गया साथ ही उनका अन्य दस्तावेजों की जांच की गई, सभी होटल/लॉज संचालकों को निर्देश दिया गया कि बाहर से आकर ठहरने वाले आगंतुकों की आईडी आदि की जांच करें कोई संदिग्ध व्यक्ति मिले तो उसकी सूचना तत्काल पुलिस को दे, अनैतिक कार्य करने वालों पर सख्त कार्यावाही की जायेगी। इसी तरह जिले के समस्त थाना/चौकी प्रभारियों द्वारा अपने-अपने थाना/चौकी क्षेत्रों के ढाबों में पहुंच कर पूछताछ की गई। सभी ढाबों संचालकों को सख्त हिदायत दी है कि होटल में ठहरने वाले प्रत्येक व्यक्तियों की आईडी आदि की जांच करें कोई संदिग्ध व्यक्ति मिले तो उसकी सूचना तत्काल पुलिस को दे। 26 अप्रैल को लोकसभा के लिए मतदान होना है जिसे निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने हेतु राजनांदगांव पुलिस द्वारा पुख्ता इंतजाम की गई है।



### डोंगरगढ़ भाजपा कार्यकर्ताओं में गद्दीदार नेताओं के खिलाफ आक्रोश

**डोंगरगढ़ 25 अप्रैल।** डोंगरगढ़ भाजपा खेमे में कार्यकर्ताओं की नाराजगी साफ देखी जा सकती है जिसका प्रमाण सोशल मीडिया के माध्यम से ग्रुप वायरल हुआ है। विधानसभा क्षेत्र अनुसूचित जाति विधानसभा क्षेत्र होने के कारण यहां पर पिछड़ा वर्ग, अल्पसंख्यक वर्ग, सामान्य वर्ग के लोगों को तवज्जो नहीं दी जाती। जब-जब चुनाव सामने आते हैं तो निष्ठावान कार्यकर्ता साइड हो जाते हैं वहीं गद्दीदार जो ना विपक्ष में ना ही कार्यकर्ताओं की सुख-दुख में शामिल होते हैं और एन चुनाव वक्त वरिष्ठ बन सामने आ अपनी रोटी सेंकते है । जिससे कार्यकर्ताओं में नाराजगी देखी जा रही है। भाजपा से जुड़े जमीनी कार्यकर्ताओ ने नाम प्रकाशित करने की शर्त पर बताया कि देश में प्रधानमंत्री मोदीजी का लहर है और जैसा कि 2014 के चुनावी सभा ग्राम देवकट्टा में पूर्व विधायक सरोजनी बंजारे का बयान कि मोदी लहर में काले कौवें को भी टिकिट मिलेगी तो जीत होगी यह बात 2024 के लोकसभा चुनाव में भी लागू होती नजर आ रही है तभी तो डोंगरगढ़ के गद्दीदार नेताओं को जमीनी कार्यकर्ताओं को नाराज कर अपनी रोटी सेंकते नजर आ रहे है। वंही बताया जाता है कि भाजपा की अंतिम जनसंपर्क रैली में मुट्ठी भर कार्यकर्ता एकत्रित हो नगर में भाजापा का प्रचार किया व बाइक रैली के गोल बाजार आते तक 25 से 30 बाइक नजर आई जिससे संगठन के पदाधिकारियों के उपर कई प्रकार के सवाल खड़े होने लगे है।भाजपा के कार्यकर्ताओं का आपसी भीड़त में भीतरी घात की संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता। जानकारों की माने तो भाजपा कार्यकर्ताओं की आपसी कलह कोई नई बात नहीं है। लंबे समय से मंडल अध्यक्ष को हटाने की मांग सहित जमीनी कार्यकर्ताओं के तवज्जो की बात को संगठन के पदाधिकारियो ने खारिज करते हुए संगठन के विरुद्ध कार्य करने व पार्टी से 6 साल का निष्कासन का हवाला देकर चुप करा दिया जाता है जिससे जमीनी कार्यकर्ताओं में अंदर ही अंदर रोष उत्पन्न हो गया है और कहीं ना कहीं भीतरी घात भाजपा के लोकसभा प्रत्याशी के लिए हार का कारण ना बन जाए। जो यक्ष सवाल बना खड़ा है।

### वार्ड नम्बर-15 के बूथ नम्बर-147की महतारी वंदन योजना की बैठक सम्पन्न

**डोंगरगढ 25 अप्रैल।** भारतीय जनता पार्टी की बूथ नम्बर147की बैठक साहू धर्मशाला पटेल वार्ड में संपन्न हुई जिसमें महतारी वंदन योजना पर प्रकाश डालते हुये डोंगरगढ विधानसभा के सहप्रभारी सुनीलकुमार जैन ने अपने संबोधन में बताया की महतारी योजना का लाभ सभी महिलाओं को मिले इसकी चिंता छत्तीसगढ़ की विष्णुदेव सरकार कर रही है एवं महिलाओं के खाते में अब तक दो दो हजार रुपये आ चुका है प्रतिवर्ष12हजार रुपये हर महिलाओं के खाते में आयेंगें श्री जैन ने किसी के बहकावे में न आने का निवेदन करते हुये भारतीय जनतापार्टी के प्रत्यासी सन्तोष पाण्डे जी के कमल छाप पर मुहर लगा कर विजयी बनाने का निवेदन किया,कार्यक्रम को भाजपा नेता भाजपा प्रकाश चौरड़िया, शहर भाजपा अध्यक्ष अमित जैन, लक्ष्मींनारायण अग्रवाल,वार्ड पार्षद राकेश अग्रवाल, उपाध्यक्ष लक्ष्मी यादव,श्रीमती सुनीता तिवारी, सुधा श्रीवास्तव, श्याम तिवारी ने भी अपने विचार रखे एवं वार्ड नम्बर12 से भाजपा को प्रचंड बहुमत से जीताने का निवेदन किया वंहा लगभग वार्ड की80 महिलाओं ने अपनी उपस्थिति दर्ज कर महिलाओं के आत्मसम्मान की रक्षा करने वाली भारतीय जनता पार्टी को अपने बूथ से प्रचंड मतों से जिताने का संकल्प लिया।



### एक्सिस बैंक वित्त वर्ष 24 का वार्षिक परिणाम

**रायपुर 25 अप्रैल।** भारत में निजी क्षेत्र के सबसे बड़े बैंकों में से एक, एक्सिस बैंक ने आज अपने वित्त वर्ष 24 की चौथी तिमाही और वार्षिक परिणामों की घोषणा की। इसमें 24,861 करोड़ रुपये का वार्षिक शुद्ध लाभ दर्ज किया गया। वित्त वर्ष 23 में 9,580 करोड़ की तुलना में यह 160%अधिक रहा। वित्त वर्ष 24 में बैंक की शुद्ध ब्याज आय सालाना आधार पर 16% और तिमाही आधार पर 11% बढ़कर 49,894 करोड़ रुपये हो गई। वित्त वर्ष 23 में यह 42,946 करोड़ रुपये थी। वित्त वर्ष 24 की चौथी तिमाही के लिए शुद्ध ब्याज मार्जिन 4.06% रहा और तिमाही में 5 बीपीएस की वृद्धि हुई। चालू एवं बचत खाता (कासा) में तिमाही आधार पर 8त्न की वृद्धि हुई और कासा अनुपात 43त्न रहा। 31 मार्च 2024 को, बैंक का सकल एनपीए और शुद्ध एनपीए स्तर क्रमशः 1.43% और 0.31% था, जबकि 31 मार्च 2023 को यह 2.02% और 0.39% था। बैंक की फी आय सालाना आधार पर 28% और तिमाही आधार पर 23% बढ़कर वित्त वर्ष 24 में 20,257 करोड़ रुपये रही। रिटेल शुल्क में सालाना आधार पर 33त्न और तिमाही आधार पर 12% की वृद्धि हुई। यह बैंक की कुल शुल्क आय का 74% था। बैंक का समग्र पूंजी पर्याप्तता अनुपात (सीएआर) 16.63% और सीईटी 1 अनुपात 13.74% था।

## संपादकीय

# बदली नहीं,सोच तो आज भी वही है

राजनीतिक दल का अपना समय होता है,जब वह जो चाहता है, बोल देता है, कर लेता है। वह किसी से डरता नहीं है। जब समय बदल जाता है तो वही दल जो कहता था, वह कहने से भी डरता है। उसे लगता है कि समय बदल गया है.अब अगर वह पहले जैसी हिम्मत दिखाएगा तो उसे राजनीतिक रूप से नुकसान होगा। कांग्रेस देश का ऐसा ही राजनीतिक दल है, जो आज अल्पसंख्यकों को आरक्षण देने की बात कहने से डरता है। उसके 24 के मेनिफेस्टों में कहीं पर भी यह वादा नहीं किया गया है कि उनकी सरकार बनेगी तो वह अल्पसंख्यकों को आरक्षण देगी। उसने कहा है कि वह अल्पसंख्यकों को शिक्षा,नौकरी,सेवा में प्रोत्साहित करेगी, एक जगह लिखा है कि वह सुनिश्चित करेगी कि अल्पसंख्यकों को शिक्षा,सेवा आदि में उनको उनका हिस्सा मिले। यही कांग्रेस है जिसने अपने 14 के घोषणापत्र में साफ सपा कहा था कि उनकी सरकार बनेगी तो मुसलमानों को आरक्षण दिया जाएगा। उससे पहले भी कांग्रेस मुसलमानों को दूसरे वर्गो्ंर का आरक्षण कम कर आरक्षण देने का पूरा प्रयास किया था, कांग्रेस की यह कोशिश कोर्ट के कारण सफल नहीं हुई। कांग्रेस संविधान की बात करती है, उससे सम्मान की बात करती है लेकिन कांग्रेस ने जो संविधान के खिलाफ है, वही करने का प्रयास किया जब उसने धर्म के आधार पर मुसलमानों को आरक्षण देने का प्रयास किया। हमारे संविधान में धर्म के आधार पर आरक्षण की व्यवस्था नहीं है लेकिन कांग्रेस ने ऐसा करने की कोशिश की। पीएम मोदी यही तो देश को बताना चाहते हैं कि कां्ग्रेस बहुसंख्यक विरोधी है और अल्पसंख्यकों का ख्याल रखने वाली है, कां्ग्रेस के लिए अ्ल्पसंख्यक मतलब जैन,सिख, बौध्द,पारसी नहीं है, मुसलमान है। कांग्रेस के लिए अल्पसंख्यक मतलब होता है महज मुसलमान। इस बार भी उसके घोषणापत्र में मुसलमानों के लिए अलग से वादे किए गए है। कांग्रस आद पिछड़ों, आदिवासी व दलित की ंचित करती है क्योंकि कभी उसके वोट बैंक रहा ये वर्ग उसके साथ चोड़ गए हैं। पहले जब यह सब वर्ग उसके साथ थे तो वह इनके आरक्षम में कमी कर मुसलमानों को आरक्षण देना चाहती थी। इसके लिए उसने पूरा प्रयास भी किया। वह सफल नहीं हुई, नहीं तो आज आदिवीसी, दलित का आरक्षण कम हो गया होता और मुसलमानों को उनका आरक्षण मिल रहा होता। देश में आज बहुसंख्यक समाज का प्रभाव बढ़ा है तो कांग्रेस की खुलकर कहने की हिम्मत नहीं हो रही है कि वह मुसलमानों को आरक्षण देगी। ऐसा भी नहीं है कि उसने यह मुद्दा छोड़ दिया है। उसकी कोशिश पहले किसी तरह सत्ता हासिल करने की है। क्योंकि उसके लिए सबसे मुश्किल काम सत्ता हासिल करना है। कांग्रेस के लिए बहुमत हासिल करना है। विपक्ष के साथ वह कोशिश कर रही है लेकिन विपक्ष उसके साथ पूरी तरह नहीं है, सब जानते हैं कि कांग्रेस अभी कमजोर है इसलिए वह उनको पूछ रही है। उनके साथ खड़ी है। कांग्रेस जिस दिन मजबूत हो जाएगी, उस दिन वह असली रंग में आ जाएगी। राहुल गांदी सहित विपक्ष के नेता आरोल लगाते रहे हैं कि मोदी की सरकार बनी तो मोदी संविधान को बदल देंगे। विपक्ष के पास यह कहने का कोई आधार नहीं है लेकिन मोदी जब कहते हैं कि कांग्रेस तो संविधान के खिलाफ जाकर काम कर चुकी है तो इसका उदाहरण कांग्रेस के इतिहास में मिलता है। देश में सबसे ज्यादा संविधान में बदलाव तो कांग्रेस ने किया है और आज वह भाजपा पर आरोप लगाती है कि वह सत्ता में आई तो संविधान बदल देगी। संविधान में कहीं नहीं लिखा है कि उसे बदला नहीं जा सकता, उसमं संशोधन नहीं किया जा सकता। संविधान में कहा गया है कि आने वाली पीढियां जरूरत के हिसाब से संविधान में संशोधन कर सकती है। समय के हिसाब से संविधान में संशोधन किए गए हैं तथा आगे भी किए जाते रहेंगे। आरक्षण के विषय में भी कहा गया था इस दस साल के बाद समाप्त कर दिया जाएगा, कांग्रेस ने अपने राजनीतिक फायदे के लिए इस समाप्त नहीं किया और आरक्षण आज देश के लिए एक गंभीर समस्या है। हर वर्ग चाहता है कि उसे आरक्षण मिले। किसी नए वर्ग को आरक्षण देने कम मतलब है कि किसी दूसरे का आरक्षण कम होना। कोई नहीं चाहता है उसका आरक्षण कम हो।

---

तनवीर जाफ़री | राजनीति

# दलबदलू: हमको उनसे वफ़ा की है उम्मीद ?



वर्तमान दौर में हमारे देश में राजनीतिज्ञों की छवि ऐसी बन चुकी है कि यदि आप किसी भी अभिभावक से पूछें कि क्या वह अपनी संतान को नेता बनाना पसंद करेगा ? तो शायद ही इसके जवाब में कोई 'हाँ' कहता दिखाई दे। दरअसल आम तौर से राजनीति में तीन श्रेणियों के लोग ही सक्रिय दिखाई देते हैं। पहली श्रेणी उन लोगों की जिन्हें राजनीति पारिवारिक विरासत में मिली है। सरल भाषा में जिन्हें परिवारवादी राजनीतिज्ञ कहा जाता है। दूसरी श्रेणी के वह लोग जो छात्र राजनीति या गांव पंचायत की सियासत से निकलकर आये हैं। और अफ़सोस के साथ कहना पड़ता है कि तीसरी श्रेणी में वह लोग आते हैं जो अपने जीवन के किसी भी क्षेत्र में सफल नहीं हो पाते और पूर्णतयः अयोग्य होते हैं। इसी श्रेणी प्रायः सम्प्रदायवादी,जातिवादी,क्षेत्रवादी राजनीति कर सफलता का शार्ट कट अपनाते हैं। बाहुबली व दबंग छवि के लोग भी प्रायः इसी श्रेणी में गिने जा।अपवाद स्वरूप कुछ ही लोग राजनीति में ऐसे होते हैं जो उच्च शिक्षा ग्रहण कर और अंतरात्मा से देश की सेवा करने की ग़रज़ से राजनीति में पदार्पण करते हैं। चूँकि ऐसे लोगों की संख्या कम होती है इसलिये कुल मिलकर नाकारे राजनीतिज्ञों का वर्ग इनपर भी हावी हो जाता है। और इसी दुर्भाग्यशाली परिस्थितियों का ही परिणाम है कि हमारा देश की राजनीति में इस समय चरित्रवान व विचारवान लोगों की कमी है जबकि अपराधी,स्वार्थी,चरित्रहीन, साम्प्रदायिकतावादी ,जातिवादी, मक्कार, झूठे, बेईमान, दलबदलू, अवसरवादी तथा पूर्वाग्रही लोगों की भरमार है। आपने देखा होगा कि कभी पत्रकार ने किसी एम एल ए से ही MLA का फ़ुल फ़ार्म पूछा और वह नहीं बता पाया। दूसरों को वन्देमातरम जबरन पढ़ाने के लिये मर मिटने के लिये तैयार कई लोगों से कैमरे के सामने लाईव डिबेट में जब वन्देमातरम सुनाने के लिये कहा गया तो वह स्वयं नहीं सुना पाया। अधिकांश नेताओं में जहालत के ऐसे अनेक प्रमाण सुनने को मिल जायेंगे।

जब ऐसे लोगों के राजनीति करने का मक़सद ही धनार्जन,स्वार्थ, और अपने राजनैतिक भविष्य को सुरक्षित रखना हो तो ज़ाहिर है वहां विचारधारा या वैचारिक प्रतिबद्धता नाम की चीज़ कोई महत्व रखती। ऐसे ज़मीर फ़रोशों और मौक़ा परस्तों को भले ही जनता पहचानने में चूक कर देती हो और उनके 'वैचारिक धर्म परिवर्तन' या दलबदल के बाद यहां तक कि कल के नंगे भूखे नेताओं के धनाढ्य बन जाने के बाद भी बार बार जनता उन्हें निर्वाचित भी करती रहती हो। परन्तु उनके इस चरित्र से उस दल के नेता भी भली भाँती वाक़िफ़ होते हैं जहाँ वे अपने स्वार्थवश व अपना राजनैतिक भविष्य संवारने के नाम पर पनाह लेते हैं। ऐसे दलों के नेता चतुराई वश अपना कुंबा बढ़ाने की ग़रज़ से उन्हें पनाह देकर उनके जनाधार का लाभ तो उठा लेटे हैं परन्तु दल बदल या विचार परिवर्तन की इस स्वार्थपूर्ण प्रक्रिया में वह नेता यह भूल जाता है कि उसपर 'दलबदलू ' होने का ठप्पा भी लग चुका है। राष्ट्रीय व क्षेत्रीय स्तर पर ऐसे तमाम स्वार्थी व मौक़ापरस्त नेता मिल जायेंगे जिन्हें आज वही पार्टियां दूध की मक्खी की तरह निकाल कर फेक चुकी हैं जिनका या तो मक़सद पूरा हो चुका है या अब उनकी वहाँ कोई ज़रुरत नहीं। वर्तमान चुनाव में भी ऐसे अनेक नेता दर दर भटकते दिखाई दे रहे हैं जिन्हें उनकी पार्टी ने इस बार प्रत्याशी नहीं बनाया। जबकि कल उन्होंने यही सोच कर दल बदल किया था कि नये दल में उनका राजनैतिक भविष्य सुरक्षित रहेगा। यहां मैं बिना नाम लिये एक उदाहरण देना चाहूंगा। एक व्यक्ति को कांग्रेस ने पहले जज फिर एक राज्य का मुख्यमंत्री बनाया। जबकि उसमें मुख्यमंत्री बनने का कोई गुण नहीं था सिवाए इसके कि उसके पिता बड़े राजनेता थे। बाद में वह सज्जन भाजपा में चले गये। आज चूँकि भाजपा वहां संघ पृष्ठभभूमि के नेताओं को पूरी तरह आगे ला चुकी है इसलिये उस राज्य में उसे आयातित नेताओं या दलबदलुओं अथवा विचार परिवर्तन करने वालों की फ़िलहाल कोई ख़ास ज़रुरत नहीं इसलिये भाजपा ने उन पूर्व मुख्यमंत्री महोदय को "पन्ना प्रमुख " बना कर उनकी




राजनैतिक हैसियत का अंदाज़ा करा दिया है।

दलबदलुओं ख़ासकर विपरीत विचारधाराओं में दलबदल करने वाले नेताओं के साथ एक और 'खेल' खेला जाता है। उन्हें सार्वजनिक रूप से उस विचारधारा के विरुद्ध मुखरित होकर बोलने को कहा जाता है जिसे वे छोड़ कर आये हैं। और मजबूरी वश चूँकि उसे अपने राजनैतिक भविष्य की चिंता होती है इसलिये वह पार्टी के मूल नेताओं से भी ज़्यादा मुखरित होकर बोलता है। यहाँ कुछ उदाहरण पेश हैं। जैसे हिमंत विस्वा सरमा। यह पहले कांग्रेस के विश्वस्त नेताओं में थे। परन्तु जब से भाजपा में गए हैं तब से इनकी कारगुज़ारियां,इनके वक्तव्य सब कुछ भाजपाई या संघ संस्कारित नेताओं से कहीं बढ़कर हैं। ऐसा इसलिये है कि इन्हें अपनी मुख्यमंत्री की कुर्सी बचाये रखने के लिये स्वयं को यह प्रमाणित करना है कि वे संघ व भाजपा की सभी उम्मीदों पर खरे उतरेंगे। इसी तरह शहज़ाद पूनेवाला जैसे दलबदलुओं को भाजपा, प्रवक्ता बनाकर कांग्रेस पर उसी के शस्त्र से प्रहार करवाती है। पिछले दिनों कांग्रेस के ही एकऔर प्रवक्ता गौरव बल्लभ भाजपा में शामिल हुये। कल तक उन्हें देश में कांग्रेस से बड़ी कोई भी धर्मनिरपेक्ष पार्टी नज़र नहीं आती थी। परन्तु पार्टी छोड़ते ही उन्होंने भाजपा की भाषा बोलते हुये कांग्रेस को सनातन विरोधी बताना शुरू कर दिया।

दरअसल इसमें ज़मीरफ़रोश नेताओं की ग़लती कम जबकि इन्हें समर्थन देने वाली आम जनता की ग़लती ज़्यादा है। विचार परिवर्तन यानी वैचारिक यू टर्न लेने के बावजूद तथा यह समझने के बावजूद कि अमुक नेता ने केवल पार्टी प्रत्याशी न बनाये जाने के लिये दलबदल किया है यानी वह नेता स्वार्थी है फिर भी जनता उसके पीछे लगी रहती है ? लोगों को पता है कि अमुक नेता भ्रष्टाचारी है और केवल अपने आप को सुरक्षित रखने के लिये सत्ता की शरण में जा रहा है,फिर भी ऐसे नेता के समर्थक उसकी जयजयकार करते रहते हैं ? जनता ने ख़ुद सोचना पड़ेगा कि जो नेता उस पार्टी के वफ़ादार न हुये जिसमें रहकर उन्हें मान,नाम,इज़्ज़त,शोहरत,पद रुतबा पहचान आदि वह सब कुछ मिला जिसकी वजह से ही कोई दूसरा दल आज उनकी 'क़ीमत' लगा रहा है, वह स्वार्थी नेता भला जनता,अपने मतदाताओं व अपने वादों के प्रति कैसे वफ़ादार हो सकता है ? बक़ौल मिर्ज़ा ग़ालिब - हमको उनसे वफ़ा की है उम्मीद? जो नहीं जानते वफ़ा क्या है।।

---

## आज का राशिफल

मेष राशि-आज आपका दिन खुशियों से भरा रहेगा। आज स्टूडेंट अपनी योग्यता से कोई महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल कर सकते हैं। पारिवारिक और व्यवसायिक गतिविधियों में संतुलन बना रहेगा। किसी भी काम को जल्दी पूरा करने की सोच रखें। बच्चे की गलतियों पर आवेश में आने की बजाय उन्हें सहजता समझने की कोशिश करें।

वृष राशि-आज का दिन आपके लिए दिन शुभ रहने वाला है। किसी काम के लिए आज आप कई बड़े फैसले ले सकते हैं। कारोबार में कुछ न कुछ चुनौतियां रहेंगी, हालांकि आपकी मेहनत के अनुरूप उचित परिणाम भी मिलेंगे। रुकी हुई पेमेंट मिलने से आर्थिक पक्ष मजबूत बनेगा। आज आपका अधिकारियों से व्यवहार अच्छा रहेगा।

मिथुन राशि-आज का दिन आपके लिए बढ़िया रहने वाला है। घर के कामों में आपका पैसा लग सकता है। कोई भी फैसला शांति से लें। आज बातचीत करने में मधुरता रखें तो आपके लिए अच्छा है। आज आपके किसी उच्च अधिकारी से मुलाकात के योग बन रहे हैं। आपका कोई नया काम शुरू हो सकता है। कई दिनों से मन चल रही किसी बात से आज आपको छुटकारा मिलेगा। आज व्यक्तिगत व्यस्तता के बाद भी कुछ समय वरिष्ठ और अनुभवी लोगों के साथ बिताएंगे।

कर्क राशि-आज का दिन आपके लिये खास होने वाला है। आपके व्यवहार में विनम्रता और लचीलापन ही आपको सम्मान दिलाएगा। पारिवारिक रिश्तों में अपनापन बढ़ेगा। आज किसी समारोह होने के कारण से आपकी जिम्मेदारी बढ़ सकती है जिसे आप बखूबी पूरा भी करेंगे। धैर्य से काम लेंगे तो काम में आसानी होगी। जीवनसाथी के साथ आपके रिश्तों में मधुरता बरकरार रहेगी।

सिंह राशि-आज आपका दिन शानदार रहेगा। परिवार का हंसी-मजाक भरा बरताव घर के वातावरण को खुशनुमा बनाये रखेगा। साथ ही आपकी निजी लाइफ बेहतर रहेगी। जो लोग आपके विरोधी हैं, वो आज अपने काम में आपकी राय मागेंगे। सरकारी विभाग के लोगों की नौकरी में सुखद परिवर्तन आयेगा, ट्रांसफर से जुड़ी अच्छी खबर मिलेगी। स्वास्थ्य के लिहाज से आज का दिन बढ़िया रहेगा।

कन्या राशि-आज आपका दिन मिला-जुला रहने वाला है। आज किसी काम के सिलसिले में दौड-धूप करेंगे। इस राशि के जो छात्र किसी कॉम्पटीशन की तैयारी कर रहे हैं, उन्हें जल्द सफलता मिलेगी। आज दान पुण्य के कार्यों में आपकी रूचि बढ़ेगी। आज आपकी बातों से दोस्त प्रभावित होंगे। गृहस्थ जीवन सुखी रहेगा।

तुला राशि-आज आपका दिन अच्छा रहेगा। प्रतियोगी परीक्षा में प्रयासरत छात्रों को जल्द सफलता मिलेगी। आज रास्ते पर किसी वृद्ध की मदद करने का मौका मिलेगा, जिससे आपको बेहद ख़ुशी मिलेगी। पहले निवेश किया हुआ पैसा आज आपको मिलेगा, जिससे अपने रुके कार्यों को पूरा करेंगे। आज बच्चे आपसे किसी निर्णय में आपकी राय मागेंगे।

वृश्चिक राशि-आज आपका दिन खुशहाल रहने वाला है। इलेक्ट्रॉनिक्स के कारोबारियों को लाभ के योग बन रहे हैं। आप अपने बिजी दिन में से कुछ समय अपने बच्चों के लिए निकालेंगे, जिसमें उनके साथ खूब इंजॉय करते हुए नजर आएंगे, इससे आप खुद को तरोताजा महसूस करेंगे। आज शाम का डिनर बाहर करेंगे। बच्चों के साथ आपसी लगाव बढ़ेगा। शिक्षकों के ट्रांसफर की परेशानियां खत्म होंगी।

धनु राशि-आज आपका दिन फेवरेबल रहेगा। परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थल पर जा सकते हैं। आज आपका मन हल्का रहेगा। आज लोगों से आपका संपर्क जुड़ेगा जो आपके लिए मददगार साबित होगा। होटल के कारोबारियों का काम बढ़िया चलेगा। साथ ही आपकी आमदनी में बढ़ोतरी होगी। आज परिवार के लोगों के साथ तालमेल बना रहेगा।

मकर राशि-आज का दिन आपके लिए शानदार रहने वाला है। आज विचारों में सकारात्मकता लाने की कोशिश करेंगे और इसके लिए आप किसी महापुरुष का अनुसरण करेंगे। आपकी ज्यादातर योजनाएं पूरी हो सकती है। आज लोगों से मिलने और बात करने में खुशी महसूस करेंगे।

कुंभ राशि-आज का दिन आपके लिए सकारात्मक परिणाम लेकर आएगा। आज अपने व्यक्तिगत काम की ओर आप उचित ध्यान दे पाएंगे। आज आपका व्यापार अच्छा चलेगा। आज आप पुराने दोस्तों से मिलने की कोशिश करेंगे। कार्यों में जीवनसाथी का सहयोग आपको प्रसन्नता देगा।

मीन राशि-आज आपका दिन नयी उमंगें लेकर आया है। काफी समय से चल रही किसी समस्या का आज समाधान ढूंढ लेंगे। नौकरी कर रहे लोगों को अपनी नौकरी में तरक्की के अवसर मिलेंगे। जीवनसाथी को आप कोई नया कार्य शुरू करा सकते हैं। काम के दबाव से निकलकर आज जीवनसाथी के साथ समय बिताएंगे।

---

## व्यंग्य

# जुबान लड़ाने की कला

डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा 'उरतृप्त'

हमारे एक मित्र हैं। आए दिन समाचार चैनल देख-देखकर उनके जुबान की धार बहुत तेज हो गई है। कभी-कभी लगता है कि साग-सब्जी भी अब इसी से काटते हैं। वैसे भी जहाँ धारदार जुबान हो वहाँ मुंड चाकुओं के होने का क्या मतलब? वे अक्सर मुझसे कहते रहते हैं कि लड़ाने को यों कुछ भी लड़ाया जा सकता है, पर जुबान लड़ाने का मजा ही कुछ और है। चाकू जुबान को नहीं चला सकती, लेकिन जुबान चाकू को जरूर चला सकती है। सुनने में बड़ा अजीब लगता है लेकिन किसी के आगे जुबान लड़ा कर देखिए। या तो बिगड़े काम बन जायेंगे। या फिर बने बनाए काम बिगड़ जायेंगे। यह सब जुबान लड़ाने वाले के कौशल पर निर्भर है कि वह कितनी अच्छी तरह से जुबान लड़ा सकता है। जुबान लड़ाना एक कला है। इसके लिए साधना करनी पड़ती है। ऋषि-मुनि की तरह। अंतर केवल इतना है कि वे ऋषि-मुनियों को एकांत की आवश्यकता पड़ती है, जबकि जुबान लडाने वालों को भीड़ की। चुनावी रैलियों, चाय की टपरी, नुक्कड़ो-चौराहों पर यह माहौल बना-बनाया मिलता है। शरीर में जुबान ही एक ऐसा अंग है जिसमें हड्डी नहीं होती है। इसलिए दुनियाभर के इंसान अलग-थलग हैं। जुबान लड़ाना एक ऐसी प्रक्रिया है, जिसकी शास्त्रीय व्याख्या बहुत जरूरी है। आप कल्पना करके देख सकते हैं कि यदि कोई व्यक्ति कुछ बोल रहा हो और उसकी बात को काटकर अपनी जुबान लड़ा दें तो स्वाभाविक है कि सामने वाली की ऐसी-तैसी होनी ही है। आखिर जुबान लड़ाने का अर्थ क्या है? अर्थ इसका काफी विस्तृत है, इसलिए विविधता भी पाई जाती है। जरूरी नहीं कि आप जिस कारण कहीं जुबान लड़ाते हो, हम भी उसी कारण से लड़ाएँ। अर्थात् यह लड़ाने वाले की नीयत पर निर्भर करता है। फिर भी, एक सार्वजनिक अर्थ इसका है, अनावश्यक हस्तक्षेप करना। कोई चाहे, न चाहे, जरूरत हो, न हो। दूसरों के मामलों में दखलअंदाजी करना। यह महज एक सामान्य और सतही अर्थ है। इसके अर्थ की व्यापकता की कोई सीमा नहीं है। यह पूरी तरह जुबान लड़ाने वाले की सुविधा, इच्छा और जरूरत पर निर्भर करता है। अब रही बात कि जुबान लड़ाने की जरूरत क्या है? यह एक शौक है, आदत है या बीमारी? देखिए, पहले इसकी शुरुआत तो एक शौक के रूप में होती है और अंत बीमारी में। जिसको यह शौक होता है, उसे जुबान लड़ाने में मजा आने लगता है। जब इसकी आदत पड़ जाती है, तब वह अवसर ढूँढ़ने लगता है।



जब इसकी लत पड़ जाती है, तब उसे जुबान लड़ाए बिना चैन नहीं पड़ता है और अंत में जब बीमार पड़ जाता है, उस अवस्था में, बिना लड़ाए भी लड़ता ही रहता है। यह जुबान लड़ाने का क्लाइमेक्स है।

प्रायः हमने देखा होगा कि कुछ लोग बुढ़ापे में दिन-रात बड़बड़ाते रहते हैं। ऐसे लोगों को यह आदत जवानी में जुबान अड़ाने से आती है, जो बुढ़ापे तक आकर बीमारी का रूप धर लेती है। कोई सुने, न सुने, वे बोलते ही रहते हैं। पहले जहाँ दूसरों को सुनाते थे, अब खुद ही सुनते हैं। सुना है कि विदेशों में लोगों को जुबान लड़ाने की आदत नहीं होती है। पता नहीं, वे फिर जीते कैसे हैं। हम बिना जुबान लड़ाए एक क्षण भी नहीं रह सकते हैं।

जुबान लड़ाने को हम अपनी सामाजिक और राष्ट्रीय जिम्मेदारी समझते हैं। इस जिम्मेदारी का एहसास हममें इतना गहरा होता है कि हम प्रायः अपना काम-धंधा छोड़कर भी, जुबान लड़ाने का नैतिक दायित्व पूरी ईमानदारी से निभाए चलते हैं। जहाँ तक जुबान लड़ाने की शैली की बात है, वह सबकी अलग होती है। जो लोग इसका अभ्यास शुरू करना चाहते हैं, वे भूलकर भी, सचमुच किसी के सामने साक्षात् अपनी जुबान नहीं लड़ाते। इससे मूल लक्ष्य बाधित होता है और हमारे हाथ-पैर या सिर के खंडित होने का खतरा भी उत्पन्न हो जाता है, क्योंकि किसी के सामने अपनी जुबान लड़ा देने पर, यह जोखिम हो जाता है कि वह इसका सार्थक उपयोग करते हुए कहीं हमें उठाकर पटक ही न दे। जुबान लड़ाना पूरी तरह से एक मानसिक प्रक्रिया है, इसलिए यह बात करने से अधिक शास्त्रीय है।

---

मनोज कुमार अग्रवाल | मीडिया

# भगवा हुआ दूरदर्शन का चिन्ह विपक्ष को है ऐतराज !



सरकारी प्रसार भारती चैनल डीडी न्यूज ने अपने नए आधिकारिक लोगो का रंग बदल दिया है। अब डीडी न्यूज के लोगो का रंग लाल से बदलकर केसरिया कर दिया गया है।यह बदलाव क्या हुआ विपक्ष को एक मुद्दा मिल गया देखते ही देखते आसमान सिर पर उठाने की कोशिश कर रहे हैं। आप को बता दें कि कुछ लोगों को भगवा रंग पर इतना आपत्ति है कि अब इस लोगो की वजह से विवाद छिड़ गया है। विपक्षी दल इसकी खूब आलोचना कर रहे हैं। हालांकि, चैनल ने सिर्फ एक बदलाव के लिए ऐसा किया लेकिन विपक्षी दलों के नेताओं ने लोकसभा चुनावों से ठीक पहले बदलाव को लागू करने की आवश्यकता पर सवाल उठाए है। बंगाल की सीएम ममता बनर्जी ने इस पर एक्स हैंडल पर लिखा कि जब पूरे देश में राष्ट्रीय चुनाव हो रहे हैं, तो अचानक भगवाकरण और हमारे दूरदर्शन लोगो का रंग बदलने से मैं स्तब्ध हूं! यह बिल्कुल अनैतिक, पूरी तरह से अवैध है, और राष्ट्रीय सार्वजनिक प्रसारक के भाजपा-समर्थक पूर्वाग्रह को जोर-शोर से बयां करता है! जब लोग चुनावी मोड में हैं तो भारत का चुनाव आयोग आदर्श आचार संहिता के इस भद्दे, भगवा समर्थक उल्लंघन की अनुमति कैसे दे सकता है?! ईसीआई को इसे तुरंत रोकना चाहिए और दूरदर्शन के लोगो के मूल नीले रंग पर वापस जाने के लिए बदलाव को वापस लेना चाहिए ! मंगलवार शाम को, डीडी न्यूज ने अपने आधिकारिक एक्स हैंडल पर अपने नए लोगो का एक प्रमोशनल वीडियो पोस्ट किया कि हम अब एक नए अवतार में उपलब्ध हैं। इसके तुरंत बाद, टीएमसी के राज्यसभा सांसद जवाहर सरकार ने लोगो बदलने की पर कहा कि राष्ट्रीय प्रसारक दूरदर्शन ने अपने ऐतिहासिक फ्लैगशिप लोगो को भगवा रंग में रंग दिया है! इसके पूर्व सीईओ के रूप में, मैं इसके भगवाकरण को चिंता के साथ देख रहा हूं और महसूस कर रहा हूं यह अब प्रसार भारती नहीं है, यह प्रचार भारती है. जवाहर सरकार ने एक वीडियो जारी कर कहा- चुनाव से ठीक पहले प्रसार भारती के पूर्व ष्टश्वह्न के रूप में दूरदर्शन के लोगो का भगवाकरण देखकर दुख होता है। एक तटस्थ पब्लिक ब्रॉडकास्टिंग अब पक्षपाती सरकार के साथ एक धर्म और संघ (आरएसएस) परिवार के रंग को शामिल करके मतदाताओं को प्रभावित करेगा।

वहीं यूपीए सरकार में सूचना एवं प्रसारण मंत्री रह चुके कांग्रेस सांसद मनीष तिवारी ने कहा- दूरदर्शन के लोगो का रंग बदलना सरकारी संस्थानों पर कब्जा करने का सरकार का प्रयास है। ऐसे कदम पब्लिक ब्रॉडकास्टर की विश्वसनीयता को कमजोर करते हैं। इस आलोचना पर प्रसार भारती के सीईओ गौरव द्विवेदी ने प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि लोगो में बदलाव आकर्षक रंग के लिए किया गया है। यह सब केवल एक बदलाव और चैनल की ब्रांडिंग के लिए किया गया है।

हम आप को बता दें कि शायद विपक्ष के नेता बखूबी जानते हैं कि केसरिया या भगवा रंग त्याग, बलिदान, ज्ञान, शुद्धता एवं सेवा का प्रतीक है।इस को सिर्फ एक धर्म से जोड़ कर देखना भी गलत है लेकिन इस देश में कुछ राजनीतिक दलों के लिए केसरिया रंग हमेशा से अछूत रहा है और इस के पीछे मुस्लिम तुष्टिकरण और राष्ट्रवादी हिन्दुत्व का दमन करने की मानसिकता जिम्मेदार है । यूं तो भगवा रंग पवित्रता जीवंतता सक्रियता निश्छलता का प्रतीक है भारतीय संस्कृति का आधार है शिवाजी की सेना का ध्वज, राम, कृष्ण और अर्जुन के रथों के ध्वज का रंग केसरिया ही था। भगवा रंग शौर्य, बलिदान और वीरता का प्रतीक भी है। भगवा या केसरिया सूर्योदय और सूर्यास्त का रंग भी है, मतलब हिन्दू की चिरंतन, सनातनी, पुनर्जन्म की धारणाओं को बताने वाला रंग है यह। जैसे हम सभी को पता है कि हिन्दू धर्म में सूर्य और अग्नि दोनों को पूजा जाता है। रौशनी और अग्नि बुराइयों को दूर करती है। केसरिया या पीला रंग सूर्य और अग्नि का प्रतिनिधित्व करता है।भगवा रंग सिर्फ हिंदू धर्म में ही आस्था का प्रतीक नहीं है। इस रंग को कई अन्य धर्मों में भी पवित्र माना जाता है। भगवा रंग का इस्तेमाल हिंदू के साथ ही बौद्ध धर्म और सिख धर्म में भी होता है। बौद्ध भिक्षु हमेशा भगवा कपड़ों में ही रहते हैं। सिख धर्म के अनुयायी भगवा पगड़ी को महत्व देते हैं, गुरु ग्रंथ साहेब को भी भगवा वस्त्र में रखा जाता है। सिख धर्म की ध्वजा निशान साहेब भी भगवा रंग की है। पूरे झंडे को भगवा कपड़ों में ही लपेटकर रखा जाता है। भगवा रंग का हिंदू धर्म या कहें कि सनातन धर्म का हिस्सा बनने की कहानी भी बहुत पुरानी है। भगवा वास्तव में ऊर्जा का प्रतीक है। जीवन और मोक्ष को भगवा के बिना प्राप्त नहीं किया जा सकता। यह शब्द भगवान से निकला है। यानी भगवान को मानने वालों का भगवा रंग प्रतीक बन गया।

अग्नि में आपको लाल, पीला और केसरिया रंग ही अधिक दिखाई देगा। हिन्दू धर्म में अग्नि का बहुत महत्व है। यज्ञ, दीपक और दाह-संस्कार अग्नि के ही कार्य हैं। अग्नि का संबंध पवित्र यज्ञों से भी है इसलिए भी केसरिया, पीला या नारंगी रंग हिन्दू परंपरा में बेहद शुभ माना गया है। कहा जाता है कि पुराने ज़माने में साधु संत जब मोक्ष की प्राप्ति के लिए निकला करते थे तब अपने साथ अग्नि को भी लेकर निकलते थे। यह अग्नि उनकी पवित्रता की निशानी बन जाती थी। पर हर समय अग्नि रखना कठिन था इसलिए अग्नि की जगह भगवा रंग के ध्वज को साधु संत लेकर चलने लगे फिर धीरे धीरे साधू संत केसरिया या कहें भगवा रंग के वस्त्र भी पहनने लगे।

भगवा रंग में भारतीय संस्कृति, हिंदू धर्म और जीवन पद्धति का संदेश छिपा हुआ है, जिसे प्राचीन काल में मनीषियों ने अर्जित ज्ञान के बल पर अपनाया था।हिंदू धर्म के मनीषियों का मानना है कि रंगों का मानव जीवन पर असर पड़ता है। इसे जानकर ही कुछ विशेष रंगों को विशेष कार्यों में इस्तेमाल किया जाता है। हिंदू धर्म के मानने वाले भगवा, केसरिया और नारंगी तीनों रंगों के ध्वज का इस्तेमाल करते हैं।हालांकि गेरू और भगवा रंग एक ही है, हालांकि केसरिया रंग में थोड़ा अंतर है। केसरिया में थोड़ा लालपन का प्रभाव होता है और भगवा में पीलापन। आप जानते हैं कि लाल, पीला और नीला ही प्रमुख रंग होते हैं, कोई रंग मद्धम पड़ता जाए तो सफेद हो जाएगा और गहरा होता जाए तो काला होता जाएगा, बाकी तीन प्रमुख रंगों के मिश्रण से हजारों रंगों का निर्माण होता है। ये जन्म, जीवन और मृत्यु की तरह हैं, जिसका हमारे दर्शन में बार-बार व्याख्या की गई है।इसके अलावा शास्त्रों में शरीर में सात चक्र की कल्पना की गई है, जो सात शरीर से जुड़े होते हैं, इनमें से तीन प्रमुख भौतिक, सूक्ष्म और कारण हैं। भौतिक में लाल रंग की अधिकता, सूक्ष्म सूर्य के पीले प्रकाश जैसा और कारण नीला रंग लिए हुए है। इसलिए इनके प्रतीक के रूप में ये हमारी ज्ञान पद्धति में आए हैं। केसरिया भगवा रंग भारत की चिरंतन, सनातनी और पूर्वजन्म की अवधारणाओं को बताने वाली संस्कृति का परिचायक रंग है। इसलिए इसे हमारी संस्कृति के प्रतीक के रूप में हमारे विद्वानों मनीषियों ने अपनाया लेकिन विपक्ष को ऐतराज है । यह रंग हमारी संस्कृति और धर्म के शाश्वत होने का प्रतीक माना गया है।फिर इस रंग से विपक्ष को आपत्ति क्यों है? सिर्फ एक समुदाय विशेष के तुष्टिकरण के लिए देश का विपक्ष इस देश की संस्कृति से किनारा करने के लिए तैयार है यही वजह है कि देश ने विपक्षी दलों की 2019 के चुनावों में दुर्गति की थी लेकिन विपक्षी दलों के नेताओं ने कोई सबक नहीं लिया और इस देश की मूल संस्कृति का पग-पग पर अपमान व बायकाट किया है जिसका परिणाम विपक्ष भुगत रहा है।

एक नजर

### लोकसभा चुनाव में 10 साल की तानाशाही को खत्म करने जनता करेगी मतदान : विनोद



**महासमुंद।** पूर्व संसदीय सचिव व महासमुंद के पूर्व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर ने केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार पर समाज के हर वर्ग को धोखा देने का आरोप लगाते हुए कहा कि लोग मौजूदा लोकसभा चुनाव में 10 साल की तानाशाही को खत्म करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। मोदी सरकार ने 10 वर्षों तक समाज के प्रत्येक वर्ग को धोखा दिया है। लोग इस चुनाव में इस तानाशाही को खत्म करने के लिए कृत संकल्प हैं।

श्री चंद्राकर ने कहा कि चुनावी बांड के फैसले पर बड़े पैमाने पर जनता द्वारा चर्चा की जा रही है और मोदी की ना खाऊंगा ना खाने दूंगा वाली पहचान का नैतिक आधार ढह गया है। देश में बढ़ती बेरोजगारी, मुद्रास्फीति, मणिपुर और लद्दाख में अशांति का प्रभाव मोदी के सिंहासन पर पड़ने वाला है। भारत के युवा बेरोजगारी से तंग आकर मोदी सरकार को कोस रहे हैं। युवाओं को प्रतिवर्ष 2 करोड़ नौकरी का झांसा देकर उनके भावनाओं से खिलवाड़ मोदी सरकार ने किया। आज देश के युवा अपने साथ हुए धोखा व अपमान का जवाब मोदी सरकार से मांग रहे हैं।चंद्राकर ने मोदी पर तानाशाही का आरोप लगाते हुए कहा कि ऐसा कोई लोकतंत्र नहीं है जहां 145 सांसदों को निलंबित कर दिया गया हो। उन्होंने मणिपुर के हालात पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसा कोई देश नहीं होगा, जहां एक राज्य लगभग एक साल से जल रहा हो और वहां का पीएम ना तो उस राज्य में जाते हैं और न ही वहां के लोगों की आवाज सुनते हैं। तानाशाही इस कदर हावी है कि, उन्होंने तीन कानूनों को पारित करने से पहले किसानों से दस मिनट भी बात नहीं की। जबकि कृषि देश का सबसे बड़ा क्षेत्र है। किसान अब भी विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं, और पीएम देश विकास के 2047 तक का खाका जैसे जुमलों से जनता को बरगलाने का प्रयास कर रहा है।

### कलेक्टर ने मतदान दलों को मंडी परिसर से शुभकामनाओं सहित किया रवाना



**महासमुंद 25 अप्रैल ।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री प्रभात मलिक के मार्गदर्शन में जिले में लोकसभा निर्वाचन 2024 की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है। 26 अप्रैल को जिले के 1080 मतदान केंद्रों में मतदान होगा। इसमें 8 लाख 66 हजार 837 मतदाता अपने मताधिकार का उपयोग करेंगे। इसी तारतम्य में कृषि उपज मंडी पिटियाझर परिसर में मतदान दलों को मतदान सामग्री वितरित कर मतदान दलों को अपने-अपने मतदान केन्द्रों के लिए कड़ी सुरक्षा के साथ रवाना किया गया। कलेक्टर श्री प्रभात मलिक एवं जिला पंचायत सीईओ श्री एस. आलोक ने आज सुबह महासमुंद जिले के विधानसभा क्षेत्र 39-सरायपाली, 40-बसना, 41-खल्लारी एवं 42-महासमुंद के मतदान केंद्रों के मतदान दलों को शुभकामनाओं सहित रवाना किया। उन्होंने मतदान दलों एवं दिव्यांग दल, संगवारी दल और युवा दल के मतदान कर्मियों से मुलाकात कर उन्हें सफलतापूर्वक अपने जिम्मेदारियों के निर्वहन के लिए शुभकामनाएं दी। साथ ही लोकतंत्र के इस महापर्व को सफलतापूर्वक संपन्न कराने में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने को कहा।कलेक्टर श्री मलिक ने मतदान सामग्री वितरण का सभी स्टालों में जाकर जायजा लिया। सभी विधानसभाओं में 16 -16 स्टाल लगाएं गए हैं। उन्होंने मतदान दल कर्मियों से बसों में जाकर मुलाकात भी की और उन्हें शुभकामनाएं दी। कलेक्टर श्री मलिक ने कहा कि लोकतंत्र के महापर्व में आपकी ज़िम्मेदारी महत्वपूर्ण है। अतः अपनी जिम्मेदारियां का निर्वहन निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार पूर्ण मनोयोग से करें।यहां मतदान सामग्री लेने पहुंचे मतदान कर्मियों ने जिला प्रशासन द्वारा किए गए व्यवस्था की सराहना की। मतदान कर्मियों ने कहा कि इस बार गर्मी को देखते हुए छाया की पर्याप्त व्यवस्था की गई है, साथ ही पेयजल, कूलर और शौचालय की व्यवस्था भी पर्याप्त है। उन्होंने कहा कि सामग्री प्राप्त करने और रवानगी में किसी भी तरह की कोई कठिनाई नहीं हुई।वहीं मतदान अधिकारीगण निर्वाचन दायित्वों के निर्वहन के लिए उत्साहित नजर आए। इससे पहले मंडी परिसर में कलेक्टर श्री प्रभात मलिक ने मतदान सामग्री वितरण का जायजा लिया।

# अतिसंवेदनशील क्षेत्रों में मतदान के लिए 9 पोलिंग पार्टी हेलीकॉप्टर से हुई रवाना



**कांकेर, 25 अप्रैल।** लोकसभा निर्वाचन-2024 के अंतर्गत दूसरे चरण में संसदीय निर्वाचन क्षेत्र कांकेर-11 के लिए 26 अप्रैल दिन शुक्रवार को मतदान सम्पन्न होगा। जिले के अतिसंवेदनशील क्षेत्रों में स्थित मतदान केन्द्रों के लिए आज सुबह 09 मतदान दल के 58 सदस्य अंतागढ़ स्थित हेलीपेड से हेलीकॉप्टर से रवाना हुए। इस दौरान मौके पर उपस्थित कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अभिजीत सिंह और एसपी श्री इंदिरा कल्याण एलेसेला ने हेलीकॉप्टर से प्रस्थान करने वाले मतदान अधिकारियों एवं सुरक्षा कर्मियों को पुष्पगुच्छ भेंट कर शुभकामनाएं देते हुए उनकी हौसला-अफजाई की। रवानगी के समय पोलिंग पार्टी के सभी अधिकारी-कर्मचारियों के चेहरे पर आत्मविश्वास, जोश और उत्साह की छवि स्पष्ट रूप से परिलक्षित हो रही थी, कि वे लोकतंत्र के सबसे बड़े पर्व व महत्वपूर्ण कर्तव्य का हिस्सा बनने जा रहे हैं।ज्ञात हो कि हेलीकॉप्टर से रवाना होने वाले उक्त नौ मतदान दलों कुल 58 अधिकारी-कर्मचारी, माइक्रो ऑब्जर्वर, सेक्टर ऑफिसर और सुरक्षा सम्मिलित हैं। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि जिले में दूसरे चरण के मतदान के लिए सभी आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। साथ ही संवेदनशील मतदान केन्द्रों में सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम भी किए गए हैं। उल्लेखनीय है कि जिले में कुल 727 मतदान केन्द्र हैं, जिनमें 285 संवेदनशील एवं 54 अतिसंवेदनशील मतदान केन्द्र हैं। शेष मतदान केन्द्रों के लिए मतदान दलों को 25 अप्रैल को रवाना किया जाएगा।

## महतारी वंदन योजना से महिलाओं का सम्मान बढ़ा :आभा तिवारी



राजनांदगांव, 24 अप्रैल । भारतीय जनता पार्टी लोकसभा चुनाव प्रत्याशी संतोष पांडे के चुनाव प्रचार में महिला मोर्चा की सैकड़ो बहने लगातार जुटी हुई है। महिला मोर्च के चुनाव प्रचार में मंडल स्तर पर सम्मेलन संपन्न हो चुके हैं, इसी श्रृंखला में छुईखदान में महतारी वंदन योजना के कार्यक्रम में भाजपा नेत्री आभा तिवारी ने उपस्थित महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा समाज के विकास एवं राष्ट्र की तरक्की में महिलाओं की महत्वपूर्ण भूमिका को मानती है और महिलाओं के सशक्तिकरण एवं कल्याण को उच्च प्राथमिकता देने के लिए प्रतिबद्ध है भाजपा शासित राज्यों ने विविध योजनाओं के जरिए इसे प्रदर्शित भी किया है भाजपा यह मानती है कि महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए महिलाओं की सुरक्षा जरूरी है। सुश्री तिवारी ने कहा कि केंद्र में बैठी मोदी सरकार द्वारा महिलाओं के सम्मान में ऐतिहासिक निर्णय लिए गए हैं, इसके पूर्व भी महिलाओं के आरक्षण बिल को कांग्रेस ने 70 वर्षों तक अटकाए रखा ,जिसे केंद्र में बैठी मोदी सरकार ने दोनों सदनों में पास कराया और ट्रिपल तलाक के माध्यम से मुस्लिम महिलाओं को मोदी जी ने उनके स्वाभिमान की रक्षा की।भारतीय जनता पार्टी की अंत्योदय की नीति एवं महिला सुरक्षा के लिए किए गए कार्यों पर अपने विचार रखते हुए महिला मोर्चा की अध्यक्ष किरण साहू ने सभी महिलाओं से महतारी वंदन योजना की स्थिति के बारे में बातचीत की और बताया कि भाजपा ने महिलाओं को आगे बढ़ाने में विशेष भूमिका निभाई है, आज देश के सर्वोच्च पद राष्ट्रपति के रूप में भी द्रोपति मुर्मू को सम्मान दिया गया है। बालिका समृद्धि लाडली लक्ष्मी और चिरंजीवी योजना भी मोदी सरकार ने लागू की।इस अवसर पर प्रमुख रूप से मण्डल अध्यक्ष नेतराम जंघेल, मण्डल महामंत्री अवधरम जंघेल, जिला मंत्री आनंद सिन्हा, रामाधार जंघेल, दीना जंघेल, कमलेश जंघेल, राजेश, दाऊराम कुंभकार, आभा तिवारी, राजलक्ष्मी पंसारी, गिरजा चंद्राकर, नीलिमा गोस्वामी, कीर्ति वर्मा, प्रीति यादव, गीता खांडेकर, शैव्या वैष्णव, किरण गुप्ता, हेमलता देवांगन, केकती देवांगन, आशा महोबिया, तृप्ति वैष्णव, अनिता महोबिया, पार्वती महोबिया,नीलिमा गिरजा, प्रीति यादव, किरण उत्तर सहीत बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित थी।

### विशाल जनसंपर्क रैली निकाल कर भाजपा ने दिखाई ताकत

**राजनंदगांव।** भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी संतोष पांडे के पक्ष में चुनाव प्रचार के अंतिम दौर में जनसंपर्क रैली के माध्यम से भाजपा ने अपनी ताकत दिखाई और 26 अप्रैल को कमल फूल में मतदान कर फिर एक बार मोदी सरकार को लाने का आव्हान किया। इस रैली में हजारों कार्यकर्ताओं के साथ भाजपा प्रत्याशी संतोष पांडे मतदाताओं का अभिवादन करते हुए चल रहे थे। भाजपा मीडिया सेल प्रभारी योगेश दत्त मिश्रा, अशोक लोहिया व अमर लालवानी द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार आज शहर के गुरुद्वारा चौक से भाजपा की जनसंपर्क रैली निकली जो मानव मंदिर चौक, हलवाई लाइन, भारत माता चौक, से गंज चौक, काली माई मंदिर होते हुए वापस महावीर चौक पहुंची। जनसम्पर्क रैली में पूर्व सांसद अभिषेक सिंह, शर्मा, जिलाध्यक्ष रमेश पटेल, संतोष अग्रवाल, राजेन्द्र गोलछा, सहित भाजपा के सभी बड़े नेता उपस्थित थे।

# जिले में मतदान कराने के लिए कृषि उपज मंडी में किया गया पूर्वाभ्यास

**महासमुंद 25 अप्रैल ।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री प्रभात मलिक के निर्देशानुसार महासमुंद जिले मे लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के अंतर्गत 26 अप्रैल को संपन्न होने वाले मतदान प्रक्रिया को निर्विघ्न एवं सफलतापूर्वक संपन्न करने हेतु आज कृषि उपज मंडी स्ट्रांग रूम में मॉकड्रील आयोजित की गई। इस दौरान प्रशिक्षको एवं वरिष्ठ अधिकारियों के द्वारा निर्वाचन कार्य में लगे अधिकारी-कर्मचारियों को संपूर्ण प्रक्रियाओं की विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। इस दौरान निर्वाचन कार्य में लगे अधिकारी-कर्मचारियों को स्ट्रांग रूम में मतदान तिथि के एक दिन पूर्व 25 अप्रैल को सुबह मतदान सामग्री प्राप्त करने तथा मतदान तिथि 26 अप्रैल को मतदान संपन्न होने के पश्चात् मतदान सामग्रियों की वापसी सहित निर्वाचन कार्य से जुड़े विभिन्न प्रक्रियाओं की विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। इस दौरान मतदान कार्य में लगे अधिकारी-कर्मचारियों के सहयोग एवं आवश्यक जानकारी प्रदान करने हेतु जिले के प्रत्येक विधानसभा क्षेत्रों के लिए 01-01 हेल्पलाईन डेस्क बनाया गया है।

मॉकड्रील के दौरान सहायक एआरओ, एसडीएम, तहसीलदार, नायब तहसीलदार, सेक्टर अधिकारी, निर्वाचन कार्य में लगे सभी अधिकारीगण ने आज कृषि उपज मंडी स्ट्रांग स्थित स्ट्रांग रूम में पहुँचकर निर्वाचन कार्य से जुड़े अंतिम तैयारियों का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने स्ट्रांग रूम में अधिकारी-कर्मचारियों के प्रवेश द्वार, सुरक्षा में तैनात पुलिस एव अर्धसैनिक बलों के लिए निर्धारित स्थान, स्ट्रांग रूम की सुरक्षा व्यवस्था, वेब कास्टिंग के लिए निर्धारित स्थल आदि का बारीकि से मुआयना किया। उन्होंने मौके पर उपस्थित अधिकारियों को स्ट्रांग रूम में सुरक्षा आदि की चाक-चौबंद व्यवस्था के अलावा अन्य सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जिले के लोकसभा क्षेत्रों के लिए बनाए गए सामग्री वितरण केंद्र के अलावा मतदान सामग्री प्राप्त करने एवं जमा करने के लिए आने वाले मतदान कर्मियों के भोजन एवं जलपान व्यवस्था के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों को सभी व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।लोकसभा निर्वाचन 2024 के दूसरे चरण में 26 अप्रैल को होने वाले स्वतंत्र, निष्पक्ष, शांतिपूर्ण एवं पारदर्शी मतदान के लिए महासमुंद जिले के चारों विधानसभा क्षेत्र के 1080 मतदान केन्द्रों के लिए कृषि उपज मंडी महासमुंद में सामग्री वितरण 25 अप्रैल को सुबह 06:00 बजे से किया जाएगा। इसके लिए जिला प्रशासन द्वारा आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली गई है। जिले के चारों विधानसभा क्षेत्रों के लिए सामग्री का वितरण पिटियाझर स्थित मंडी परिसर से किया जाएगा।

इसके लिए 16-16 काउंटर बनाए गए हैं। सामग्री वितरण हेतु प्रत्येक विधानसभा में 80-80 कर्मचारी नियुक्त किए गए है। सर्वप्रथम राजनीतिक दल की उपस्थिति में स्ट्रांग खोला जाएगा। तत्पश्चात मतदान दल के पीठासीन अधिकारी एवं मतदान अधिकारी अपने-अपने मतदान केंद्र के लिए सामग्री प्राप्त करेंगे और अपने निर्धारित मतदान केन्द्रों के लिए रवाना होंगे। इसके लिए 235 रूट चार्ट बनाए गए हैं। पूरे लोकसभा में मतदान दलों में कुल 10804 कर्मचारी उपलब्ध होंगे।

### वोटर आईडी सहित 12 वैकल्पिक दस्तावेज दिखाकर भी मतदाता कर सकेंगे मतदान

**महासमुंद 25 अप्रैल ।** छत्तीसगढ़ लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत भारत निर्वाचन आयोग की ओर से सभी मतदाताओं को निर्वाचक फोटो पहचान पत्र जारी किए गए है। आयोग सभी मतदाताओं से अपेक्षा करता है कि वे मतदान स्थल पर अपना मत देने से पहले अपनी पहचान सुनिश्चित करने के लिए आयोग की ओर से जारी निर्वाचक फोटो पहचान पत्र दिखाएंगे।'यदि कोई निर्वाचक फोटो पहचान पत्र नहीं दिखा पाता है तो भारत निर्वाचन आयोग द्वारा उनके लिए 12 वैकल्पिक दस्तावेज का भी अनुमति दिए गए है। बशर्ते उसका नाम मतदाता सूची में होना चाहिए। ऐसे निर्वाचक जो अपना निर्वाचक फोटो पहचान पत्र प्रस्तुत नहीं कर पाते है, उन्हें अपनी पहचान स्थापित करने के लिए निम्नलिखित 12 वैकल्पिक फोटो पहचान दस्तावेजों में से कोई एक प्रस्तुत करना होगा - आधार कार्ड, मनरेगा जाब कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, पैन कार्ड, भारतीय पासपोर्ट, फोटोयुक्त पेंशन दस्तावेज, केंद्र/राज्य सरकार/लोक उपक्रम/पब्लिक लिमिटेड कंपनियों द्वारा अपने कर्मचारियों को जारी किए गए फोटोयुक्त सेवा पहचान पत्र, बैंकों/डाकघरों द्वारा जारी फोटोयुक्त पासबुक, एनपीआर के अंतर्गत आरजीआई द्वारा जारी स्मार्ट कार्ड, श्रम मंत्रालय की योजना के अंतर्गत जारी स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड, सांसदों/विधायकों/विधान परिषद सदस्यों को जारी किए गए ।

# मतदान कराने मतदान दल मतदान केन्द्रों के लिए हुए रवाना



**धमतरी 25 अप्रैल ।** लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत लोकसभा क्षेत्र महासमुंद के विधानसभा धमतरी और कुरूद तथा लोकसभा क्षेत्र कांकेर के विधानसभा सिहावा में मतदान कार्य को सुचारू संपन्न कराने के लिए आज जिले में बनाए गए मतदान सामग्री वितरण केन्द्र स्थानीय भोपाल राव शासकीय पॉलीटेक्निक कॉलेज से मतदान दलों को मतदान सामग्री के साथ मतदान केन्द्रों के लिए रवाना किया गया। जिले में शुक्रवार 26 अप्रैल 2024 को सुबह 7 से शाम 6 बजे तक मतदान संपन्न होगा। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुश्री नम्रता गांधी के मार्गदर्शन में मतदान दलों को मतदान कार्य के लिए विशेष प्रशिक्षण दिया गया है। निर्वाचन को शांतिपूर्ण संपन्न कराने के लिए सुरक्षा के चाक-चौबंद इंतजाम किए गए हैं। मतदान सामग्री वितरण कार्य का कलेक्टर सुश्री नम्रता गांधी सहित सीईओ जिला पंचायत सुश्री रोमा श्रीवास्तव ने जायजा लिया।

शासकीय भोपालराव पवार पॉलीटेक्निक कॉलेज रूद्री में आज मतदान दलों ने निर्वाचन कार्य के लिए सामग्री ली एवं अपने-अपने निर्धारित मतदान केन्द्र के लिए निर्वाचन कार्य सम्पन्न कराने रवाना हुए। जिस स्थान से मतदान सामग्री का वितरण किया गया है, उसी स्थान पर मतदान सामग्री की वापसी होगी। जिले में 753 मतदान केन्द्र के लिए कुल 3012 पीठासीन अधिकारी, मतदान अधिकारी-1, मतदान अधिकारी-2, मतदान अधिकारी-3 के रूप में ड्यूटी लगाई गई है। इसी तरह 20 प्रतिशत अधिकारी, कर्मचारियों को रिजर्व रखा गया है।उल्लेखनीय है कि जिले में कुल 753 मतदान केन्द्रों में 17 संवेदनशील मतदान केन्द्र हैं, इनमें विधानसभा क्षेत्र सिहावा में 14, और धमतरी में 3 मतदान केन्द्र शामिल है। इसी तरह 372 सामान्य मतदान केन्द्रों को मिलाकर कुल 377 मतदान केन्द्रों में वेबकॉस्टिंग किया जायेगा। इनमें विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र 56 सिहावा में 129, विधानसभा क्षेत्र 57 कुरूद में 119 और विधानसभा क्षेत्र 58 धमतरी में 129 मतदान केन्द्र शामिल हैं। जिले में कुल 6 लाख 30 हजार 802 मतदाताओं में से 3 लाख 9 हजार 840 पुरूष मतदाता, 3 लाख 20 हजार 953 महिला मतदाता और 9 तृतीय लिंग मतदाता शामिल हैं। विधानसभा क्षेत्र 56 सिहावा में कुल 1 लाख 95 हजार 301 मतदाताओं में से 95 हजार 52 पुरूष मतदाता, 1 लाख 248 महिला मतदाता और 1 तृतीय लिंग मतदाता हैं। वहीं विधानसभा क्षेत्र 57 कुरूद में कुल 2 लाख 11 हजार 605 मतदाताओं में से 1 लाख 5 हजार 669 पुरूष मतदाता, 1 लाख 5 हजार 934 महिला मतदाता, 2 तृतीय लिंग मतदाता तथा विधानसभा क्षेत्र 58 धमतरी में कुल 2 लाख 23 हजार 896 मतदाताओं में से 1 लाख 9 हजार 119 पुरूष मतदाता, 1 लाख 14 हजार 771 महिला मतदाता और 6 तृतीय लिंग मतदाता शामिल हैं। जिले में होम वोटिंग के माध्यम से 68 वृद्धजन और दिव्यांग मतदाताओं ने घर पर मतदान किया। वहीं निर्वाचन कार्य में लगे 3 हजार 812 अधिकारी, कर्मचारियों ने डाक मतपत्र के जरिए मतदान किया। गौरतलब है कि जिले के प्रत्येक विधानसभा में 10-10 संगवारी मतदान केन्द्र (महिला प्रबंधित मतदान केन्द्र), दिव्यांग कर्मियों द्वारा प्रबंधित प्रत्येक विधानसभा में 1-1 मतदान केन्द्र और युवा तथा आदर्श मतदान केन्द्र प्रत्येक विधानसभा में 5-5 बनाये गये हैं।

## नंदनमारा में श्रमिकों व ग्रामीणों ने ली शत-प्रतिशत वोट करने की शपथ



**कांकेर, 25 अप्रैल ।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अभिजीत सिंह के निर्देश पर और जिला पंचायत के सीईओ एवं स्वीप के नोडल अधिकारी श्री सुमित अग्रवाल के मार्गदर्शन में मतदाता जागरूकता अभियान के तहत जिले के मतदाताओं को शत-प्रतिशत मतदान के लिए जागरूक किया जा रहा है। इसी क्रम में आज जिला मुख्यालय के समीप ग्राम नंदनमारा के मनरेगा कार्य स्थल में कार्यरत श्रमिकों एवं ग्रामीणों से लोकसभा निर्वाचन में 26 अप्रैल को शत-प्रतिशत मतदान करने का आग्रह किया गया। इसके साथ ही जनपद पंचायत के अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी द्वारा श्रमिकों एवं ग्रामीणों को शपथ दिलाई गई तथा ''शत-प्रतिशत वोट नंदनमारा'' के नारे भी लगाए गए।

### मतदान दलों का हुआ अंतिम चरण का रैंडमाइजेशन

**कांकेर, 25 अप्रैल ।** लोकसभा आम निर्वाचन-2024 के अंतर्गत लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र कांकेर के सामान्य प्रेक्षक डॉ. एम.टी. रेजू एवं कलेक्टर एवं रिटर्निंग ऑफिसर श्री अभिजीत सिंह की उपस्थिति में आज जिला कार्यालय के सभाकक्ष में 07 विधानसभा क्षेत्र के मतदान दलों का तृतीय एवं अंतिम चरण का रैंडमाइजेशन संपन्न हुआ। इस दौरान कांकेर विधानसभा के 240, भानुप्रतापपुर के 266, केशकाल विधानसभा के 290, सिहावा विधानसभा के 259, संजारी बालोद के 258, डौंडीलोहारा के 270 और गुण्डरदेही के 286 मतदान केन्द्रों के लिए मतदान दलों का अंतिम रैंडमाइजेशन किया गया। इस अवसर पर बालोद के उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री चंद्रकांत कौशिक, उप जिला निर्वाचन अधिकारी कांकेर श्री अशोक मारबल, सहायक रिटर्निंग अधिकारी कांकेर श्री अरूण वर्मा, एसडीएम भानुप्रतापपुर सुश्री आस्था राजपूत, सिहावा (धमतरी) एसडीएम श्री पवन कुमार प्रेमी एवं केशकाल एसडीएम श्री अंकित चौहान सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## साप्ताहिक बाजार में शत-प्रतिशत वोट करने का किया आग्रह



**कांकेर, 25 अप्रैल ।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अभिजीत सिंह के निर्देश पर और जिला पंचायत के सीईओ एवं स्वीप के नोडल अधिकारी श्री सुमित अग्रवाल के मार्गदर्शन में मतदाता जागरूकता अभियान के तहत जिले के मतदाताओं को शत-प्रतिशत मतदान के लिए जागरूक किया जा रहा है। इसी क्रम में आज साप्ताहिक बाजार कांकेर में बी.एड कॉलेज के विद्यार्थियों द्वारा स्वीप नोडल के द्वारा मतदाताओं को शत-प्रतिशत वोट करने 'जागरूक रहेगा कांकेर-मतदान करेगा कांकेर' का नारा लगाते हुए नागरिकों, राहगीरों व सभी दुकानों में जाकर मतदान करने का आग्रह किया गया। इस दौरान मौजूद लोगों को मतदाता शपथ भी दिलाई गई।

## कलेक्टर ने किया कार्यालयों का औचक निरीक्षण



**जगदलपुर, 25 अप्रैल ।** कलेक्टर श्री विजय दयाराम के. ने बुधवार को कार्यालयों का औचक निरीक्षण किया। कलेक्टर ने मंगलवार को समय सीमा की बैठक में सभी विभागों के अधिकारियों को निर्वाचन कार्यों के उपरांत कार्यालयों में अधिकारियों और कर्मचारियों की शत-प्रतिशत उपस्थिति के साथ विभागीय कार्यों का संपादन करने के निर्देश दिए थे। इसी के तहत कलेक्टर ने विभागों के अधिकारियों को दिए निर्देशों का पालन का औचक निरीक्षण कर जायजा लिया। उन्होंने कार्यालय उप संचालक कृषि, कार्यालय संयुक्त संचालक पशुधन विकास विभाग का निरीक्षण किया। अधिकारियों से स्टॉफ की उपस्थिति का भी संज्ञान लिया। कार्यालय का निरीक्षण के दौरान कार्यालयों की आवश्यकता और संसाधनों की उपलब्धता पर भी चर्चा किए।

## सभी मतदान केन्द्रों के लिए मतदान दल रवाना हुए



**कांकेर, 25 अप्रैल ।** लोकसभा निर्वाचन-2024 के अंतर्गत दूसरे चरण में संसदीय निर्वाचन क्षेत्र कांकेर-11 के लिए कल 26 अप्रैल शुक्रवार को मतदान सम्पन्न होगा। जिले के तीनों विधानसभा के सभी 727 मतदान केंद्रों के लिए मतदान दल रवाना हो चुके हैं। आज सुबह ग्राम नाथिया नवागांव के शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज स्थित मतदान सामग्री वितरण केंद्र में कांकेर विधानसभा के 240 और भानुप्रतापपुर विधानसभा क्षेत्र के 266 मतदान केंद्रों के लिए सामग्री का वितरण कर मतदान दलों को रवाना किया गया। इस अवसर पर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अभिजीत सिंह ने मतदान दल के सदस्यों से मुलाकात कर उनका उत्साहवर्धन किया और निर्वाचन हेतु सौंपे गए दायित्वों का बेहतर ढंग से निर्वहन करने की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि सभी अपने-अपने मतदान केंद्रों में सुव्यवस्थित रूप से शत प्रतिशत मतदान कराने के लिए प्रयास करें। इसके अलावा अंतागढ़ विधानसभा क्षेत्र के अंतागढ़ एवं पखांजूर वितरण केंद्र से भी मतदान दलों को रवाना किया गया।

## अवैध शराब के विरुद्ध की गई कार्रवाई

**धमतरी 25 अप्रैल ।** कलेक्टर सुश्री नम्रता गांधी के निर्देश पर जिले में आबकारी अमला द्वारा अवैध शराब के विरुद्ध लगातार कार्यवाही की जा रही है। जिला आबकारी अधिकारी श्री प्रभाकर शर्मा ने बताया कि आबकारी उप निरीक्षक कुरूद निशांत साधु के नेतृत्व में आज सुबह मुखबीर से प्राप्त सूचना पर भखारा थाना के ग्राम कोपेडीह में कुल 252 बल्क लीटर अवैध महुआ शराब एवं 6350 किलोग्राम महुआ लाहन बरामद किया गया। साथ ही छ.ग.आबकारी अधिनियम की धारा 34(1)(च)34(2) के तहत अज्ञात आरोपी के खिलाफ प्रकरण कायम किया गया। उन्होंने बताया कि इसका कुल बाज़ार मूल्य 3 लाख 2 हजार 400 रुपए है। कार्यवाही में आबकारी उप निरीक्षक लालजी दीवान, आबकारी आरक्षक मुरली सोनी, राजेश यादव, प्रशांत यादव सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

एक नजर

## मतदान दलों का जिला स्तरीय प्रशिक्षण प्रारंभ



**रायगढ़, 24 अप्रैल।** लोकसभा निर्वाचन-2024 रायगढ़ संसदीय क्षेत्र 02 के मतदान हेतु मतदान दलों का प्रथम जिला स्तरीय प्रशिक्षण चार स्थलों पर शुरू हुआ। प्रथम चरण का प्रशिक्षण 23 अप्रैल से 26 अप्रैल तक होगा, जिसमें पीठासीन अधिकारी, मतदान अधिकारी क्रमांक 1, 2, 3 को जिला स्तरीय एवं विधानसभा स्तरीय मास्टर ट्रेनर द्वारा मतदान की पूरी प्रक्रिया से प्रशिक्षित किया जाएगा। प्रशिक्षण के दौरान मतदान दलों को ईवीएम एवं वीवीपैट मशीन को बंद चालू करने से लेकर विभिन्न प्रपत्र भरने और प्रपत्रों को विभिन्न कलर के लिफाफे में सील करने संबंधित पूरी जानकारी दी गई। इस दौरान मतदान दलों को मतदान के दौरान बरते जाने वाली सावधानियां, मशीनों की सुरक्षा, मतदान समय-सीमा एवं विभिन्न प्रक्रियाओं से अवगत कराया गया। लैलूंगा विधानसभा क्षेत्र के लिए प्रशिक्षण स्थल किरोड़ीमल पॉलिटेक्निक रायगढ़, विधानसभा क्षेत्र रायगढ़ के लिए सेंट्रल स्कूल रायगढ़, धरमजयगढ़ विधानसभा क्षेत्र के लिए कार्मेल स्कूल रायगढ़ तथा खरसिया विधानसभा क्षेत्र के लिए नटवर अंग्रेजी माध्यम स्कूल रायगढ़ को चयनित किया गया है। प्रत्येक प्रशिक्षण स्थल पर 10-10 कमरों में 40-40 अधिकारियों को प्रशिक्षित किया जा रहा है। प्रातः 11 बजे से अपरान्ह 5 बजे तक नियत कार्यक्रम अनुसार प्रशिक्षण आयोजित किया जा रहा है। निर्वाचन ड्यूटी पर नियुक्त अधिकारियों-कर्मचारियों को निर्वाचन कर्तव्य प्रमाण-पत्र जारी करने हेतु फॉर्म 12 क भी पात्र मतदाताओं से भराया जा रहा है, जिससे सभी पीठासीन अधिकारी/मतदान अधिकारी ड्यूटी वाले मतदान केन्द्र पर मतदान कर सकेंगे।

## सीएमएचओ ने ली समस्त नेत्र सहायक अधिकारियों की बैठक



रायगढ़, 24 अप्रैल। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी श्री बी.के.चंद्रवंशी ने स्वास्थ्य कार्यालय के आरोग्यम सभा कक्ष में समस्त नेत्र सहायक अधिकारियों के साथ मासिक बैठक लेकर एजेण्डावार चर्चा की। उन्होंने विकासखंड में कार्यरत नेत्र सहायक अधिकारी की जानकारी लेते हुए नेत्र सहायक अधिकारी के कार्य क्षेत्र एवं कार्य क्षेत्र में आने वाले स्कूलों की जानकारी लेते हुए माह आगामी मई एवं जून तक संपूर्ण सर्वेक्षण के संबंध में जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने माध्यमिक स्कूलो में अध्यनरत छात्रों का नेत्र परीक्षण कार्य 30 नवंबर 2024 तक पूर्ण करने के निर्देश दिए। प्रत्येक माह आकुलर ट्रामा का रिर्पोटिंग करने की जानकारी, आयुष्मान आरोग्य मंदिर में कार्यरत सी.एच.ओ/आर.एच.ओ द्वारा एच.आई.एम.एस पोर्टल पर रिर्पोटिंग करने, कार्नियल ओपी सिटी का लिस्ट बनाकर नेत्र की सर्जन से जाँच करवाने की जानकारी, प्रेस बायोपिक चश्मा का वितरण का लिस्ट बनाकर नेत्र सर्जन से जाँच करवाने की जानकारी, अग्रिम दौरा कार्यक्रम का एक कापी नोडल अधिकारी के पास जमा करने की जानकारी, प्रत्येक माह मोतियाबिंद की जानकारी, नेत्र संबंधी स्वास्थ्य शिक्षा की जानकारी, उपकरणों की जानकारी(मुख्य रूप से टोनोमीटर), अर्बन के सर्वे लास्ट में संयुक्त रूप से सी.एच.सी लोईंग पुसौर से कराना, पोस्ट चश्मा नंबर ब्लाक वाइज अलग से उपलब्ध कराना, वर्ष 2023-24 का ब्लाक वाइज पोस्ट आफविजन 15 मई तक जिला कार्यालय को उपलब्ध कराना, प्रत्येक नेत्र सहायक अधिकारी को सेपरेट रजिस्टर रखना है जिसमें पोस्ट आफविजन के साथ कम से कम 3 फालोअप हो, विभिन्न लोकल हेल्थ कैंप के लिये दो सेट विजन चार्ट, ट्रायल सेट व ट्रायल फ्रेम खरीदवाना है। 347999 बच्चों का जाँच परीक्षण किया गया है एवं 1501 बच्चों को चश्मा वितरण किया जा चुका है।

## कलेक्टर की उपस्थिति में सर्विस वोटरों का किया गया ट्रांसमिट

**रायगढ़, 24 अप्रैल।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री कार्तिकेया गोयल की उपस्थिति में आज एनआईसी कक्ष में रायगढ़ संसदीय क्षेत्र क्रमांक 2 के सर्विस वोटरों का इलेक्ट्रानिक रूप से ट्रांसमिट का कार्य किया गया। इस अवसर पर अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री राजीव कुमार पाण्डेय तथा सहायक रिटर्निंग ऑफिसर श्री प्रवीण तिवारी उपस्थित रहे। लोक सभा निर्वाचन 2024 में नामांकन वापसी प्रक्रिया के पश्चात अभ्यर्थी सुनिश्चित होने पर प्रतीक चिन्ह आबंटित किया गया।

बरोंडा स्कूल में वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित

# वाणिज्य संकाय में राकेश साहू, विज्ञान संकाय में पुष्टि निर्मलकर प्रथम

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**राजिम, 25 अप्रैल।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बरौंडा में नवमी एवं ग्यारहवीं का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया. इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राहुल केला सर एवं अध्यक्षता प्राचार्य ललिता अग्रवाल मैडम ने किया. वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में कामिनी केला, तानसेन साहू व्याख्याता उपस्थित थे. इस कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की पूजा अर्चना व माल्यार्पण के साथ किया गया. तत्पश्चात कु. जिज्ञासा द्वारा स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया. कक्षा ग्यारहवीं वाणिज्य संकाय राकेश साहू 81.20त्न प्रथम धनेश्वर 75.80त्न द्वितीय,रेणुका निषाद 72त्न तृतीय विज्ञान संकाय पुष्टि निर्मलकर वेणुसहू 77त्न प्रथम, भेनू साहू 70त्न द्वितीय,खेमराज निषाद 65.8त्न तृतीय स्थान पर रहें.कला संकाय मीनू साहू 80.8त्न प्रथम,टिमेश्वरी 76.60त्न द्वितीय नीरा निषाद 73.60त्न अंक लेकर तृतीय स्थान पर रही.वही नवमी में सौम्या चक्रधारी 96.17त्न प्रथम,दीपिका यादव 91.33त्नद्वितीय एवं फलेश्वरी साहू 88.67त्नतृतीय स्थान पर रही. इस अवसर पर मुख्य अतिथि राहुल के ला सर ने कहा कि जीवन में शिक्षा का बहुत महत्व है. शिक्षा के विकास से गांव, समाज व राष्ट की उन्नति संभव है. प्राचार्य ललिता अग्रवाल मैडम ने कहा कि अच्छी पुस्तकें जीवंत देव प्रतिमाएं हैं, उनकी आराध्य से तत्काल प्रकाश एवं उल्लास मिलता है अतः हमें अच्छी पुस्तकों का चयन कर उनका अध्ययन करना चाहिए. कामिनी केला ने कहा कि जीवन में अनुशासन का बहुत महत्व है.क्यूंकि अनुशासन ही देश को महान बनाता है. अतः हमें अनुशासित होकर विद्यार्जन करना चाहिए तो निश्चित सफलता प्राप्त होगी . कार्यक्रम के दौरान उपस्थित अतिथियों द्वारा कक्षा में स्थान लाने वाले छात्र छात्राओं को पुरस्कृत किया गया.कार्यक्रम का संचालन व्याख्याता विजयवाणी वर्मा नेएवं आभार व्यक्त परीक्षा प्रभारी अभिषेक गोलछा ने किया.इस अवसर पर व्याख्याता सुरेश देवांगन, एकता शर्मा,उत्तम कुर्रे, अश्वनी साहू, शोभना शिंदे, रेखा शर्मा,मिली घोष, जीवन लाल देवांगन, गीता साहू, नरेंद्र साहू एवं अमित कुंभकार उपस्थित थे।

# हनुमान जन्मोत्सव पर निकाली गई शोभायात्रा





**महासमुंद।** बजरंग दल द्वारा शहर में हनुमान जन्मोत्सव के पावन पर्व पर भव्य शोभायात्रा निकाली गई। यह शोभायात्रा श्रीराम जानकी मंदिर गांधी चौक से निकलकर महामाया चौक, नीलकंठ चौक, दादावाड़ी होते हुए अंबेडकर चौक, नेहरू चौक के बाद बरोंडा चौक में समापन किया गया। कार्यक्रम में राम सीता की चलित झांकी, वानर सेना द्वारा अयोध्या वापस आते हुए प्रभु श्री रामचंद्र, माता सीता और वानर सेना, अघोरी प्रदर्शन, राधा रानी की झांकी, नंदी पर सवार शिव की झांकी, नवदुर्गा स्वरूप माता आकर्षण का केंद्र रहा। बच्चों द्वारा राम सीता की झांकी एवं दुर्गा वाहिनी द्वारा अखाड़ा एवं कराते प्रदर्शन, हनुमान द्वारा दूध शिवजी को चढ़ाते हुए एवं राम सीता द्वारा अयोध्या में वापिस आते हुए रथ द्वारा झांकी निकाली गई। कार्यक्रम में जिला अखाड़ा प्रमुख छवि सिन्हा, जिला जिला प्रचार प्रसार प्रमुख गुड्डा सिन्हा, गौ रक्षा प्रमुख सुमन सेंद्रे, विश्व हिंदू परिषद मंत्री नरेंद्र चंद्राकर, अदिति चंद्राकर, कान्हा प्रधान, हिमांशु तिवारी, वंदना, राहुल ध्रुव, भुनेश्वर साहू, शुभम साहू, शुभम टोंडेकर, अशोक, राजेश शर्मा, गोलू सिंह, गोलू साहू, राहिल गुप्ता सहित बड़ी संख्या में बजरंगी उपस्थित रहे। हनुमान जन्मोत्सव के पावन पर्व पर बजरंग दल महासमुंद द्वारा शोभायात्रा निकाली गई जिसमें मुख्यतिथि छत्तीसगढ़ के प्रसिद्ध कुंवारी माता थे।

## नशीली दवा बेचने वाले को 10 साल की सजा मिली

**महासमुंद।** नशीली दवाओं को बिना अधिकृत लायसेंस होने के बावजूद संग्रहित किए जाने और बेचे जाने के मामले में आरोपी शहर के एक मेडिकल कारोबारी को न्यायालय ने 10 वर्ष की सजा एवं एक लाख रूपये अर्थदण्ड से दण्डित किया है। नारकोटिक्स एक्ट के मामले में पहली बार सजा का फैसला सामने आया। जिससे नशीली दवाओं के सौदागरों पर लगाम लगने की भरोसा जताया जा रहा है।न्यायालय में आरोप सिद्ध होने पर एनडीपीएस के विशेष न्यायाधीश सुश्री संघपुष्पा भतपहरी ने आरोपी को बिना वैध अज्ञप्ति के काफी मात्रा में कफ सिरप, इंजेक्शन (एंपुल), टेबलेट को अवैध रूप से विक्रय हेतु ग्राहक तलाश करते समय पकड़े गए आरोपी को 10 वर्ष की सजा एवं एक लाख रूपये अर्थदण्ड से दण्डित किया करते हुए अर्थदण्ड की राशि नहीं चुकाए जाने पर एक वर्ष के अतिरिक्त कारावास की सजा अतिरिक्त भुगतने का आदेश जारी किया है।अभियोजन के अनुसार थाना महासमुन्द के द्वारा 29 जुलाई, 2023 को ओव्हर ब्रिज के नीचे, अम्बेडकर चौक में आरोपी विक्रम दीवान पिता स्व. कृष्णा दीवान, उम्र 38 वर्ष, निवासी वार्ड नं 14. से बड़ी मात्रा में बिना वैध अज्ञप्ति के नशीली दवाईयां बरामद की गई।

# जिले के जंगलों में 138 हाथी अलग-अलग दल में कर रहे विचरण



रायगढ़, 24 अप्रैल। छत्तीसगढ़ का रायगढ़ जिला बीते कई सालों से हाथियों के आतंक से जूझ रहा है। यहां के रायगढ़ एवं धरमजयगढ़ दोनों वन मंडलों के कई रेंज में हर साल हाथियों की मौजूदगी रहती है जो आए दिन जंगलो से निकलकर रिहायशी इलाकों में दस्तक देकर अपनी मौजूदगी अहसास कराते आ रहे हैं। हाथियों की लगातार बढ़ती संख्या से यहां हाथी और मानव के बीच द्वंद में कभी इंसान तो कभी हाथी की मौत की खबरे अक्सर सामने आते रही हैं। जंगलों में विचरण करने वाले हाथियों के मूवमेंट पर वन विभाग ड्रोन कैमरे से नजर बनाये हुए है ताकि हाथी प्रभावित गांव के ग्रामीणों को पहले से हाथियों के बारे में बताकर उन्हें सावधान किया जा सके। ड्रोन कैमरे का एक ऐसा वीडियो अमर उजाला को मिला है जिसमें जंगलों में हाथियों का एक दल विचरण करते हुए दिखाई दे रहा है।

मिली जानकारी के मुताबिक छत्तीसगढ़ का रायगढ़ जिला पहाड़ो और घने जंगलों से घिरा हुआ है यहां के जंगलों में हाथी के अलावा अन्य कई प्रकार के वन्यप्राणी विचरण करते हैं। खासकर जंगलों में भोजन और पानी की पर्याप्त मात्रा होने की वजह से हाथियों ने बीते कई सालों से डेरा डाला हुआ है। रायगढ़ जिले के कुदमुरा गांव के जंगल में विचरण करने वाले हाथियों के एक दल का ड्रोन कैमरे का वीडियो भी सामने आया है जिसमें हाथी का दल जंगल में विचरण करते हुए दिखाई दे रहा है। वन विभाग के अधिकारियों के द्वारा लगातार ड्रोन कैमरे के जरिये जंगलों में विचरण करने वाले हाथियों पर नजर रखते हुए हाथियों की तरफ जाने पर पूरे गांव में मुनादी कराते हुए ग्रामीणों को सावधानी बरतने की बात कही जाती है। साथ ही साथ किसी भी हाल में जंगल की तरफ नही जाने की सलाह भी दी जाती है ताकि उनके क्षेत्र में किसी भी प्रकार की जनहानि की घटना घटित न हो एक जानकारी के मुताबिक इन दिनों रायगढ़ जिले के जंगलों में 138 हाथी रायगढ़ एवं धरमजयगढ़ वन मंडल के अलग-अलग रेंज में विचरण कर रहा है। इस दल में 34 नर हाथी, 64 मादा, 40 बच्चे शामिल है। हाथियों के इस दल में बोरो के खम्हार बीट में सर्वाधिक 32 हाथीए छाल के हाटी बीट में 2 हाथी, धरमजयगढ़ के पोटिया बीट में 12 हाथी, धरमजयगढ़ के कोयलार बीट में 10 हाथी, कापू के कुमरता पूर्व बीट में 11 हाथी के अलावा धरमजयगढ़ वन परिक्षेत्र के अलग-अलग बीट में हाथियों का दल विचरण कर रहा है। इसी तरह रायगढ़ वन मंडल के घरघोड़ा के कटंगडीह बीट में सर्वाधिक 13 हाथी है, नवापारा में 8, कांटाझरिया में 4, कमतरा में 3 के अलावा कसडोल एवं तमनार के केराखोल पूर्व में एक-एक हाथी हैं विचरण कर रहे हैं।

### 11 किसानों की फसल को नुकसान

वन विभाग से मिली जानकारी के मुताबिक धरमजयगढ़ वन मंडल के अलग.अलग बीट में हाथियों ने रविवार की रात 11 किसानों की फसलों को नुकसान पहुंचाया है। जिसमें पुटुकछार में हाथियों ने 4 किसानों की धान की फसल को नुकसान, हाटी में 4 किसानों की धान एवं मूंगफली की फसल को नुकसान, बायसी, खम्हार में एक-एक किसान की धान की फसल को नुकसान के अलावा छाल के भलमुडी में धान एवं मूंगफली की फसल को नुकसान पहुंचाया गया है।

### 13 अभ्यर्थियों को प्रतीक चिन्ह आवंटित

**रायगढ़, 24 अप्रैल।** सामान्य प्रेक्षक आईएएस डॉ.अंशज सिंह की उपस्थिति में कलेक्टर एवं रिटर्निंग ऑफिसर श्री कार्तिकेया गोयल ने लोकसभा निर्वाचन-2024 अंतर्गत रायगढ़ संसदीय निर्वाचन क्षेत्र 02 के लिए नामांकन वापसी के अंतिम दिन निर्वाचन आयोग के निर्धारित प्रक्रिया अनुसार अभ्यर्थियों को प्रतीक चिन्ह का आवंटन किया। इसके साथ ही निर्वाचन लड़ने वाले अभ्यर्थियों के नाम की अंतिम सूची जारी की गई। जिसके तहत कुल 15 अभ्यर्थियों में 2 अभ्यर्थी श्री महेन्द्र कुमार सिदार-निर्दलीय एवं श्री भवानी सिंह सिदार-निर्दलीय ने अपना नाम वापस ले लिया। इस दौरान अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री राजीव कुमार पाण्डेय, सहायक रिटर्निंग ऑफिसर श्री प्रवीण तिवारी उपस्थित रहे। अभ्यर्थियों को प्रतीक चिन्ह आवंटित-लोकसभा निर्वाचन-2024 अंतर्गत रायगढ़ संसदीय क्षेत्र 02 के लिए निर्वाचन लड़ने वाले जिन 13 अभ्यर्थियों को प्रतीक चिन्ह का आवंटन हुआ है। इनमें श्री इनोसेंट कुजूर-बिड़ना उरांव-बहुजन समाज पार्टी को हाथी, डॉ.मेनका देवी सिंह-इंडियन नेशनल कांग्रेस को हाथ, श्री राधेश्याम राठिया-भारतीय जनता पार्टी को कमल का प्रतीक चिन्ह आवंटन हुआ है। इसी तरह श्री अलबर्ट मिंज-हमर राज पार्टी को बाल्टी, श्री गुलेश्वर पैंकरा-भारतीय शक्ति चेतना पार्टी को बांसुरी, श्री बादल एक्का-सर्व आदि दल को तुरहा बजाता आदमी, श्री मदन प्रसाद गोंड-गोड़वाना गणतंत्र पार्टी को आरी, श्री अभय कुमार एक्का-निर्दलीय को सिलाई की मशीन, श्री उदय कुमार राठिया-निर्दलीय को एअरकडीस्नर, श्री गोवर्धन राठिया-निर्दलीय को कांच का गिलास, पूजा सिदार-निर्दलीय को चारपाई, श्री प्रकाश कुमार उरांव-निर्दलीय को ऑटो रिक्शा एवं श्री रूपनारायण एक्का-निर्दलीय को अलमारी का प्रतीक चिन्ह का आवंटन हुआ है।

# ईवीएम एवं वीवीपैट की कमीशनिंग 26 अप्रैल से

**रायगढ़, 25 अप्रैल।** लोकसभा निर्वाचन-2024 अंतर्गत मतदान केन्द्रों में उपयोग होने वाले ईवीएम एवं वीवीपैट मशीनों की कमीशनिंग 26 अप्रैल से प्रातः 10 बजे से प्रतिदिन कार्य समाप्त होने तक संबंधित स्ट्रांग रूम परिसर में की जाएगी। जिसमें विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 15-लैलूंगा, 16-रायगढ़ एवं 18 खरसिया के लिए किरोड़ीमल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नालॉजी (केआईटी), गढ़उमरिया रायगढ़ में होगी तथा विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 19-धरमजयगढ़ के लिए जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डाइट)धरमजयगढ़ में कमीशनिंग का कार्य किया जाएगा।

अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री राजीव कुमार पाण्डेय ने बताया कि मतदान केन्द्रों में उपयोग होने वाले ईवीएम/वीवीपैट मशीनों का प्रथम रेण्डमाईजेशन पूर्ण किया जा चुका है तथा द्वितीय रेण्डमाईजेशन 25 अप्रैल को प्रातः 11 बजे कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में नियत किया गया है। विधानसभा क्षेत्रवार ईवीएम एवं वीवीपैट मशीनें पृथक की जा चुकी है, जिन्हें 18 एवं 19 अप्रैल को रायगढ़ तहसील कार्यालय परिसर स्थित ईवीएम एवं वीवीपैट वेयर हाऊस से संबंधित स्ट्रांग रूम में भेजा जा चुका है तथा 26 अप्रैल को प्रातः 11 बजे से ईवीएम/वीवीपैट की कमीशनिंग संबंधित स्ट्रांग रूम परिसर में की जाएगी।

**मतदान दलों को निर्वाचन सामग्री का वितरण** -विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 15-लैलूंगा, 16-रायगढ़, 18-खरसिया के मतदान दलों को मतदान सामग्री वितरण कार्य 6 मई को प्रातः 6 बजे से किरोड़ीमल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नालॉजी (केआईटी),गढ़उमरिया रायगढ़ से किया जाएगा। इसी तरह विधानसभा क्षेत्र क्रमांक-19 धरमजयगढ़ के मतदान दलों को मतदान सामग्री वितरण कार्य 6 मई को प्रातः 6 बजे से जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डाइट)धरमजयगढ़ से किया जाएगा

**मतदान पश्चात मतदान दलों की वापसी** - विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 15-लैलूंगा, 16-रायगढ़, 18-खरसिया के मतदान दलों की वापसी मतदान समाप्ति पश्चात किरोड़ीमल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नालॉजी (केआईटी),गढ़उमरिया रायगढ़ में होगी। इसी तरह विधानसभा क्षेत्र क्रमांक-19 धरमजयगढ़ के मतदान दलों की वापसी मतदान समाप्ति पश्चात जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डाइट)धरमजयगढ़ में होगी। सभी मतदान दलों की वापसी पश्चात ईवीएम/वीवीपैट एवं अन्य सुसंगत निर्वाचन सामग्री पुलिस सुरक्षा के साथ धरमजयगढ़ से परिवहन कर किरोड़ीमल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नालॉजी (केआईटी),गढ़उमरिया रायगढ़ स्थित स्ट्रांग रूम में जमा करने हेतु भेजी जाएगी। इस दौरान मान्यता प्राप्त रानजीतिक दलों के प्रतिनिधि एवं अभ्यर्थी/निर्वाचन अभिकर्ता उपस्थित रह सकते है तथा ईवीएम/वीवीपैट वाहन को फॉलो कर सकते है। विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 16-रायगढ़ के 59 मतदान केन्द्र सारंगढ़-बिलाईगढ़ जिले की सरिया तहसील में स्थित है, जहां मतदान दलों की रवानगी एवं संकलन का कार्य जिला निर्वाचन अधिकारी सारंगढ़-बिलाईगढ़ द्वारा किया जाना है, किन्तु उपरोक्त 59 मतदान केन्द्रों हेतु ईवीएम/वीवीपैट की कमीशनिंग केआईटी गढ़उमरिया में की जाएगी। कमीशनिंग पश्चात ईवीएम/वीवीपैट जिला निर्वाचन अधिकारी-सारंगढ़-बिलाईगढ़ को भेजी जाएगी। इस दौरान मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि तथा अभ्यर्थी/उनके निर्वाचन अभिकर्ता उपस्थित रह सकते है। विधानसभा क्षेत्र 16-रायगढ़ के तहसील सरिया जिला-सारंगढ़-बिलाईगढ़ स्थित 59 मतदान केन्द्रों में 7 मई 2024 को मतदान पश्चात ईवीएम एवं वीवीपैट तथा अन्य निर्वाचन सामग्री का संकलन सारंगढ़ में किया जाएगा तथा सभी मतदान केन्द्रों की ईवीएम/वीवीपैट तथा सुसंगत निर्वाचन सामग्री संकलन पश्चात विधानसभा क्षेत्र-16 रायगढ़ के स्ट्रांग रूम केआईटी गढ़उमरिया रायगढ़ में भेजी जाएगी। इस दौरान मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि एवं अभ्यर्थी/निर्वाचन अभिकर्ता उपस्थित रह सकते है तथा ईवीएम/वीवीपैट वाहन को फॉलो कर सकते है।मतदान उपरांत केआईटी स्थित स्ट्रांग रूम में ईवीएम/वीवीपेट सुरक्षित रखा जाएगा-विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 15-लैलूंगा, 16-रायगढ़, 18-खरसिया एवं 19-धरमजयगढ़ के मतदान उपरांत मशीनों को किरोड़ीमल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नालॉजी (केआईटी), गढ़उमरिया रायगढ़ में बनाए गए स्ट्रांग रूम में भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित सुरक्षा मानकों के अनुसार सुरक्षित रखा जाएगा। स्ट्रांग रूम परिसर में सीसीटीवी कैमरा सिस्टम स्थापित किया गया है। सीसीटीवी का डिस्प्ले किरोड़ीमल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नालॉजी केआईटी के बाह्य परिसर में किया गया है, जिसमें सभी स्ट्रांग रूम के मुख्य द्वार एवं परिसर का लाईव फीड उपलब्ध है। मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि तथा लोकसभा क्षेत्र क्रमांक 02 रायगढ़ (अजजा) संसदीय क्षेत्र के अभ्यर्थी/ निर्वाचन अभिकर्ता निर्धारित स्थल पर 24×7 उपस्थित रख सकते है।

## तारलागुड़ा एवं आश्रित गांव कोत्तूर के सभी हैण्डपंप का पानी पीने योग्य एवं सुरक्षित है



**बीजापुर, 25 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता) ।** कलेक्टर श्री अनुराग पाण्डेय के निर्देशन में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्यपालन अभियंता श्री एसआर नेताम उप अभियंता श्री डीआर बंजारे, जिला प्रयोग शाला सहायक श्री सुनील चिड़ियम सहित प्रयोग शाला के टीम द्वारा भोपालपटनम ब्लॉक के तारलागुड़ा एवं उनके आश्रित गांव कोत्तूर पहुंच कर फील्ड विजिट कर 13 हैण्डपंप के स्त्रोतों का सैम्पल लिया गया। वहीं मौके पर आयरन एवं फ्लोराईड का परीक्षण एफटी किट से किया गया जिसमें रिपोर्ट में पानी सुरक्षित पाया गया।संबंधित स्त्रोतों का जल नमूना जिला जल परीक्षण प्रयोगशाला बीजापुर लाया गया जहां 13 पैरामीटर में जल का परीक्षण किया गया जिसमें पीएच वैल्यू, मटमैलापन, कैल्शियम, मैग्नीशियम सहित पुनः आयरन फ्लोराईड का परीक्षण प्रयोग शाला में किया जिसका अंतिम रिपोर्ट में सभी जल पूर्णतः सुरक्षित एवं पीने योग्य पाया गया।प्रयोग शाला के केमिस्ट सुश्री सपना मंडल ने बताया कि 13 पैरामीटर का परीक्षण सहित जीवाणु परीक्षण भी किया गया जिसमें जल पूर्णतः सुरक्षित एवं पीने योग्य पाया गया।

## प्रयास आवासीय विद्यालयों के कक्षा 9 वीं में प्रवेश के लिए 17 मई तक ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित

**बीजापुर 25 अप्रैल ।** प्रदेश के अधिसूचित क्षेत्रों यथा आदिवासी उपयोजना क्षेत्र और माओवाद प्रभावित इलाकों में स्थित स्कूलों में अध्ययनरत प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को कक्षा 9 वीं से 12 वीं तक उत्कृष्ट स्कूली शिक्षा के साथ-साथ राष्ट्रीय स्तर की मेडिकल एवं इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षाओं सहित सीएएसीएसएसीएमएएक्लैट तथा एनडीए की प्रतियोगी परीक्षाओं में गहन तैयारी के उद्देश्य की पूर्ति हेतु संचालित प्रयास आवासीय विद्यालयों में शैक्षणिक सत्र 2024-25 के तहत कक्षा 9 वीं में प्रवेश के लिए आगामी 17 मई 2024 तक लिंक https://eklavya.cg.nic.in पर ऑनलाइन आवेदन पत्र आमंत्रित किया गया है। निर्धारित तिथि तक भरे गए आवेदन पत्रों में 20 मई 2024 तक त्रुटि सुधार किया जा सकता है। प्रवेश के लिए चयन परीक्षा 9 जून 2024 रविवार को प्रातः 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक आयोजित की जाएगी। प्रवेश सम्बन्धी आवेदन पत्र एवं अन्य जानकारी विभागीय वेबसाइट https://eklavya.cg.nic.in/PRSMS/Student-स्त्रद्दद्दह्यह्यद्बश्ठ्ठ-ष्ड्डह्लड्डद्ब पर लॉगिन कर देखी जा सकती है। साथ ही सम्बन्धित जिले के कार्यालय सहायक आयुक्त आदिवासी विकास या सम्बन्धित क्षेत्र के कार्यालय परियोजना प्रशासक एकीकृत आदिवासी विकास परियोजना से सम्पर्क कर प्राप्त किया जा सकता है।

## कांग्रेस की अर्बन सोच आईने की तरर साफ हो गई है :चौधरी



**महासमुंद, 25 अप्रैल।** भारतीय जनता पार्टी की लोकसभा प्रत्याशी व पूर्व संसदीय सचिव रूपकुमारी चौधरी ने कांग्रेस के घोषणापत्र में सम्पत्ति का सर्वे करके उसे बाँटने की बात कहे जाने के बाद अब कांग्रेस नेता राहुल गांधी के सलाहकार सैम पित्रोदा द्वारा विरासत टैक्स लगाने की बात कांग्रेस की लूट-संस्कृति की परिचायक है। श्रीमती चौधरी ने कहा कि कांग्रेस की इस अर्बन नक्सली सोच से अब यह आईने की तरह साफ हो गया है कि कांग्रेस वैचारिक रूप से कंगाल होकर वामपंथियों के हाथों की कठपुतली बन चुकी है।भाजपा प्रत्याशी व पूर्व संसदीय सचिव श्रीमती चौधरी ने कहा कि कांग्रेस माताओं-बहनों की जिंदगी में सोना (स्वर्ण) सिर्फ दिखावे के लिए नहीं होता है। यह उसके स्वाभिमान से जुड़ा हुआ है। उसका मंगलसूत्र केवल सोना और उसकी कीमत का मुद्दा भर नहीं है, उसके जीवन के सपनों से जुड़ा हुआ है। कांग्रेस अपने चुनाव घोषणा पत्र में उसे छीनने की बात कर रही है- सोना ले लेंगे और सबको वितरित कर देंगे। पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के कथन का जिक्र करते हुए श्रीमती चौधरी ने कहा कि प्रधानमंत्री रहते हुए मनमोहन सिंह ने कहा था कि देश का सम्पत्ति पर पहला अधिकार मुसलमानों का है। इसका मतलब साफ है कि कांग्रेस अब देशभर से सम्पत्ति इकठ्ठी करके जिनके ज्यादा बच्चे हैं, उनको बाँटेगी, घुसपैठियों को बाँटेगी। कांग्रेस का घोषणापत्र कह रहा है कि सरकार में आने पर उसकी सरकार माताओं-बहनों के सोना-चांदी का हिसाब करेगी और जाँच करेगी, और फिर वह सम्पत्ति उनको बाँट देगी, जिनके लिए कांग्रेस के पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह ने कहा था कि देश की सम्पत्ति पर पहला हक वर्ग विशेष का है। श्रीमती चौधरी ने कहा कि कांग्रेस और इंडी गठबंधन अब देश की माताओं-बहनों का मंगलसूत्र तक बचने नहीं देगी। परिवारवादी लोगों ने देश के लोगों को लूटकर अपना आर्थिक साम्राज्य बना लिया है और अब उनकी नजर देशवासियों की सम्पत्ति पर पड़ गई है। देश की सम्पत्ति को लूटना कांग्रेस अपना जन्मसिद्ध अधिकार समझती है। भाजपा प्रत्याशी व पूर्व संसदीय सचिव श्रीमती चौधरी ने विरासत टैक्स को लेकर पित्रोदा के बयान पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि यह कांग्रेस की छिपी हुई बदनीयती का परिचायक है। एक तो कांग्रेस सम्पत्ति का सर्वे करके देशवासियों की मेहनत की कमाई से अर्जित सम्पत्ति लूटने की मंशा रखती है, दूसरी ओर पित्रोदा अमेरिकी तर्ज पर विरासत टैक्स लगाने की बात करके दावा कर रहे हैं कि अगर कांग्रेस सत्ता में आई तो वह एक कानून लाने की योजना बना रही है, जिसके तहत जब आप मरेंगे तो आपकी आधी संपत्ति सरकार ले लेगी। श्रीमती चौधरी ने कहा कि पित्रोदा का बयान कांग्रेस की उस घोषणा को पुष्ट करने वाला है जिसमें सम्पत्ति का सर्वे करके अपने चुनाव घोषणा पत्र में उसे छीनकर सबको बाँट देने की बात कही गई है। कांग्रेस अब देशभर से सम्पत्ति इकठ्ठी करके जिनके ज्यादा बच्चे हैं, उनको और घुसपैठियों को बाँटने की बात कह रही है। अपनी मेहनत की कमाई का पैसा घुसपैठियों को दिया जाना कतई मंजूर नहीं किया जा सकता। श्रीमती चौधरी ने कहा कि कांग्रेस हर बार देश और देशवासियों को लूटने और सबको परस्पर लड़ाने की फिराक में रहती है जबकि भाजपा देश के संसाधनों पर सबसे पहला अधिकार देश के गरीबों, दलितों, आदिवासियों और पिछड़े वर्ग का मानती है।

## जिले में मतदान कराने मंडी परिसर में हुआ मॉकड्रिल

**महासमुंद।** जिले में लोकसभा मतदान प्रक्रिया को निर्विघ्न एवं सफलतापूर्वक संपन्न कराने मंडी स्ट्रांग रूम में बुधवार को मॉकड्रिल हुआ। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी प्रभात मलिक के निर्देशानुसार प्रशिक्षकों एवं वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा निर्वाचन कार्य में लगे अधिकारी-कर्मचारियों को संपूर्ण प्रक्रियाओं की विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। इस दौरान निर्वाचन कार्य में लगे अधिकारी-कर्मचारियों को स्ट्रांग रूम में मतदान तिथि के एक दिन पूर्व 25 अप्रैल को सुबह मतदान सामग्री प्राप्त करने तथा मतदान तिथि 26 अप्रैल को मतदान संपन्न होने के पश्चात् मतदान सामग्रियों की वापसी सहित निर्वाचन कार्य से जुड़े विभिन्न प्रक्रियाओं की विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। इस दौरान मतदान कार्य में लगे अधिकारी-कर्मचारियों के सहयोग एवं आवश्यक जानकारी प्रदान करने के लिए जिले के प्रत्येक विधानसभा क्षेत्रों के लिए 01-01 हेल्पलाईन डेस्क बनाया गया है।मॉकड्रिल के दौरान सहायक एआरओ, एसडीएम, तहसीलदार, नायब तहसीलदार, सेक्टर अधिकारी, निर्वाचन कार्य में लगे सभी अधिकारीगण

## एक नजर

### मिशन मुस्कान में गुम इंसान को पुलिस ने ढूंढ निकाला

**बलौदाबाजार 25 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** मामले का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है कि मामले का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है कि दिनांक 14/04/2024 को गुम इंसान क्रमांक 46/24 के प्रार्थी थाना सिटी कोतवाली बलौदाबाजार ने मौखिक रिपोर्ट दर्ज कराया कि इसकी नाबालिक जो दिनांक 31/03/2024 के 10/00 बजे लगभग घर से बिना बताये निकली है जो अब तक वापस नही आयी है कि किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा नाबालिग को बहला फुसलाकर अपहरण करने की आशंका एवं सर्वोच्च न्यायालय के दिशा निर्देश पर नाबालिग बच्चों की गुम होने की रिपोर्ट पर अपराध धारा 363 भादवि का घटित होने की आशंका पाये जाने से अपराध कायम कर विवेचना में लिया गया । जिसकी लगातार पता साजी करने पर गुम इंसान के पिता द्वारा थाना लाकर पेश किया पुछताछ कर बरामदगी पंचनामा तैयार किया जो अपहृता से पुछताछ में बताई कि दिनांक 31.03.2024 को सुबह 10.00 बजे मुझे मेरे माता पिता द्वारा घर में काम नहीं करती हो कहकर मुझे डांटने पर नाराज होकर बलौदाबाजार से बस बैठकर भाटापारा गयी और भाटापारा से ट्रेन बैठकर दुर्ग घुमने गयी थी, वापस आते समय मैं गलती से उड़िसा जाने वाली दुर्ग पुरी एक्सप्रेस ट्रेन में बैठकर कटक रेलवे स्टेशन में उतरी हूं, रेलवे स्टेशन में रेलवे पुलिस वालों को बतायी कि मैं गलती से भाटापारा की जगह कटक आ गयी हूँ। तब पुलिस वालों ने मुझे आद्रुता आश्रम जिला अंगुल उड़िसा में सुपुर्द किया, करीब 18 दिन तक आश्रम में रही हूं, मेरे माता पिता मुझे ले जाने के लिए आश्रम आये और फिर मैं अपने माता पिता के साथ सकुशल घर आ गयी जिसकी पता चलने पर थाना सिटी कोतवाली बलौदाबाजार लाकर बरामदगी शुमार किया गया है। उपरोक्त कार्यवाही में सउनि राजेन्द्र पाटिल, आर. अश्वनी पैकरा, रमाकांत भरतद्वाज एवं महिला आर. स्वाती साहू का विशेष योगदान रहा।

### बोडतरा मे जसगीत प्रतियोगिता में ,मण्डलियों को पुरस्कृत किया गया

**भाटापारा 25 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** ग्राम बोड़तरा में मावली माता युवा सेवा समिति द्वारा आयोजित त्रिदिवसीय जसगीत प्रतियोगिता में सम्मिलित समस्त जसगीत समितियों ने अपना कार्यक्रम प्रस्तुत किये इसमें लक्षणपुर हरियाली जसगीत बलिका समिति प्रथम स्थान,दूसरे स्थान पे जय महामाया सेवा समिति मलिन,तीसरे स्थान पे जगतारिणी सेवा समिति फुलवारी को प्राप्त हुआ ,पुरस्कार 5001,3001,2001 प्रथम ,द्वितीय, तृतीय के रुप में गायत्री जितेंद्र आडिल ,नीतू रवि आडिल के द्वारा वितरण किया गया प्रमुख लोगो में आदिवासी समाज के ग्राम प्रमुख चैनसिंह ध्रुव,कूर्मि समाज के प्रबुद्धजन प्रेमनाथ वर्मा, दिलेश्वर आडिल, राजू आडिल,महेतरु ,हरिहर,टिकेश्वर ,भानु वर्मा,मोनू वर्मा,साहू समाज के प्रमुख संतराम साहू जी उपस्थित थे। प्रमुख रूप से समिति के सदस्य चंद्रकांत आडिल,कोमल आडिल, हिमांशु आडिल दीपक,वीरेंद्र,ओमकार ,पिंटू,व्यास, पीयूष, रविकांत,नवीन ,सोना वर्मा प्रमुख रूप से उपस्थित थे।



### शिविर में लोगों ने किया रक्तदान

**रायपुर. 25 अप्रैल।** डॉ. भीमराव अंबेडकर स्मृति चिकित्सालय स्थित मॉडल ब्लड बैंक सेंटर एवं संत निरंकारी मिशन के संयुक्त तत्वावधान में मानव एकता दिवस के अवसर पर बुधवार को रायपुर और तिल्दा में विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस रक्तदान शिविर में रायपुर में 209 यूनिट और तिल्दा में 97 यूनिट रक्त संग्रह किया गया। रक्तदान शिविर की खास बात यह रही की अकेले रायपुर में 84 यूनिट रक्त और तिल्दा में 23 यूनिट रक्त विशेष रूप से महिला रक्तदाताओं द्वारा डोनेट (दान) किया गया। संत निरंकारी मिशन की तरफ से रायपुर कैंप का कार्यभार गुरबक्श सिंह कालरा, परमजीत कालरा, कमलेश पंजवानी और तिल्दा कैंप का कार्यभार सुंदर दास ने संभाला। मॉडल ब्लड (बैंक) सेंटर की तरफ से रायपुर कैंप डॉ. सूदित पाल और तिल्दा कैंप डॉ. अविरल मिश्रा के निगरानी में संपन्न हुआ। रायपुर रक्तदान शिविर की टीम में डॉ. मनीष, डॉ. अमित, डॉ. नुपुर, डॉ. बबिता, डॉ. शिवानी, डॉ. शालिनी, प्रेम लाल बिरला, मनोज दास, गणेश मेहर, जितेन्द्र यादव, झूल सिंह, तिलिस्मी, जागृति, भूमिका यादव, सम्मुख राव, गोवर्धन गायकवाड, लखपति पटेल, लकेश्वर, करिश्मा, शुभम, वंदना और राकेश बंजारे थे।

# लोकसभा चुनाव में शत प्रतिशत मतदान का संदेश देने छतरी स्वीप रैली निकाली

## कलेक्टर के नेतृत्व में तेज धूप में किया गया आयोजन

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार,25 अप्रैल।** लोक सभा चुनाव में शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के उद्देश्य से स्वीप मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के तहत विभिन्न गतिविधियों का आयोजन कर जिले में मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक किया जा रहा है। एक ओर जहां टैक्टर रैली,ऑटो रैली, मशाल रैली, टॉर्च रैली,बाहर गए ग्रामीण को फोन कर आमंत्रित जैसे कार्यक्रमों का आयोजन लगातार किया जा रहा है.वही दूसरी ओर स्वीप मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के तहत आज जिला मुख्यालय में छतरी स्वीप रैली का आयोजन किया गया। जिसमें लगभग 3 किलोमीटर मार्ग को कलेक्टर के एल चौहान के नेतृत्व में के एल अधिकारी कर्मचारी सहित विभिन्न शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों के शिक्षकों द्वारा कड़कड़ती धूप के बीच पैदल चलकर पूरी की गई। रैली में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार भी शामिल होकर अधिकारियों का उत्साह बढ़ाया। इस रैली में शिक्षा,महिला एवं बाल विकास विभाग,पंचायत,राजस्व सहित अन्य छात्र,छात्राएं,शिक्षक,आमजन, खिलाड़ी, प्रबुद्ध नागरिक,सहित अधिकारी कर्मचारी, मिडिया प्रतिनिधी बड़ी संख्या में शिरकत किए। इसके साथ ही रैली प्रारंभ आने से पूर्व कलेक्टर श्री चौहान ने सभी को शत प्रतिशत मतदान के लिए शपथ दिलाई।




कलेक्टर ने श्री चौहान ने कहा गांव की अपेक्षा शहरों में थोड़ा कम वोटिंग होता। लोग इस दिन के छुट्टी की तरह मान लेते है। हमे लोकतंत्र के इस महापर्व अपने कर्तव्यों का पालन करते हुए वोट जरूर करना चाहिए. इसी संदेश को लेकर आज हमने छतरी स्वीप रैली निकाली है। उन्होंने महिला, युवाओं और पुरुषों को अधिक से अधिक संख्या में मतदान केंद्र पहुंचने और लोकतंत्र के इस महापर्व में भागादारी करने की अपील की है। उक्त छतरी रैली जिला मुख्यालय में पंडित चक्रपाणि स्कूल परिसर से प्रारंभ, सीएचएमओ ऑफिस होते हुए मुख्य मार्गो से अंबेडकर चौक से गौरवपथ होते हुए पुनः चक्रपाणि स्कूल में समाप्त हुआ। इस मौके पर जिला पंचायत सीईओ सुश्री दिव्या अग्रवाल उप जिला निर्वाचन अधिकारी,आर आर दुबे,बलौदाबाजार एसडीएम अमित गुप्ता,जिला शिक्षा अधिकारी हिमांशु भारती, जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास अधिकारी टिकवेंद्र जाटवर, तहसीलदार राजू पटेल,जनपद पंचायत सीईओ श्री मंडावी,सीएमओ श्री भोई,साक्षर भारत सोमेश्वर राव,अन्य सभी विभागों के जिला अधिकारी गण सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी गण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। रैली में विशेष रूप से गुरुकुल इंग्लिश मीडियम स्कूल,शासकीय पंडित लक्ष्मी प्रसाद तिवारी कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, शाश्वत हायर स्कूल के शिक्षको की विशेष योगदान रहा। इन स्कूलों के शिक्षकों ने बढ़चढ़ कर उत्साह के साथ रैली में हिस्सा लिया।

# जनरल ऑब्जर्वर पहुंचे बलौदाबाजार चुनाव की तैयारियों की ली जानकारी

**बलौदाबाजार 25 अप्रैल।** लोकसभा निर्वाचन 2024 अन्तर्गत लोकसभा क्षेत्र क्रमांक 3 जांजगीर- चाम्पा के लिए नियुक्त जनरल ऑब्जर्वर (सामान्य प्रेक्षक) आईएएस सौरभ स्वामी बुधवार को जिला मुख्यालय बलौदाबाजार पहुंचे। उन्होंने जिला निर्वाचन कार्यालय में अधिकारियों की बैठक लेकर लोकसभा निर्वाचन की तैयारियों की जनकरी ली। इस अवसर पर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री के. एल. चौहान एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री सदानन्द कुमार भी उपस्थित थे। सामान्य प्रेक्षक श्री सौरभ स्वामी ने जिले में मतदाताओ की संख्या, मतदान केंद्र की संख्या, मतदान केंद्रों में बुनियादी सुविधाएं, मदतदन दलों का प्रशिक्षण,ईव्हीएम मशीनों का रेंडमाइजेशन, कमीशनिंग, डाक मतदान, वेब कास्टिंग, सुरक्षा व्यवस्था, एसएसटी, एफएसटी दलों द्वारा कार्यवाही, सी -विजिल एप्प में शिकायतों का निपटारा आदि की जानकारी



लेते हुए जरूरी निर्देश दिए। उन्होंने कंट्रोल रूम, वीडियो निगरानी कक्ष, व्यय अनुवीक्षण इकाई, एमसीएमसी का निरीक्षण कर अब तक की गई कार्यवाही के संबंध में पूछताछ की। इसके पश्चात सामान्य प्रेक्षक ने नवीन मंडी परिसर स्थित ईव्हीएम स्ट्रांग रूम, मतदान सामग्री वितरण एवं मतगणना स्थल का जायजा लिया।उन्होंने स्ट्रांग रूम की सुरक्षा के लिए तैनात सुरक्षाबलों,सीसीटीवी कैमरा, डबल लॉक इत्यादि की जानकारी लेते हुए जरूरी निर्देश दिए। इस दौरान सीईओ जिला पंचायत सुश्री दिव्या अग्रवाल, उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री आर.आर.दुबे सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

### जिले में मतदाताओं को जागरूक करने लगातार किये जा रहे नवाचार

**धमतरी 25 अप्रैल।** लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत आगामी 26 अप्रैल को मतदान होगा। इसके मद्देजनर जिले में मतदातओं को जागरूक करने नवाचार किया जा रहा है। विधानसभा क्षेत्र धमतरी के ग्राम मुजगहन में राहगीरों की प्यास बुझाने के लिए लगे मटकों में मतदाता जागरूकता संबंधी नारा-स्लोगन लिखे गये। साथ ही यहां से गुजरने वाले राहगीर, आसपास काम करने वाले मजदूरों को आगामी 26 अप्रैल को अनिवार्य रूप मतदान करने के लिए प्रेरित किया जा रहा तथा शपथ भी दिलाई जा रही। इसके साथ ही जिले के वनांचल नगरी विकासखण्ड स्थित ग्राम मोदे के लीफ आर्टिस्ट एवं युवा कवि ने पीपल के पत्तों पर ग्लोब, भारत के नक्शा पर उंगली के निशान, संसद भवन और हिंदू, मुस्लिम, सिक्ख इसाई चारों धर्म के व्यक्तियों को दर्शाता पेंटिंग बनाकर मतदाताओं को जागरूक कर रहे हैं।

# आत्मानंद विद्यापीठ ताराशिव से अब तक 19 बच्चों का नवोदय में चयन




तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**तिल्दा नेवरा 25 अप्रैल।** डॉ खूबचंद बघेल शिक्षण संस्थान द्वारा संचालित स्वामी आत्मानंद विद्यापीठ ताराशिव में विगत वर्षों के भांति इस वर्ष भी जवाहर नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा में सफलता प्राप्त हुई है। जिसमें प्रतीक हरबंस पिता उत्तम हरबंस का चयन हुआ है। उल्लेखनीय है कि विगत 7 वर्षों में अब तक 19 बच्चों का जवाहर नवोदय विद्यालय माना रायपुर हेतु चयन हुआ है। स्वामी आत्मानंद विद्यापीठ ताराशिव की इस उपलब्धि पर छत्तीसगढ़ मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज के केंद्रीय अध्यक्ष श्री चोवाराम वर्मा ,राजप्रधान श्री ठाकुर राम वर्मा ,डॉक्टर खूबचंद बघेल शिक्षण समिति के अध्यक्ष के. के. नायक, केंद्रीय युवा अध्यक्ष कपिल कश्यप, संतराम वर्मा (अध्यक्ष स्वामी आत्मानंद विद्यापीठ ताराशिव) , मनीष कुमार वर्मा सरपंच, टी. पी. शर्मा , जितेंद्र वर्मा, टी आर वर्मा, मूलचंद वर्मा, भारतद्वाज वर्मा, केवरा वर्मा, सरिता वर्मा ,विद्या वर्मा,सरस्वती वर्मा ,संतोषी वर्मा, दीप्ति ,चंपा ,रुचिका, संजय निर्मलकर सहित अदानी फाउंडेशन को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए विद्यापीठ के शिक्षक शिक्षिकाओं का भी को बधाई प्रेषित किए हैं।

### आदतन अपराधी को किया गया जिलाबदर

**बलौदाबाजार 25 अप्रैल।** आगामी लोकसभा चुनाव शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने, कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने हेतु जिले में बदमाशों पर लगातार कार्यवाही हो रही हैं। इसी क्रम में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री सदानंद कुमार की अनुशंसा पर कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी बलौदाबाजार-भाटापारा द्वारा जिले के आदतन अपराधी विमल अजय पिता मोहर साय उम्र 25 साल निवासी ग्राम गोरधा थाना कसडोल जिला बलौदाबाजार-भाटापारा को 01 वर्ष की कालावधि के लिए जिला बदर कर दिया गया है। सांथ ही श्री अविनाश ठाकुर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के मार्गदर्शन में पुलिस द्वारा जिले के अन्य आदतन बदमाशों के ऊपर भी जिलाबदर की कार्यवाही हेतु प्रतिवेदन कलेक्टर कार्यालय में भेजा गया है, जो कि अभी प्रक्रिया में हैं। जिला कलेक्टर ने छत्तीसगढ़ राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 की धारा 3, 5 ख के तहत दाण्डिक प्रकरण क्र. 20231021010007 में पारित आदेश दिनांक 24.04.2024 अनुसार यह आदेश दिया है कि 24 घंटे के अन्दर सीमावर्ती जिला- बिलासपुर, रायपुर, रायगढ़, जांजगीर-चांपा, मुंगेली, महासमुंद, सक्ति, बेमेतरा, सारंगढ़-बिलाईगढ़ तथा जिला क्षेत्र से 01 वर्ष की कालावधि के लिए बाहर चले जाए और जब तक यह आदेश लागू रहेगा। बिना वैधानिक पूर्वानुमति लिए इस जिले एवं उल्लेखित सीमावर्ती जिलों की सीमा में प्रवेश नहीं करना है। जिला बदर आरोपी को इस आदेश का तुरन्त पालन करने और पालन न करने पर उसके विरूद्ध वैधानिक कार्यवाही के आदेश दिए गए हैं। बदमाश विमल अजय के खिलाफ थाना कसडोल में कई अपराध में चालान और कार्यवाहियां हुई है।

### रक्त दान शिविर में पहुंचे मंत्री टंकराम वर्मा



**तिल्दा नेवरा 25 अप्रैल।** संत निरंकारी मिशन की सामाजिक शाखा संत निरंकारी चेरिटेबल फाउंडेशन द्वारा सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज की पावन छत्रछाया में निरंकारी बाबा गुरुबचन सिंह जी की स्मृति में मानव एकता दिवस पर विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन शहर के संत निरंकारी सत्संग भवन में किया गया. रक्तदान शिविर का शुभारंभ राजस्व मंत्री और बलौदाबाजार विधायक टंकराम वर्मा , ने फीता काटकर किया और कहा की निरंकारी मिशन आध्यात्मिकता और मानवता का मिशन है।मिशन का ध्येय हमेशा इंसानियत की सेवा ही रहा है और नर सेवा को नारायण पूजा के समान माना गया है। शुभारंभ के दौरान के सभी अतिथियों का माला एवं साफा पहनाकर स्वागत किया गया.रक्त दान करने वाले सभी रक्तदाताओं का भी सम्मान किया गया कार्यक्रम में सुन्दर दास जेसवानी /मुखी संत निरंकारी तिल्दा नेवरा के साथ साथ निरंकारी श्रद्धालु भारी संख्या में उपस्थित रहे मानव कल्याण हेतु सन्त निरंकारी मिशन द्वारा समय-समय पर भारत के कोने-कोने में न केवल रक्तदान शिविरों का आयोजन किया जाता है बल्कि पौधारोपण, सफाई अभियान, अचानक आने वाली विपदाऐं जैसे भूकम्प या बाढ़ आदि के अवसर पर भी जरूरतमंदों की भरपूर सहायता की जाती है ।

### अवैध शराब बिक्री करने वाले 4 कोचिया को किया गया गिरफ्तार




**बलौदाबाजार 25 अप्रैल।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक महोदय श्री सदानंद कुमार द्वारा जिले में सभी प्रकार के नशे के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान सृजन के तहत, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री अविनाश सिंह ठाकुर एवं एसडीओपी निधी नाग के मार्गदर्शन में एवं थाना प्रभारी श्री अजय झा के निर्देशन में थाना सिटी कोतवाली पुलिस द्वारा शराब कोचियों की धरपकड़ कार्यवाही लगातार जारी है। इसी क्रम में आज दिनांक 24/04/2024 को थाना सिटी कोतवाली से प्रआर समीर शुक्ला, अंजोर सिंह मांझी, आर. अकरम मोह, देव निराला, रमाकांत भारद्वाज द्वारा अवैध रूप से शराब बिक्री करने हेतु रखने वाले 04 शराब कोचिया को गिरफ्तार किया गया है। आरोपियो से कुल 114 पाव देशी मशाला शराब 20.520 बल्क लीटर कुल कीमती ?12540 को जप्त किया गया है। आरोपियो के विरुद्ध थाना सिटी कोतवाली में अपराध क्र. 297,298/24 धारा 34(2) आबकरी एक्ट एवं अपराध क्र. 299,300/2024 धारा 34( ) आबकारी एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है।

### अग्निवीर में चयनित ओंकार साहू का किया सम्मान



**भखारा 25 अप्रैल।** ग्राम लोहरसी के कपीश्वर धाम समिति के सदस्य ओंकार साहू पिता राजेश साहू का अग्निवीर में चयन होने पर प्रशिक्षण में जाने के पूर्व कपीश्वर धाम समिति लोहरसी द्वारा हनुमान जन्मोत्सव के पावन पर्व पर प्रतीक चिन्ह,श्रीफल भेंट कर सम्मान कर धूमधाम बाजे गाजे के साथ प्रशिक्षण हेतु विदा किया गया । अग्निवीर में चयन होने पर समस्त ग्रामवासीयों में उत्साह है, इससे अन्य युवाओं को प्रेरणा मिलेगी। इस अवसर पर नीलकंठ, आशीष,चंद्रहास,घनश्याम, दीपक ,देवेंद्र,झारियार व परिवारजन एवं ग्रामवासी सहित समिति के सदस्य उपस्थित थे।

# 45 डिग्री में कर रहे लोकसभा चुनाव का प्रचार भाजपा कार्यकर्ता

- श्रमिकों से लेकर सरपंच तक कर रहे हैं भाजपाई मुलाक़ात,
- ग्रामीणों ने मोदी की गारंटी पर जताया भरोसा,
- महतारी वंदन योजना को किया नमन

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बालोद 25 अप्रैल।** कांकेर लोकसभा सीट को लेकर भाजपा कोई कोर कसर नही छोड़ना चाह रही है प्रदेश भाजपा संगठन के निर्देश पर बस्तर के सुदूर अंचल से पहुचे भाजपा पदाधिकारी न तो गर्मी की परवाह कर रहै है ना ही दुरियों कि, कांकेर लोकसभा सीट के बालोद जिले के तीनों विधानसभा के 1 दर्जन से ज्यादा सरपंचो महिला स्व सहायता समूहों व श्रमिक संगठनों से मिल कर भाजपा प्रत्याशी भोजराज नाग को विजय बनाने की अपील कर रहे है

कांकेर लोकसभा सीट को लेकर भाजपा ने बूथ स्तर पर अपनी लड़ाई तेज कर दी है बालोद जिला संगठन के साथ साथ बस्तर से आये भाजपा पदाधिकारी जिले के सभी बूथों पर चहलकदमी करते नज़र आ रहे है। इसी तारतम्य में सुकमा जिले से जिला भाजपा कोषाध्यक्ष लीलाधर राठी, जिला उपाध्यक्ष पी विजय, जिला सह कोषाध्यक्ष सुभाष चतुर्वेदी एवम जिला युवा मोर्चा उपाध्यक्ष अमितेश सिंह की टीम ने जगतरा स्थित हनुमान मंदिर पहुच कर पूजा अर्चना कर भक्तो से भी सनातन धर्म की परंपरा को बरकरार रखने हेतु मोदी जी के 400 पार के विजन को पूरा करने हेतु आव्हान किया। इस दौरान वहां उपस्थित मातृ शक्ति से महतारी वंदन को लेकर चर्चा की जिस पर उन्होंने प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के प्रति आभार व्यक्त करते हुए वंदन किया। वही भाजपा नेताओं द्वारा कमरौद स्थिति भू प्रगट हनुमान जी के मंदिर में जा कर भक्तो से भोजराज नाग के पक्ष में मतदान करने का अनुरोध किया।



वही भाजपा नेताओं द्वारा डौंडी लोहारा विधानसभा के लोहारा मंडल स्थित कार्यालय में पहुच कर भाजपा बालोद जिला कोषाध्यक्ष दिलीप शर्मा व शक्ति केंद्र के संयोजको के साथ बैठक कर अपने अपने बूथों को मजबूत करने का आव्हान किया इस दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं में पिछले विधानसभा चुनाव की अपेक्षा दुगना उत्साह देखने को मिला

वही दल्ली राजहरा स्थित तेलगु समाज के पदाधिकारियों से भेंट कर कांकेर लोकसभा सीट से भोजराज नाग को बड़ी बढ़त के साथ विजय दिलाने हेतु बैठक लिया गया। इस दौरान उक्त समाज के पदाधिकारियों ने आश्वस्त करते हुए कहा कि मोदी जी की गारंटी पर ही हम सभी मुहर लगाएंगे वही रात्रि में आयोजित हनुमान जयंती की शोभा यात्रा में शामिल हो कर सभी नगर वासियो को शुभकामनाएं दी

इधर बालोद जिले के ही ग्राम पंचायत करहीबदर में सरपंच लीलाराम डड़सेना, व्यापारियों एवम माहेश्वरी समाज के बंधुओं से मुलाकात कर देश मे चल रहे मोदी लहर के पक्ष में मतदान करने का अनुरोध किया इस दौरान व्यापारियों में भाजपा नेताओं को आश्वस्त करते हुए कहा कि इस बार का मतदान देश हित मे मोदी के पक्ष में ही होगा

इधर सुकमा जिले से पहुचे भाजपा नेता लीलाधर राठी, सुभाष चतुर्वेदी, पी विजय, अमितेश सिंह जामगांव पहुचे जहा ग्राम के सरपंच श्रीमती पुष्पा देवांगन व वरिष्ठ कार्यकर्ताओ से भेंट कर 26 अप्रैल को होने वाले मतदान को लेकर चर्चा की। इस दौरान मोदी जी से प्रभावित होकर ग्राम के वरिष्ठ कांग्रेसी सुंदरलाल साहू ने भाजपा प्रवेश करने की इच्छा जताई जिस पर भाजपाइयों ने केसरिये गमझे के साथ स्वागत कर प्रवेश दिलाया।

जगतरा स्थित एफसीआई गौदाम में मौजूद सैकड़ो श्रमिकों के साथ सुकमा जिले से आये भाजपा नेताओं ने बैठक कर बुजुर्ग श्रमिकों का सम्मान किया। इस दौरान सैकड़ो की संख्या में मौजूद श्रमिकों ने मोदी जी के नारों के साथ भाजपा के पक्ष में ही मतदान करने की बात कही। इस दौरान जिला भाजपा कोषाध्यक्ष लीलाधर राठी ने अपने सम्बोधन में कहा कि आज पूरे देश मे मोदी लहर है, हर कोई मोदी जी के 400 पार के विजन के साथ जुड़ना चाहता है ऐसे में कांकेर लोकसभा से भोजराज नाग को यहाँ से भारी मत देकर विजय बना कर दिल्ली भेजना है। श्री राठी ने कहा कि भाजपा प्रतियासी की सादगी जे सभी कायल है। उनके द्वारा आदिवासी हितों के लिए चलाए गए अभियान की भी प्रसंशा की।


**न्यायालय नायब तहसीलदार डोंगरगढ़, जिला-राजनांदगांव**

**ईश्तहार**

रा.प्र.क्र. 202404092100013-अ/6 (अ) वर्ष 2023-24

एतद सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक ह्यही ग्राम केसली तहसील डोंगरगढ़ जिला राजनांदगांव द्वारा ग्राम केसली पटवारी हल्का नं. 06 रा.नि.मं.मोहारा तहसील डोंगरगढ़ जिला राजनांदगांव में स्थित भूमि खसरा नं. 373 रकबा 1.028 कुल खसरा 01 कुल रकबा 1.028 हेक्टेयर भूमि आवेदक के नाम पर दर्ज है। उक्त भूमि का ऋण पुस्तिका कही गुम हो चुका है। उक्त भूमि का ऋण पुस्तिका कही गुम हो जाने के कारण आवेदक को शासकीय एवं अर्धशासकीय कार्य में परेशानी हो रही है। उक्त भूमि का डुप्लीकेट ऋण पुस्तिका प्रदाय किये जाने हेतु आवेदन पत्र मय बी-1, अदेय प्रमाण पत्र तथा प्रथम सूचना रिपोर्ट, चलान की मूल प्रति पेश किया गया है।

अतः उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को उजर व आपत्ति हो तो वह ईश्तहार प्रकाशन दिनांक 06/05/2024 के पूर्व स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से पेश कर सकते है। निर्धारित समयावधि बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेंगा।

आज दिनांक 09/04/2023 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर

नायब तहसीलदार
डोंगरगढ़

**न्यायालय तहसीलदार डोंगरगढ़ के न्यायालय में मामला क्रमांकः 202404092100047**

विषय -अ-6 अ मामले की श्रेणी- राजस्व सन् 2023-2024
छीरपानी ( प ह न. 00024 ),
पक्षकारों का विवरण -
आवेदक पक्षकार- परमेश्वरी देवी अग्रवाल,
अनावेदक पक्षकार- आम जनता,

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व सधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका परमेश्वरी देवी अग्रवाल पति स्व. गोविन्दलाल अग्रवाल, जाति अग्रवाल, निवासी वार्ड नंबर 10, नरसिंग वार्ड डोंगरगढ़ तहसील डोंगरगढ़ जिला राजनांदगांव (छ.ग.) द्वारा आवेदन पत्र पेश किया है कि आवेदिका नरसिंग वार्ड नंबर 10 डोंगरगढ़ तहसील डोंगरगढ़ जिला राजनांदगांव छ.ग. की स्थायी निवासी है। आवेदक के एकल स्वामित्व एवं आधिपत्य में ग्राम छिरपानी प.ह.नं. 14 तहसील डोंगरगढ़ जिला राजनांदगांव छ.ग. में कृषि भूमि खाता क्रमांक 190 खसरा नंबर 102/10 रकबा 0.0650 एकड़ भू राजस्व 0.800 रूपये है। उक्त भूमि के राजस्व अभिलेख बी-1 खसरा नक्शा में आवेदक का नाम सही अंकित है उसके पति गोविन्दलाल अग्रवाल अंकित होना था लेकिन राजस्व अभिलेख में पति के स्थान पर पिता त्रुटिपूर्ण अंकित हो गया है। अतः उक्त भूमि के राजस्व अभिलेखो में आवेदक के पिता विलोपित कर पति अंकित कर सभी राजस्व अभिलेख दुरूस्त किया जाना न्याय संगत है। उक्त भूमि खसरा नंबर 102/10 के राजस्व अभिलेखो से आवेदिका के ''पिता'' को विलोपित कर ''पति'' इन्द्राज किये जाने का आदेश पारित कर राजस्व अभिलेख में सुधार किये जाने का निवेदन किया गया है।

अतः उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को उजर व आपत्ति हो तो वह ईश्तहार प्रकाशन दिनांक 13.05.2024 तक या उसके पूर्व स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित समयावधि बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 15/04/2024 को जारी किया जाता है।

मुहर

तहसीलदार
डोंगरगढ़

**एक नजर**

## मिशन मुस्कान में गुम इंसान को पुलिस ने ढूंढ निकाला

**बलौदाबाजार 25 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** मामले का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है कि मामले का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है कि दिनांक 14/04/2024 को गुम इंसान क्रमांक 46/24 के प्रार्थी थाना सिटी कोतवाली बलौदाबाजार ने मौखिक रिपोर्ट दर्ज कराया कि इसकी नाबालिक जो दिनांक 31/03/2024 के 10/00 बजे लगभग घर से बिना बताये निकली है जो अब तक वापस नही आयी है कि किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा नाबालिग को बहला फुसलाकर अपहरण करने की आशंका एवं सर्वोच्च न्यायालय के दिशा निर्देश पर नाबालिग बच्चों की गुम होने की रिपोर्ट पर अपराध धारा 363 भादवि का घटित होने की आशंका पाये जाने से अपराध कायम कर विवेचना में लिया गया । जिसकी लगातार पता साजी करने पर गुम इंसान के पिता द्वारा थाना लाकर पेश किया पुछताछ कर बरामदगी पंचनामा तैयार किया जो अपहृता से पुछताछ में बताई कि दिनांक 31.03.2024 को सुबह 10.00 बजे मुझे मेरे माता पिता द्वारा घर में काम नहीं करती हो कहकर मुझे डांटने पर नाराज होकर बलौदाबाजार से बस बैठकर भाटापारा गयी और भाटापारा से ट्रेन बैठकर दुर्ग घुमने गयी थी, वापस आते समय मैं गलती से उड़िसा जाने वाली दुर्ग पुरी एक्सप्रेस ट्रेन में बैठकर कटक रेलवे स्टेशन में उतरी हूं, रेलवे स्टेशन में रेलवे पुलिस वालों को बतायी कि मैं गलती से भाटापारा की जगह कटक आ गयी हूँ। तब पुलिस वालों ने मुझे आद्रुता आश्रम जिला अंगुल उड़िसा में सुपुर्द किया, करीब 18 दिन तक आश्रम में रही हूं, मेरे माता पिता मुझे ले जाने के लिए आश्रम आये और फिर मैं अपने माता पिता के साथ सकुशल घर आ गयी जिसकी पता चलने पर थाना सिटी कोतवाली बलौदाबाजार लाकर बरामदगी शुमार किया गया है। उपरोक्त कार्यवाही में सउनि राजेन्द्र पाटिल, आर. अश्वनी पैकरा, रमाकांत भरतद्वाज एवं महिला आर. स्वाती साहू का विशेष योगदान रहा।

## बोडतरा मे जसगीत प्रतियोगिता में ,मण्डलियों को पुरस्कृत किया गया

**भाटापारा 25 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** ग्राम बोड़तरा में मावली माता युवा सेवा समिति द्वारा आयोजित त्रिदिवसीय जसगीत प्रतियोगिता में सम्मिलित समस्त जसगीत समितियों ने अपना कार्यक्रम प्रस्तुत किये इसमें लक्षणपुर हरियाली जसगीत बलिका समिति प्रथम स्थान,दूसरे स्थान पे जय महामाया सेवा समिति मलिन,तीसरे स्थान पे जगतारिणी सेवा समिति फुलवारी को प्राप्त हुआ ,पुरस्कार 5001,3001,2001 प्रथम ,द्वितीय, तृतीय के रुप में गायत्री जितेंद्र आडिल ,नीतू रवि आडिल के द्वारा वितरण किया गया प्रमुख लोगो में आदिवासी समाज के ग्राम प्रमुख चैनसिंह ध्रुव,कूर्मि समाज के प्रबुद्धजन प्रेमनाथ वर्मा, दिलेश्वर आडिल, राजू आडिल,महेतरु ,हरिहर,टिकेश्वर ,भानु वर्मा,मोनू वर्मा,साहू समाज के प्रमुख संतराम साहू जी उपस्थित थे। प्रमुख रूप से समिति के सदस्य चंद्रकांत आडिल,कोमल आडिल, हिमांशु आडिल दीपक,वीरेंद्र,ओमकार ,पिंटू,व्यास, पीयूष, रविकांत,नवीन ,सोना वर्मा प्रमुख रूप से उपस्थित थे।



## शिविर में लोगों ने किया रक्तदान

**रायपुर. 25 अप्रैल।** डॉ. भीमराव अंबेडकर स्मृति चिकित्सालय स्थित मॉडल ब्लड बैंक सेंटर एवं संत निरंकारी मिशन के संयुक्त तत्वावधान में मानव एकता दिवस के अवसर पर बुधवार को रायपुर और तिल्दा में विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस रक्तदान शिविर में रायपुर में 209 यूनिट और तिल्दा में 97 यूनिट रक्त संग्रह किया गया। रक्तदान शिविर की खास बात यह रही की अकेले रायपुर में 84 यूनिट रक्त और तिल्दा में 23 यूनिट रक्त विशेष रूप से महिला रक्तदाताओं द्वारा डोनेट (दान) किया गया। संत निरंकारी मिशन की तरफ से रायपुर कैंप का कार्यभार गुरबक्श सिंह कालरा, परमजीत कालरा, कमलेश पंजवानी और तिल्दा कैंप का कार्यभार सुंदर दास ने संभाला। मॉडल ब्लड (बैंक) सेंटर की तरफ से रायपुर कैंप डॉ. सूदित पाल और तिल्दा कैंप डॉ. अविरल मिश्रा के निगरानी में संपन्न हुआ। रायपुर रक्तदान शिविर की टीम में डॉ. मनीष, डॉ. अमित, डॉ. नुपुर, डॉ. बबिता, डॉ. शिवानी, डॉ. शालिनी, प्रेम लाल बिरला, मनोज दास, गणेश मेहर, जितेन्द्र यादव, झूल सिंह, तिलिस्मी, जागृति, भूमिका यादव, सम्मुख राव, गोवर्धन गायकवाड, लखपति पटेल, लकेश्वर, करिश्मा, शुभम, वंदना और राकेश बंजारे थे।

# लोकसभा चुनाव में शत प्रतिशत मतदान का संदेश देने छतरी स्वीप रैली निकाली

### कलेक्टर के नेतृत्व में तेज धूप में किया गया आयोजन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार,25 अप्रैल।** लोक सभा चुनाव में शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के उद्देश्य से स्वीप मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के तहत विभिन्न गतिविधियों का आयोजन कर जिले में मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक किया जा रहा है। एक ओर जहां टैक्टर रैली,ऑटो रैली, मशाल रैली, टॉर्च रैली,बाहर गए ग्रामीण को फोन कर आमंत्रित जैसे कार्यक्रमों का आयोजन लगातार किया जा रहा है.वही दूसरी ओर स्वीप मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के तहत आज जिला मुख्यालय में छतरी स्वीप रैली का आयोजन किया गया। जिसमें लगभग 3 किलोमीटर मार्ग को कलेक्टर के एल चौहान के नेतृत्व में के एल अधिकारी कर्मचारी सहित विभिन्न शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों के शिक्षकों द्वारा कड़कड़ती धूप के बीच पैदल चलकर पूरी की गई। रैली में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार भी शामिल होकर अधिकारियों का उत्साह बढ़ाया। इस रैली में शिक्षा,महिला एवं बाल विकास विभाग,पंचायत,राजस्व सहित अन्य छात्र,छात्राएं,शिक्षक,आमजन, खिलाड़ी, प्रबुद्ध नागरिक,सहित अधिकारी कर्मचारी, मिडिया प्रतिनिधी बड़ी संख्या में शिरकत किए। इसके साथ ही रैली प्रारंभ आने से पूर्व कलेक्टर श्री चौहान ने सभी को शत प्रतिशत मतदान के लिए शपथ दिलाई।




कलेक्टर ने श्री चौहान ने कहा गांव की अपेक्षा शहरों में थोड़ा कम वोटिंग होता। लोग इस दिन के छुट्टी की तरह मान लेते है। हमे लोकतंत्र के इस महापर्व अपने कर्तव्यों का पालन करते हुए वोट जरूर करना चाहिए. इसी संदेश को लेकर आज हमने छतरी स्वीप रैली निकाली है। उन्होंने महिला, युवाओं और पुरुषों को अधिक से अधिक संख्या में मतदान केंद्र पहुंचने और लोकतंत्र के इस महापर्व में भागादारी करने की अपील की है। उक्त छतरी रैली जिला मुख्यालय में पंडित चक्रपाणि स्कूल परिसर से प्रारंभ, सीएचएमओ ऑफिस होते हुए मुख्य मार्गो से अंबेडकर चौक से गौरवपथ होते हुए पुनः चक्रपाणि स्कूल में समाप्त हुआ। इस मौके पर जिला पंचायत सीईओ सुश्री दिव्या अग्रवाल उप जिला निर्वाचन अधिकारी,आर आर दुबे,बलौदाबाजार एसडीएम अमित गुप्ता,जिला शिक्षा अधिकारी हिमांशु भारती, जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास अधिकारी टिकवेंद्र जाटवर, तहसीलदार राजू पटेल,जनपद पंचायत सीईओ श्री मंडावी,सीएमओ श्री भोई,साक्षर भारत सोमेश्वर राव,अन्य सभी विभागों के जिला अधिकारी गण सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी गण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। रैली में विशेष रूप से गुरुकुल इंग्लिश मीडियम स्कूल,शासकीय पंडित लक्ष्मी प्रसाद तिवारी कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, शाश्वत हायर स्कूल के शिक्षको की विशेष योगदान रहा। इन स्कूलों के शिक्षकों ने बढ़चढ़ कर उत्साह के साथ रैली में हिस्सा लिया।

# जनरल ऑब्जर्वर पहुंचे बलौदाबाजार चुनाव की तैयारियों की ली जानकारी

**बलौदाबाजार 25 अप्रैल।** लोकसभा निर्वाचन 2024 अन्तर्गत लोकसभा क्षेत्र क्रमांक 3 जांजगीर- चाम्पा के लिए नियुक्त जनरल ऑब्जर्वर (सामान्य प्रेक्षक) आईएएस सौरभ स्वामी बुधवार को जिला मुख्यालय बलौदाबाजार पहुंचे। उन्होंने जिला निर्वाचन कार्यालय में अधिकारियों की बैठक लेकर लोकसभा निर्वाचन की तैयारियों की जनकरी ली। इस अवसर पर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री के. एल. चौहान एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री सदानन्द कुमार भी उपस्थित थे। सामान्य प्रेक्षक श्री सौरभ स्वामी ने जिले में मतदाताओ की संख्या, मतदान केंद्र की संख्या, मतदान केंद्रों में बुनियादी सुविधाएं, मदतदन दलों का प्रशिक्षण,ईव्हीएम मशीनों का रेंडमाइजेशन, कमीशनिंग, डाक मतदान, वेब कास्टिंग, सुरक्षा व्यवस्था, एसएसटी, एफएसटी दलों द्वारा कार्यवाही, सी -विजिल एप्प में शिकायतों का निपटारा आदि की जानकारी लेते हुए जरूरी निर्देश दिए। उन्होंने कंट्रोल रूम, वीडियो निगरानी कक्ष, व्यय अनुवीक्षण इकाई, एमसीएमसी का निरीक्षण कर अब तक की गई कार्यवाही के संबंध में पूछताछ की। इसके पश्चात सामान्य प्रेक्षक ने नवीन मंडी परिसर स्थित ईव्हीएम स्ट्रांग रूम, मतदान सामग्री वितरण एवं मतगणना स्थल का जायजा लिया।उन्होंने स्ट्रांग रूम की सुरक्षा के लिए तैनात सुरक्षाबलों,सीसीटीवी कैमरा, डबल लॉक इत्यादि की जानकारी लेते हुए जरूरी निर्देश दिए। इस दौरान सीईओ जिला पंचायत सुश्री दिव्या अग्रवाल, उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री आर.आर.दुबे सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।



## जिले में मतदाताओं को जागरूक करने लगातार किये जा रहे नवाचार

**धमतरी 25 अप्रैल।** लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत आगामी 26 अप्रैल को मतदान होगा। इसके मद्देजनर जिले में मतदातओं को जागरूक करने नवाचार किया जा रहा है। विधानसभा क्षेत्र धमतरी के ग्राम मुजगहन में राहगीरों की प्यास बुझाने के लिए लगे मटकों में मतदाता जागरूकता संबंधी नारा-स्लोगन लिखे गये। साथ ही यहां से गुजरने वाले राहगीर, आसपास काम करने वाले मजदूरों को आगामी 26 अप्रैल को अनिवार्य रूप मतदान करने के लिए प्रेरित किया जा रहा तथा शपथ भी दिलाई जा रही। इसके साथ ही जिले के वनांचल नगरी विकासखण्ड स्थित ग्राम मोदे के लीफ आर्टिस्ट एवं युवा कवि ने पीपल के पत्तों पर ग्लोब, भारत के नक्शा पर उंगली के निशान, संसद भवन और हिंदू, मुस्लिम, सिक्ख इसाई चारों धर्म के व्यक्तियों को दर्शाता पेंटिंग बनाकर मतदाताओं को जागरूक कर रहे हैं।

# आत्मानंद विद्यापीठ ताराशिव से अब तक 19 बच्चों का नवोदय में चयन




■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**तिल्दा नेवरा 25 अप्रैल।** डॉ खूबचंद बघेल शिक्षण संस्थान द्वारा संचालित स्वामी आत्मानंद विद्यापीठ ताराशिव में विगत वर्षों के भांति इस वर्ष भी जवाहर नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा में सफलता प्राप्त हुई है। जिसमें प्रतीक हरबंस पिता उत्तम हरबंस का चयन हुआ है। उल्लेखनीय है कि विगत 7 वर्षों में अब तक 19 बच्चों का जवाहर नवोदय विद्यालय माना रायपुर हेतु चयन हुआ है। स्वामी आत्मानंद विद्यापीठ ताराशिव की इस उपलब्धि पर छत्तीसगढ़ मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज के केंद्रीय अध्यक्ष श्री चोवाराम वर्मा ,राजप्रधान श्री ठाकुर राम वर्मा ,डॉक्टर खूबचंद बघेल शिक्षण समिति के अध्यक्ष के. के. नायक, केंद्रीय युवा अध्यक्ष कपिल कश्यप, संतराम वर्मा (अध्यक्ष स्वामी आत्मानंद विद्यापीठ ताराशिव) , मनीष कुमार वर्मा सरपंच, टी. पी. शर्मा , जितेंद्र वर्मा, टी आर वर्मा, मूलचंद वर्मा, भारतद्वाज वर्मा, केवरा वर्मा, सरिता वर्मा ,विद्या वर्मा,सरस्वती वर्मा ,संतोषी वर्मा, दीप्ति ,चंपा ,रुचिका, संजय निर्मलकर सहित अदानी फाउंडेशन को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए विद्यापीठ के शिक्षक शिक्षिकाओं का भी को बधाई प्रेषित किए हैं।

## आदतन अपराधी को किया गया जिलाबदर

**बलौदाबाजार 25 अप्रैल।** आगामी लोकसभा चुनाव शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने, कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने हेतु जिले में बदमाशों पर लगातार कार्यवाही हो रही हैं। इसी क्रम में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री सदानंद कुमार की अनुशंसा पर कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी बलौदाबाजार-भाटापारा द्वारा जिले के आदतन अपराधी विमल अजय पिता मोहर साय उम्र 25 साल निवासी ग्राम गोरधा थाना कसडोल जिला बलौदाबाजार-भाटापारा को 01 वर्ष की कालावधि के लिए जिला बदर कर दिया गया है। सांथ ही श्री अविनाश ठाकुर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के मार्गदर्शन में पुलिस द्वारा जिले के अन्य आदतन बदमाशों के ऊपर भी जिलाबदर की कार्यवाही हेतु प्रतिवेदन कलेक्टर कार्यालय में भेजा गया है, जो कि अभी प्रक्रिया में हैं। जिला कलेक्टर ने छत्तीसगढ़ राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 की धारा 3, 5 ख के तहत दाण्डिक प्रकरण क्र. 202310210100007 में पारित आदेश दिनांक 24.04.2024 अनुसार यह आदेश दिया है कि 24 घंटे के अन्दर सीमावर्ती जिला- बिलासपुर, रायपुर, रायगढ़, जांजगीर-चांपा, मुंगेली, महासमुंद, सक्ति, बेमेतरा, सारंगढ़-बिलाईगढ़ तथा जिला क्षेत्र से 01 वर्ष की कालावधि के लिए बाहर चले जाए और जब तक यह आदेश लागू रहेगा। बिना वैधानिक पूर्वानुमति लिए इस जिले एवं उल्लेखित सीमावर्ती जिलों की सीमा में प्रवेश नहीं करना है। जिला बदर आरोपी को इस आदेश का तुरन्त पालन करने और पालन न करने पर उसके विरूद्ध वैधानिक कार्यवाही के आदेश दिए गए हैं। बदमाश विमल अजय के खिलाफ थाना कसडोल में कई अपराध में चालान और कार्यवाहियां हुई है।

## रक्त दान शिविर में पहुंचे मंत्री टंकराम वर्मा



**तिल्दा नेवरा 25 अप्रैल।** संत निरंकारी मिशन की सामाजिक शाखा संत निरंकारी चेरिटेबल फाउंडेशन द्वारा सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज की पावन छत्रछाया में निरंकारी बाबा गुरुबचन सिंह जी की स्मृति में मानव एकता दिवस पर विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन शहर के संत निरंकारी सत्संग भवन में किया गया. रक्तदान शिविर का शुभारंभ राजस्व मंत्री और बलौदाबाजार विधायक टंकराम वर्मा , ने फीता काटकर किया और कहा की निरंकारी मिशन आध्यात्मिकता और मानवता का मिशन है।मिशन का ध्येय हमेशा इंसानियत की सेवा ही रहा है और नर सेवा को नारायण पूजा के समान माना गया है। शुभारंभ के दौरान के सभी अतिथियों का माला एवं साफा पहनाकर स्वागत किया गया.रक्त दान करने वाले सभी रक्तदाताओं का भी सम्मान किया गया कार्यक्रम में सुन्दर दास जेसवानी /मुखी संत निरंकारी तिल्दा नेवरा के साथ साथ निरंकारी श्रद्धालु भारी संख्या में उपस्थित रहे मानव कल्याण हेतु सन्त निरंकारी मिशन द्वारा समय-समय पर भारत के कोने-कोने में न केवल रक्तदान शिविरों का आयोजन किया जाता है बल्कि पौधारोपण, सफाई अभियान, अचानक आने वाली विपदाऐं जैसे भूकम्प या बाढ़ आदि के अवसर पर भी जरूरतमंदों की भरपूर सहायता की जाती है ।

## अवैध शराब बिक्री करने वाले 4 कोचिया को किया गया गिरफ्तार




**बलौदाबाजार 25 अप्रैल।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक महोदय श्री सदानंद कुमार द्वारा जिले में सभी प्रकार के नशे के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान सृजन के तहत, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री अविनाश सिंह ठाकुर एवं एसडीओपी निधी नाग के मार्गदर्शन में एवं थाना प्रभारी श्री अजय झा के निर्देशन में थाना सिटी कोतवाली पुलिस द्वारा शराब कोचियों की धरपकड़ कार्यवाही लगातार जारी है। इसी क्रम में आज दिनांक 24/04/2024 को थाना सिटी कोतवाली से प्रआर समीर शुक्ला, अंजोर सिंह मांझी, आर. अकरम मोह, देव निराला, रमाकांत भारद्वाज द्वारा अवैध रूप से शराब बिक्री करने हेतु रखने वाले 04 शराब कोचिया को गिरफ्तार किया गया है। आरोपियो से कुल 114 पाव देशी मशाला शराब 20.520 बल्क लीटर कुल कीमती ?12540 को जप्त किया गया है। आरोपियो के विरुद्ध थाना सिटी कोतवाली में अपराध क्र. 297,298/24 धारा 34(2) आबकरी एक्ट एवं अपराध क्र. 299,300/2024 धारा 34( ) आबकारी एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है।

## अग्निवीर में चयनित ओंकार साहू का किया सम्मान



**भखारा 25 अप्रैल।** ग्राम लोहरसी के कपीश्वर धाम समिति के सदस्य ओंकार साहू पिता राजेश साहू का अग्निवीर में चयन होने पर प्रशिक्षण में जाने के पूर्व कपीश्वर धाम समिति लोहरसी द्वारा हनुमान जन्मोत्सव के पावन पर्व पर प्रतीक चिन्ह,श्रीफल भेंट कर सम्मान कर धूमधाम बाजे गाजे के साथ प्रशिक्षण हेतु विदा किया गया । अग्निवीर में चयन होने पर समस्त ग्रामवासीयों में उत्साह है, इससे अन्य युवाओं को प्रेरणा मिलेगी। इस अवसर पर नीलकंठ, आशीष,चंद्रहास,घनश्याम, दीपक ,देवेंद्र,झारियार व परिवारजन एवं ग्रामवासी सहित समिति के सदस्य उपस्थित थे।

# 45 डिग्री में कर रहे लोकसभा चुनाव का प्रचार भाजपा कार्यकर्ता

- श्रमिकों से लेकर सरपंच तक कर रहे हैं भाजपाई मुलाक़ात,
- ग्रामीणों ने मोदी की गारंटी पर जताया भरोसा,
- महतारी वंदन योजना को किया नमन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बालोद 25 अप्रैल।** कांकेर लोकसभा सीट को लेकर भाजपा कोई कोर कसर नही छोड़ना चाह रही है प्रदेश भाजपा संगठन के निर्देश पर बस्तर के सुदूर अंचल से पहुचे भाजपा पदाधिकारी न तो गर्मी की परवाह कर रहै है ना ही दुरियों कि, कांकेर लोकसभा सीट के बालोद जिले के तीनों विधानसभा के 1 दर्जन से ज्यादा सरपंचो महिला स्व सहायता समूहों व श्रमिक संगठनों से मिल कर भाजपा प्रत्याशी भोजराज नाग को विजय बनाने की अपील कर रहे है

कांकेर लोकसभा सीट को लेकर भाजपा ने बूथ स्तर पर अपनी लड़ाई तेज कर दी है बालोद जिला संगठन के साथ साथ बस्तर से आये भाजपा पदाधिकारी जिले के सभी बूथों पर चहलकदमी करते नज़र आ रहे है। इसी तारतम्य में सुकमा जिले से जिला भाजपा कोषाध्यक्ष लीलाधर राठी, जिला उपाध्यक्ष पी विजय, जिला सह कोषाध्यक्ष सुभाष चतुर्वेदी एवम जिला युवा मोर्चा उपाध्यक्ष अमितेश सिंह की टीम ने जगतरा स्थित हनुमान मंदिर पहुच कर पूजा अर्चना कर भक्तो से भी सनातन धर्म की परंपरा को बरकरार रखने हेतु मोदी जी के 400 पार के विजन को पूरा करने हेतु आव्हान किया। इस दौरान वहां उपस्थित मातृ शक्ति से महतारी वंदन को लेकर चर्चा की जिस पर उन्होंने प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के प्रति आभार व्यक्त करते हुए वंदन किया। वही भाजपा नेताओं द्वारा कमरौद स्थिति भू प्रगट हनुमान जी के मंदिर में जा कर भक्तो से भोजराज नाग के पक्ष में मतदान करने का अनुरोध किया।



वही भाजपा नेताओं द्वारा डौंडी लोहारा विधानसभा के लोहारा मंडल स्थित कार्यालय में पहुच कर भाजपा बालोद जिला कोषाध्यक्ष दिलीप शर्मा व शक्ति केंद्र के संयोजको के साथ बैठक कर अपने अपने बूथों को मजबूत करने का आव्हान किया इस दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं में पिछले विधानसभा चुनाव की अपेक्षा दुगना उत्साह देखने को मिला

वही दल्ली राजहरा स्थित तेलगु समाज के पदाधिकारियों से भेंट कर कांकेर लोकसभा सीट से भोजराज नाग को बड़ी बढ़त के साथ विजय दिलाने हेतु बैठक लिया गया। इस दौरान उक्त समाज के पदाधिकारियों ने आश्वस्त करते हुए कहा कि मोदी जी की गारंटी पर ही हम सभी मुहर लगाएंगे वही रात्रि में आयोजित हनुमान जयंती की शोभा यात्रा में शामिल हो कर सभी नगर वासियो को शुभकामनाएं दी

इधर बालोद जिले के ही ग्राम पंचायत करहीबदर में सरपंच लीलाराम डड़सेना, व्यापारियों एवम माहेश्वरी समाज के बंधुओं से मुलाकात कर देश मे चल रहे मोदी लहर के पक्ष में मतदान करने का अनुरोध किया इस दौरान व्यापारियों में भाजपा नेताओं को आश्वस्त करते हुए कहा कि इस बार का मतदान देश हित मे मोदी के पक्ष में ही होगा

इधर सुकमा जिले से पहुचे भाजपा नेता लीलाधर राठी, सुभाष चतुर्वेदी, पी विजय, अमितेश सिंह जामगांव पहुचे जहा ग्राम के सरपंच श्रीमती पुष्पा देवांगन व वरिष्ठ कार्यकर्ताओ से भेंट कर 26 अप्रैल को होने वाले मतदान को लेकर चर्चा की। इस दौरान मोदी जी से प्रभावित होकर ग्राम के वरिष्ठ कांग्रेसी सुंदरलाल साहू ने भाजपा प्रवेश करने की इच्छा जताई जिस पर भाजपाइयों ने केसरिये गमझे के साथ स्वागत कर प्रवेश दिलाया।

जगतरा स्थित एफसीआई गौदाम में मौजूद सैकड़ो श्रमिकों के साथ सुकमा जिले से आये भाजपा नेताओं ने बैठक कर बुजुर्ग श्रमिकों का सम्मान किया। इस दौरान सैकड़ो की संख्या में मौजूद श्रमिकों ने मोदी जी के नारों के साथ भाजपा के पक्ष में ही मतदान करने की बात कही। इस दौरान जिला भाजपा कोषाध्यक्ष लीलाधर राठी ने अपने सम्बोधन में कहा कि आज पूरे देश मे मोदी लहर है, हर कोई मोदी जी के 400 पार के विजन के साथ जुड़ना चाहता है ऐसे में कांकेर लोकसभा से भोजराज नाग को यहाँ से भारी मत देकर विजय बना कर दिल्ली भेजना है। श्री राठी ने कहा कि भाजपा प्रतियासी की सादगी जे सभी कायल है। उनके द्वारा आदिवासी हितों के लिए चलाए गए अभियान की भी प्रसंशा की।

**न्यायालय नायब तहसीलदार डोंगरगढ़, जिला-राजनांदगांव**

**ईश्तहार**

रा.प्र.क्र. 202404092100013-अ/6 (अ) वर्ष 2023-24

एतद सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक ह्यही ग्राम केसली तहसील डोंगरगढ़ जिला राजनांदगांव द्वारा ग्राम केसली पटवारी हल्का नं. 06 रा.नि.मं.मोहारा तहसील डोंगरगढ़ जिला राजनांदगांव में स्थित भूमि खसरा नं. 373 रकबा 1.028 कुल खसरा 01 कुल रकबा 1.028 हेक्टेयर भूमि आवेदक के नाम पर दर्ज है। उक्त भूमि का ऋण पुस्तिका कही गुम हो चुका है। उक्त भूमि का ऋण पुस्तिका कही गुम हो जाने के कारण आवेदक को शासकीय एवं अर्धशासकीय कार्य में परेशानी हो रही है। उक्त भूमि का डुप्लीकेट ऋण पुस्तिका प्रदाय किये जाने हेतु आवेदन पत्र मय बी-1, अदेय प्रमाण पत्र तथा प्रथम सूचना रिपोर्ट, चलान की मूल प्रति पेश किया गया है।

अतः उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को उजर व आपत्ति हो तो वह ईश्तहार प्रकाशन दिनांक 06/05/2024 के पूर्व स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से पेश कर सकते है। निर्धारित समयावधि बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेंगा।

आज दिनांक 09/04/2023 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर

नायब तहसीलदार
डोंगरगढ़

**न्यायालय तहसीलदार डोंगरगढ़ के न्यायालय में मामला क्रमांकः 202404092100047**

विषय -अ-6 अ मामले की श्रेणी- राजस्व सन् 2023-2024
छीरपानी ( प ह न. 00024 ),
पक्षकारों का विवरण -
आवेदक पक्षकार- परमेश्वरी देवी अग्रवाल,
अनावेदक पक्षकार- आम जनता,

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व सधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका परमेश्वरी देवी अग्रवाल पति स्व. गोविन्दलाल अग्रवाल, जाति अग्रवाल, निवासी वार्ड नंबर 10, नरसिंग वार्ड डोंगरगढ़ तहसील डोंगरगढ़ जिला राजनांदगांव (छ.ग.) द्वारा आवेदन पत्र पेश किया है कि आवेदिका नरसिंग वार्ड नंबर 10 डोंगरगढ़ तहसील डोंगरगढ़ जिला राजनांदगांव छ.ग. की स्थायी निवासी है। आवेदक के एकल स्वामित्व एवं आधिपत्य में ग्राम छिरपानी प.ह.नं. 14 तहसील डोंगरगढ़ जिला राजनांदगांव छ.ग. में कृषि भूमि खाता क्रमांक 190 खसरा नंबर 102/10 रकबा 0.0650 एकड़ भू राजस्व 0.800 रूपये है। उक्त भूमि के राजस्व अभिलेख बी-1 खसरा नक्शा में आवेदक का नाम सही अंकित है उसके पति गोविन्दलाल अग्रवाल अंकित होना था लेकिन राजस्व अभिलेख में पति के स्थान पर पिता त्रुटिपूर्ण अंकित हो गया है। अतः उक्त भूमि के राजस्व अभिलेखो में आवेदक के पिता विलोपित कर पति अंकित कर सभी राजस्व अभिलेख दुरूस्त किया जाना न्याय संगत है। उक्त भूमि खसरा नंबर 102/10 के राजस्व अभिलेखो से आवेदिका के ''पिता'' को विलोपित कर ''पति'' इन्द्राज किये जाने का आदेश पारित कर राजस्व अभिलेख में सुधार किये जाने का निवेदन किया गया है।

अतः उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को उजर व आपत्ति हो तो वह ईश्तहार प्रकाशन दिनांक 13.05.2024 तक या उसके पूर्व स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित समयावधि बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 15/04/2024 को जारी किया जाता है।

मुहर

तहसीलदार
डोंगरगढ़

# नागरिकों की पैतृक संपत्ति छीनना चाहती है कांग्रेस: बृजमोहन अग्रवाल



**रायपुर 25 अप्रैल।** स्कूल शिक्षा मंत्री और रायपुर लोकसभा प्रत्याशी बृजमोहन अग्रवाल ने कहा है कि कांग्रेस का देश की जनता को नया कानून बनाकर मनमाने तरीके से लूटने का खतरनाक मंसूबा कभी पूरा नहीं होगा। कांग्रेस पार्टी के खतरनाक इरादे एक के बाद एक खुलकर सामने आ रहे हैं। कभी राजीव गांधी के सलाहकार रहे आज राहुल गांधी के सलाहकार सैम पित्रोदा ने सरकार आने से पहले ही देश के मिडिल क्लास है, जो मेहनत करके कमाते हैं, उन पर मनमाना टैक्स लगाने और जनता की संपत्तियों को सरकारी तरीके से हड़पने की अपनी सोच को व्यक्त कर दिया है । सैम पित्रोदा का कहना है कि वो माता-पिता से मिलने वाली विरासत पर भी टैक्स लगाएगी। आप जो अपनी मेहनत से संपत्ति जुटाते हैं, वो आपके बच्चों को नहीं मिलेगी। वो भी कांग्रेस का पंजा आपसे छीन लेगा। ऐसे खतरनाक इरादे रखने वाली पार्टी को जनता ही सबक सिखाएगी

स्कूल शिक्षा मंत्री और रायपुर लोकसभा प्रत्याशी बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि कांग्रेस का मंत्र है वे आपसे छीन लेगा, आपको लूट लेगा। कांग्रेस का मंत्र है, जिंदगी के साथ भी, जिंदगी के बाद भी। जब तक आप जीवित रहेंगे, कांग्रेस आपको ज्यादा टैक्स से मारेगी लेकिन जब आप जीवित नहीं रहेंगे तो इनहेरिटेंट टैक्स का बोझ आपके बच?चों पर लाद देगी । जिन लोगों ने पूरी कांग्रेस पार्टी पैतृक संपत्ति मानकर अपने बच्चों को दे दी, वो नहीं चाहते कि सामान्य भारतीय अपने बच्चों को अपनी जीवन भर की कमाई से अर्जित संपत्ति दें। हमारा देश संस्कारों से, संस्कृति से उपभोक्तावादी देश नहीं है। हम संरक्षित, संवर्द्धन करने में विश्वास करते हैं, संरक्षित करने में विश्वास करते हैं। आज अगर हमारी प्रकृति बची है तो संस्कारों से बचा है। हमारे यहां घर में बूढ़े मां-बाप होंगे, दादा-दादी होंगे तो संभाल कर रखेंगी। खुद भी नहीं पहनेगी। वो सोचती है कि मेरी पोती की शादी होगी तो उसे देगी, नाती की शादी होगी कि उसे देगी। ये हमारे देश के लोगों का स्वभाव है। वो गर्व करके जिंदगी जीने में यकीन करते हैं। भारत के मूलभूत स्वभाव पर ये कांग्रेस पार्टी कड़ा प्रहार करने जा रही है।

स्कूल शिक्षा मंत्री और रायपुर लोकसभा प्रत्याशी बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि जो अच?छे नेता थे वे कांग्रेस छोडकर जा चुके हैं, । बचे लोग अपने आका को खुश करने के लिए देश की आम जनता की संपत्ति को लूटना चाहते हैं। आपके बच्चों का हक आज ही लूट लेना चाहते हैं। यह अभी की बात नहीं है, जितने साल देश में कांग्रेस की सरकार रही, जनता के हक का पैसा लूटा जाता रहा। लेकिन, भाजपा सरकार आने के बाद आप लोगों के हक का पैसा, आप लोगों पर खर्च हो रहा है।

स्कूल शिक्षा मंत्री और रायपुर लोकसभा प्रत्याशी बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि बाबा साहब अंबेडकर के नेतृत्व में यह तय किया गया था, कि भारत में धर्म के आधार पर आरक्षण नहीं होगा। आरक्षण होगा तो दलित, आदिवासियों भाइयों के नाम पर होगा, लेकिन वोट बैंक की भूखी कांग्रेस ने इन महापुरुषों की परवाह नहीं की। बाबा साहब अंबेडकर के शब्दों की परवाह नहीं की। कांग्रेस ने बहुत पहले आंध्र प्रदेश में धर्म के आधार पर आरक्षण देने का प्रयास किया।ज़ इ न लोगों ने धर्म के आधार पर 15 प्रतिशत आरक्षण की बात कही। और ये भी कहा कि, एससी, एसटी और ओबीसी का जो कोटा है, उसी में से कम करके धर्म के आधार पर कुछ लोगों को आरक्षण दिया जाए। 2009 में कांग्रेस ने यही इरादा भी जताया। 2014 के घोषणापत्र में भी कहा कि इसे नहीं छोड़ेंगे। भाजपा सरकार आई तो हमने संविधान के विरुद्ध, बाबा साहब के निर्णय के विरुद्ध जो निर्णय हुआ था, उसके अनुसार कांग्रेस के निर्णय को उखाड़ फेंका और दलितों, पिछड़ों को दिया।

## एक नजर

### निर्माणाधीन कार्यों को तय समय सीमा में पूरा करने के निर्देश

**रायपुर, 25 अप्रैल ।** रायपुर स्मार्ट सिटी के प्रबंध संचालक अविनाश मिश्रा ने आज समीक्षा बैठक लेकर स्मार्ट सिटी मिशन के तहत प्रगतिरत कार्यों की जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि निर्माणाधीन कार्यों का निरंतर पर्यवेक्षण करें एवं जून माह से पहले सभी प्रोजेक्ट पूर्ण कर लिया जाए। रायपुर स्मार्ट सिटी कार्यालय सभा कक्ष में आयोजित इस बैठक में उन्होंने मुख्य रूप से अंडरग्राउंड केबलिंग,24ङ्ग7 जलापूर्ति योजना,शास्त्री बाजार, मटन मार्केट, महाराजबंध,नरैया व खो-खो तालाब में निर्माणाधीन एसटीपी सहित अन्य प्रोजेक्ट की प्रगति की विस्तार से जानकारी लेकर जून माह की तय समय सीमा में निर्माण कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। इस दौरान बैठक में स्मार्ट सिटी के मुख्य परिचालन अधिकारी उज्जवल पोरवाल, महाप्रबंधक (ई. एंड टी.) पी.के. पंचायती, उप-महाप्रबंधक (वित्त) अमित शर्मा, डिप्टी मैनेजर अमित मिश्रा, मैनेजर (जी.आई.एस.) रंजीत रंजन,असिस्टेंट मैनेजर शुभम तिवारी,मती नेहा पटेल, योगेंद्र साहू सहित स्मार्ट सिटी के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

### कलेक्टर ने किया मतदान केंद्रों और एसएसटी पाइंट का निरीक्षण

**रायपुर , 25 अप्रैल।** लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. गौरव सिंह ने आरंग विधानसभा क्षेत्र के मतदान केंद्रों और एसएसटी पाइंट का निरीक्षण किया। इस अवसर पर एसडीएम श्री पुष्पेंद्र शर्मा, तहसीलदार श्री राजकुमार साहू, तहसीलदार श्रीमती सीता शुक्ला, श्रीमती श्रुति शर्मा मौजूद थे। कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह ने आरंग विधानसभा के ग्राम छतौना, परसदा-नवागांव, रसनी और आरंग के स्कूलों के मतदान केंद्र का निरीक्षण किया। इस दौरान कलेक्टर ने कहा कि मतदान केंद्रों में बुनियादी सुविधाएं सुनिश्चित की जाएं। उन्होंने कहा कि मतदान केंद्र में मतदाता प्रतिक्षा कक्ष चिन्हाकित किया जाएं और पेयजल, टॉयलेट, पंखा, आवाजाही के लिए पृथक-पृथक दरवाजे का होना सुनिश्चित करें। उन्होंने साथ ही एसएसटी पाइंट रसनी और पारा गाँव का निरीक्षण किया। वहां उपस्थित कर्मचारियों से बात की और उपलब्ध संसाधनों की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि सजगता से दिए जिम्मेदारियों का निर्वहन किया जाए और पॉइंट से गुजरने वाले सभी वाहनों की गंभीरता के साथ चेकिंग करने के निर्देश दिए। उल्लेखनीय है कि कलेक्टर डॉ गौरव सिंह के निर्देश पर एसएसटी पॉइंट पर कूलर और फ्रीज उपलब्ध कराएं गए है, ताकि ड्यूटी में तैनात कर्मचारियों को ठंडा पानी और गर्मी से बचने के लिए ठंडी हवा मिल सके। साथ ही फ्रिज में ओआरएस के पैकेट आवश्यक दवाईयां भी उपलब्ध कराए गए है, जिससे आवश्यकता पड़ने पर कर्मचारी तुरंत ही इस्तेमाल कर सकेंगे।

### स्कूली शिक्षा में सुधार के लिए शिक्षकों की बढ़ी जिम्मेदारी

**रायपुर 25 अप्रैल।** छत्तीसगढ़ के स्कूलों में शिक्षा के स्तर में सुधार के लिए नई शिक्षा नीति 2020 लागू की जा रही है. इसके लिए प्रत्येक शिक्षकों की साल भर में 50 घंटे की ट्रेनिंग होगी, इसके पहले पहले 25 घंटे की ट्रेनिंग दी जाती थी. अपर संचालक शिक्षा जेपी रथ ने लल्लूराम डॉट कॉम से चर्चा में बताया कि गुणात्मक सुधार के लिए नई शिक्षा नीति 2020 में सभी स्कूलों के सभी शिक्षकों 50 घंटे के ट्रेनिंग प्रोगाम में शामिल करना अनिवार्य किया गया है. इसमें शिक्षक द्वारा शासन के विभिन्न जरूरी कार्यों में दिए गए रचनात्मक समय को भी जोड़ा जा सकेगा, ताकि वह अधिक उत्साह से नवाचार और गुणवत्ता के लिए योगदान दे सके. नई नीति में यह उनकी पदोन्नति का भी आधार बन सकेगा. सीपीडी (सतत् व्यावसायिक प्रशिक्षण) के लागू होने से टीचर्स के एजुकेशन क्वालिटी में सुधार हो सकेगा व बच्चों तक गुणवत्ता शिक्षा उपलब्ध हो सकेगा.नेशनल एजुकेशन पॉलिसी लागू होने के बाद इसे अनिवार्य किया है. इसके पहले सभी स्कूलों के लिए 25 घंटे के ट्रेनिंग कोर्स चलाया जाता था, जो अक्सर अधिकतर स्कूल फॉलो नहीं करते थे. अब ट्रेनिंग का ऑनलाइन रिकॉर्ड तैयार होगा, जिससे भागीदारी करने वाले स्कूलों की डिटेल मिलती रहेगी. नेशनल एजुकेशन पॉलिसी 2020 के तहत हर स्कूल के टीचर्स को इसमें भागीदारी करना जरूरी होगा. सीबीएसई द्वारा भी एनआईपी के अनुसार यही प्रक्रिया अपनायी जा रही है.



**रायपुर 25 अप्रैल।** बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के प्रदेश संयोजक अंजय शुक्ल ने माना विमानतल पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का स्वागत किया। उन्होंने प्रदेश में लोकसभा चुनाव में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ टीम की भूमिका के बारे में विस्तार से बताया। प्रधानमंत्री मोदी ने छत्तीसगढ़ में भाजपा सरकार बनाने में बेटियों के योगदान (महतारी वंदन योजना) को सराहा।

# महादेव सट्टा एप: दो आरोपी 6 दिनों के लिए ईओडब्लू की रिमांड पर

**रायपुर, 25 अप्रैल।** महादेव सट्टा एप मामले में गिरफ्तार किये गये रितेश यादव और राहुल वकटे को कोर्ट ने 6 दिनों के लिए ईओडब्लू की रिमांड को सौंपा है। बुधवार को आरोपियों को कोर्ट में पेश किया गया था। मिली जानकारी के अनुसार छत्तीसगढ़ में चर्चित महादेव एप मामले में फरार दो बड़े आरोपियों को एसीबी की टीम ने गिरफ्तार किया है। आरोपी राहुल वकटे को टीम ने दिल्ली व रितेश यादव को गोंवा से पकड़ा है। अगस्त 2023 में चंद्रभूषण वर्मा की गिरफ्तारी के बाद से दोनों आरोपी फरार थे। जानकारी के मुताबिक, एसीबी मुख्यालय में दोनों आरोपी पर 120 बी, 34, 420, 467, 467, 471 भादंवि व धारा 7,11 भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम 2018 के तहत अपराध दर्ज है। एसीबी की टीम लगातार दोनों आरोपियों की पता तलाशी कर रही थी। इसी बीच एसीबी की टीम को राहुल वकटे के दिल्ली व रितेश के गोंवा में छुपे होने की सूचना मिली। टीम ने बीना कोई देरी किए दोनों आरोपियों को लोकेट किया। दोनों पिछले आठ माह से वहां छुपे हुए थे। दोनों से पूछताछ में पता चला कि राहुल वकटे हवाला के जरिये ही पैसे प्राप्त कर चन्द्रभूषण वर्मा सतीश वर्मा तक पहुंचाता था। दूसरा आरोपी रितेश यादव पुणे में महादेव एप सट्टा का पैनल संचालन करता था। जांच में ये भी पता चला है कि राहुल वकटे के नाम से 3 रजिसटर्ड फर्म भी है, जिसमें बड़ी मात्रा में आरोपियों द्वारा कैश जमा करवाया जाता था। एसीबी की टीम ने हवाला के 43 लाख रूपए फ्रीज कराया गया है। बता दें कि रितेश यादव पुणे में महादेव सटटा ऐप का संचालन कर रहा था। इस मामले में पुणे पुलिस के सहयोग से रेड कार्रवाई की गई थी। टीम ने इस दौरान आठ आरोपियो को पकड़ा था। बुधवार को दोनों आरापियों को कोर्ट में पेश किया गया था। जहां दोनों को 30 अप्रैल तक ईओडब्ल्यू की रिमांड पर भेजा गया है। अब ईओडब्ल्यू दोनों आरोपियों से पूछताछ करेगी।

# जोरा में हनुमान जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया



**रायपुर 25 अप्रैल।** 23 अप्रैल को श्री साईं दर्शन आवासीय समिति ज़ोरा में महापर्व श्री हनुमान जन्मोत्सव का भव्य आयोजन अध्यक्ष श्री अमित सिंह के नेतृत्व में किया गया। प्रभु श्री हनुमान के प्राकट्य दिवस समस्त कॉलोनी वासियों ने बड़े ही हर्षोल्लास और धूमधाम से मनाया। कॉलोनी वासियों ने भाव विभोर होकर सुंदरकाण्ड और हनुमान चालीसा का पाठ किया और मंगल भविष्य की कामना की। महा आरती के बाद प्रसाद वितरण और विशाल भण्डारा किया गया। इस पावन अवसर पर कॉलोनी समिति के समस्त पदाधिकारी, कार्यकारिणी सदस्य एवं विशेष आमंत्रित सदस्य भी उपस्थित रहे और अपनी सहभागिता निभाई।

# साधराम हत्याकांड की जांच करेगी एनआईए

■ राज्य में अब सीबीआई, एनआईए की एंट्री

**रायपुर, 25 अप्रैल।** छत्तीसगढ़ सरकार ने केंद्रीय गृह सचिव को कबीरधाम ज़िले में हुए साधराम हत्याकांड की जांच एनआईए से कराने के लिए आग्रह पत्र भेज दिया है। यह पत्र राज्य सरकार ने 24 अप्रैल को भेजा है। कबीरधाम ज़िले के लालपुर कला में 21 जनवरी की सुबह क़रीब साढ़े सात बजे साधराम यादव का शव बरामद हुआ था। साधराम का गला रेता गया था।पुलिस ने मामले की जांच करते हुए अयाज़ खान, इदरिस खान, सोफ़ियान क़ुरैशी, अब्दुल मेहताब खान, शेख रफ़ीक और एक नाबालिग को हत्या के आरोप में गिरफ़्तार किया। पुलिस जब आरोपियों से हत्या की वजह को समझने की क़वायद कर रही थी तब आरोपियों के मोबाइल से कश्मीर से जुड़े संदिग्ध नंबर बरामद हुए। पुलिस ने विवेचना में यह पाया कि, आरोपियों की आवाजाही कश्मीर में भी थी।

कबीरधाम पुलिस,इस मामले में पूछताछ और अन्य तथ्यों के आधार पर हत्या को लेकर इस निष्कर्ष पर आई है कि,यह मसला अयोध्या में राम लला मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा समारोह से जुड़ा हुआ था। कबीरधाम एसपी डॉ अभिषेक पल्लव ने घटना को लेकर बताया - 22 जनवरी को अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा होनी थी, साधराम की गला रेत कर हत्या हिंदू समुदाय के लोगों को भयभीत करने के लिए और आस्था को तोड़ने के लिए की गई थी। 20-21 अप्रैल की दरमियानी हुई हत्या के मामले में कबीरधाम पुलिस ने आरोपियों के मोबाइल तथा अन्य अभिलेखों की जाँच के बाद इस मामले की पृष्ठभूमि में कथित आतंकी और अतिवादी मुस्लिम संगठनों की संलिप्तता को देखते हुए इस मामले में 17 फ़रवरी को यूएपीए की धारा 16 जोड़ दी।यूएपीए की यह धारा जुड़ते ही संकेत साफ़हो गए थे कि, देर सबेर इस मामले में एनआईए की एंट्री होगी।

साधराम यादव हत्याकांड से आक्रोशित परिजनों की सीएम साय से मुलाक़ात क्षेत्रीय विधायक और गृहमंत्री विजय शर्मा ने कराई थी। सीएम विष्णु देव ने परिजनों की माँग पर एनआईए से जाँच कराने का आश्वासन दिया था। सीएम साय ने 28 फ़रवरी को एनआईए से जाँच कराए जाने का ऐलान किया था। इस घोषणा के परिपालन में राज्य सरकार ने 24 अप्रैल को केंद्रीय गृह मंत्रालय को एनआईए जाँच के लिए आग्रह पत्र भेज दिया है।

## वेदांता ने ऑटो उद्योग के लिए एल्युमीनियम रेंज पेश किया

**रायपुर 25 अप्रैल।** वेदांता एल्युमीनियम, भारत के सबसे बड़े एल्युमीनियम उत्पादक ने नई दिल्ली में ऑटोमोटिव सेक्टर के लिए 'ऑटोएज 2024' एक इंडस्ट्री कन्लेव का आयोजन किया। आधुनिक परिवहन में एल्युमीनियम का विभिन्न रूपों में बुनियादी महत्व है। यह ऑटोमोटिव के उत्पादन में एक महत्वपूर्ण कच्चा माल है। इस अवसर पर इस सेक्टर के भावी रोडमैप और इसके अंदर बड़े बदलाव में एल्यूमीनियम की भूमिका पर विशेषज्ञों के मार्गदर्शन में कई सत्र आयोजित किए गए। यह प्रतिभागियों के लिए सहयोग के नए क्षेत्रों को जानने का भी बड़ा अवसर था। टॉप ऑटोमोटिव वाहन निर्माताओं और अनिवार्य कम्पोनेंट निर्माताओं ने इसमें भाग लिया। एल्युमीनियम हल्के वजन का धातु है जिसमें कई विशिष्ट गुण हैं जैसे अधिक कम वजन में अधिक मजबूत, उत्कृष्ट विद्युत चालक, जंग से बचने और पुनर्चक्रण की क्षमता शामिल है। इन गुणों की वजह से यह तेजी से बढ़ते ऑटोमोटिव सेक्टर के कई उपयोगों के लिए चुना जाता है। इस सेक्टर से वित्त वर्ष 2031 तक भारत के सकल घरेलू उत्पाद में लगभग 15 प्रतिशत योगदान की उम्मीद है। आंतरिक दहन (आईसी) इंजन वाले एक वाहन में औसत लगभग 180 किलोग्राम एल्यूमीनियम होता है जबकि एक इलेक्ट्रिक वाहन में लगभग 260 किलोग्राम एल्यूमीनियम लगता है।




# प्रदेश प्रभारी आकाश चौधरी की मौजूदगी में एनएसयूआई ने खोली मोहब्बत की दुकान





■ छात्रों से संवाद कर कांग्रेस पार्टी के 5 न्याय गारंटियों को बताया

**रायपुर 25 अप्रैल।** प्रदेश प्रभारी आकाश चौधरी 4 दिवसीय प्रदेश दौरे पर आए हैं, उनकी उपस्थिति में पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय एनएसयूआई इकाई द्वारा विश्वविद्यालय गेट के सामने स्टाल लगाकर मोहब्बत की दुकान खोली। जिसमें छात्रों से संवाद कर कांग्रेस की 5 गारंटियों पर चर्चा की और कांग्रेस को वोट देने की अपील की। एनएसयूआई प्रदेश प्रभारी आकाश चौधरी ने कहा कि कांग्रेस पार्टी के मैनिफेस्टो से युवाओं और छात्रों में उत्साह दिख रहा है। भाजपा के 10 साल के कुशासन और गलत नीतियों से छात्र अब त्रस्त हो चुके हैं। पिछले 10 वर्षो में भाजपा ने युवाओं को केवल गुमराह करने का काम किया है। युवा वर्ग अब भाजपा को जवाब देंगे और देश में कांग्रेस पार्टी की सरकार बनेगी। कांग्रेस पार्टी ने जो 5 न्याय और 25 गारंटी की घोषणा की है, वह देशहित में बहुत ही लाभदायक घोषणाएं है। आम जनता के साथ छात्रों और युवाओं को इन गारंटियों पर पूर्ण विश्वास है। कार्यक्रम में प्रदेश महासचिव व रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय प्रभारी निखिल वंजारी, ज़िला अध्यक्ष प्रशांत गोस्वामी, प्रदेश सचिव विशाल कुकरेजा, प्रदेश सचिव विकास राजपूताना, ज़िला उपाध्यक्ष वैभव मुजेवार, ज़िला उपाध्यक्ष प्रशांत चंद्राकर, अंकित शर्मा, अनुज शुक्ला, आलोक सिंह, रजत ठाकुर, मुंसाद, प्रियांशु सिंह, प्रतीक, विनायक तिवारी, सेवा साहू, अनिल सहित अन्य छात्र उपस्थित हुए।

# विप्र कॉलेज के विद्यार्थियों ने चलाया मतदाता जागरूकता अभियान



**रायपुर 25 अप्रैल।** छत्तीसगढ़ युवा विकास संगठन संचालित विप्र कला, वाणिज्य एवं शारीरिक शिक्षा महाविद्यालय में शिक्षा विभाग के विद्यार्थियों और प्राध्यापको ने मतदाता जागरूकता अभियान द्वारा नागरिकों को 7 मई को मतदान करने के लिए प्रोत्साहित किया। विद्यार्थियों ने पोस्टर और नारों के माध्यम से महाविद्यालय से जुड़े डूमर तालाब कुकुरबेड़ा बस्ती के नागरिकों को मतदान का महत्व समझाया । विप्र कॉलेज के विद्यार्थियों ने लोकतंत्र की यही पुकार, मत खोना अपना मत अधिकार, जन-जन को जागरूक और शिक्षित बनाना है, सही नेता चुनने के लिए मतदाता को जगाना है ,बनो देश के भाग्य विधाता ,अब जागो प्यारे मतदाता, मतदान करना आपका धर्म है ,लोकतंत्र का यह सबसे बड़ा पर्व है, चाहे नर हो या नारी ,मतदान है सबकी जिम्मेदारी। पोस्टर पर लिखे ये स्लोगन ने नागरिकों को विचार करने पर मजबूर किया और सभी ने 7 मई को मतदान करने का संकल्प लिया। इसके पूर्व प्राचार्य डॉ. मेघेश तिवारी ने अभियान का शुभारंभ करते हुए कहा कि विद्यार्थीयों ने मतदाता जागरूकता अभियान के माध्यम से अधिकार और कर्तव्यों को समझाने का प्रयास किया है।ऐसे आयोजनों से आज की युवा जिम्मेदार नागरिक बनने की दिशा में अग्रसर होते हैं। समस्त प्राध्यापकों सहित बड़ी संख्या में विद्यार्थियों ने अभियान में हिस्सा लिया।

# राजनांदगांव, महासमुंद और कांकेर लोकसभा में मतदान 26 को

■ 52 लाख से ज्यादा वोटर चुनेंगे सांसद, इस बार 7 फीसदी बढ़े मतदाता




**रायपुर 25 अप्रैल।** राजनांदगांव, महासमुंद और कांकेर लोकसभा में 26 अप्रैल को मतदान होना है. तीनों लोकसभा क्षेत्रों में चुनाव की तैयारी पूरी हो गई है. राजनांदगांव लोकसभा में 15, महासमुंद में 17 और कांकेर में 9 प्रत्याशी मैदान में हैं. शांतिपूर्ण चुनाव के लिए 222 कंपनियां सुरक्षा में तैनात हैं. प्रेस कांफ्रेस में मुख्य निर्वाचन आयोग पदाधिकारी रीना बाबा कंगाले ने बताया, द्वितीय चरण के लिए 26268 मतदान कर्मियों की ड्यूटी लगाई गई है. वहीं 6639 मतदान कर्मी रिजर्व रखे गए हैं. प्रत्येक 2 घंटे में मतदान प्रतिशत को जानकारी दी जाएगी. कांकेर लोकसभा क्षेत्र के कांकेर, भानुप्रतापपुर, केशकाल और अंतागढ़ विधानसभा क्षेत्र में सुबह 7 से दोपहर 3 बजे तक मतदान होगा. राजनांदगांव लोकसभा क्षेत्र के मोहला मानपुर विधानसभा क्षेत्र में सुबह 7 बजे से दोपहर 3 बजे तक मतदान होगा. वहीं महासमुंद लोकसभा क्षेत्र के बिन्द्रानवागढ़ विधानसभा क्षेत्र के 9 मतदान केंद्रों में सुबह 7 से दोपहर 3 बजे तक मतदान होगा. बाकी क्षेत्रों के मतदान केंद्रों में सुबह 7 से शाम 6 बजे तक मतदान का समय निर्धारित किया गया है. रीना कंगाले ने बताया, राजनांदगांव में कुल 2330 मतदान केंद्र, महासमुंद में 2147 और कांकेर लोकसभा में 2090 मतदान केंद्र बनाए गए हैं. तीन लोकसभा क्षेत्र में 24 विधानसभा क्षेत्र शामिल हैं. प्रेस कांफ्रेस में मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रीना बाबा साहेब कंगाले ने बताया, दूसरे चरण में टोटल 6567 मतदान केंद्र हैं. 330 संगवारी मतदान केंद्र बनाए गए हैं. 117 मतदान केंद्र युवाओं द्वारा संचालित होगा. 130 आदर्श मतदान केंद्र बनाए गए हैं. सात प्रतिशत मतदाता की वृद्धि हुई है।

**तीन लोकसभा क्षेत्रों में मतदाताओं की संख्या**

| | |
|---|---|
| कुल मतदाता | - 52,84,938 |
| पुरुष मतदाता | - 26, 05,350 |
| महिला मतदाता | - 26,79,528 |
| थर्ड जेंडर | - 60 |

18 से 19 आयु वर्ग के मतदाता- 1,62,624




कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरूण छत्तीसगढ़, तरूण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26